लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -331, पृष्ठ -18+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 19 : 02 | कानपुर, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...16

पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे पहलवान : योगेश्वर

नई दिल्ली, एजेंसी

लंदन ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता योगेश्वर दत्त को पूरा भरोसा है कि कुश्ती पेरिस ओलंपिक में भारत को एक बार फिर पदक दिलाएगी और अगर पहलवानों को पसंदीदा ड्रा मिला तो यह संख्या एक से अधिक हो सकती है। भारत का छह सदस्यीय कुश्ती दल पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेगा जहां उनकी स्पर्धा पांच अगस्त से शुरू होगी।

पुरुष वर्ग में केवल अमन सेहरावत (57 किग्रा) ही क्वालीफाई कर पाये, लेकिन महिलाओं ने छह में से पांच ओलंपिक भार वर्गों में क्वालीफाई करके दमदार प्रदर्शन किया। सूची में केवल 62 किग्रा में ही भारतीय महिला पहलवान नहीं है। भारत ने 2008 बीजिंग खेलों के बाद से कुश्ती में लगातार पदक जीते हैं जिसमें दिग्गज सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीतकर शुरूआत की थी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के एक कार्यक्रम के इतर योगेश्वर दत्त ने कहा, बहुत कुछ ड्रा पर निर्भर करेगा। अगर भारत को अनुकूल ड्रा मिलता है तो मुझे तीन पदक की उम्मीद है। पिछले लगातार चार ओलंपिक में हमें कुश्ती से पदक मिले हैं। इसलिए मैं उम्मीद करता हूं कि लगातार पांचवीं बार कुश्ती देश के लिए पदक लेकर आये। मैं सभी पहलवानों को शुभकामनाएं देता हूं। मुझे लगता है कि वे अच्छी तरह से तैयार हैं। हॉकी के बाद कुश्ती ने भारत को सबसे ज्यादा पदक दिलाए हैं। इसने सभी अन्य ओलंपिक खेलों की तुलना में सात पदक दिलाए हैं। इसमें कोई शक नहीं कि कुश्ती भारत के लिए नंबर एक व्यक्तिगत ओलंपिक खेल है।

पीसीबी का तीन खिलाड़ियों को एनओसी देने से इंकार

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने व्यस्त कार्यक्रम का हवाला देते हुए कनाडा में होने वाले ग्लोबल टी-20 टूर्नामेंट के लिए शाहीन शाह अफरीदी, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) देने से इनकार कर दिया है। पीसीबी ने कहा कि उसने तीनों खिलाड़ियों और चयन समिति से परामर्श करने के बाद एनओसी नहीं जारी करने का फैसला किया है। इससे पहले पिछले सप्ताह पीसीबी नेद हंड्रेड खेलने के लिए नसीम शाह के एनओसी देने से इंकार कर दिया था। पीसीबी ने कहा, यह याद रखना चाहिए कि अगस्त 2024 और मार्च 2025 के बीच पाकिस्तान क्रिकेट टीम को आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के नौ टेस्ट, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 14 एकदिवसीय और नौ टी-20 खेलने हैं। तीनों क्रिकेटर तीनों प्रारूपों में खेलते हैं और पाकिस्तान को अगले आठ महीनों में उनकी सेवाओं की आवश्यकता होगी। पिछले वर्ष पीसीबी और खिलाड़ियों ने तीन साल के केंद्रीय अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन्हें प्रति वर्ष दो विदेशी फ्रेंचाइज प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति है बशर्ते कि अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम आपस में ना टकराए।

पिता की सलाह पर अपनाई कुश्ती : रीतिका

अपने कोच मनदीप के साथ रितिका हुड्डा। ● एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुश्ती में पदक लाने की है उम्मीद, बचपन में हैंडबॉल खिलाड़ी रहीं हैं रीतिका हुड्डा

पिता की सलाह पर कुश्ती को अपनाने वाली रीतिका हुड्डा महिला हैवीवेट (76 किग्रा) भार वर्ग में भारत की पहली ओलंपिक क्वालीफायर बनने के बाद अगले सप्ताह से पेरिस में शुरू हो रहे खेलों में पदक का दबाव लिए बिना अपनी तैयारियों को पुख्ता कर रही है। किस्मत पर भरोसा करने वाली रीतिका उन चीजों (कड़ी मेहनत) को पूरे जी-जान से करना चाहती है जो उनके हाथ में है।

रोहतक की 22 साल की इस पहलवान के लिए कुश्ती पहली पसंद नहीं थी। रीतिका बचपन में हैंडबॉल खेलती थी और यहां तक कि जूनियर राष्ट्रीय स्तर पर वह राज्य टीम में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने राज्य टीम में जगह बनाने की खुशी को जब अपने परिवार के साथ साझा किया तो उनके पिता ने उनसे टीम खेल के बजाय व्यक्तिगत खेल चुनने का सुझाव दिया। इसके बाद रीतिका की कुश्ती की यात्रा की शुरुआत 2015 में हुई। उन्होंने साक्षात्कार में कहा, मेरे पिता मुझे छोटू राम अखाड़े में ले गए। मेरे कोच मनदीप ने मुझे एक खास आक्रमण करने के लिए कहा और वह मेरे प्रदर्शन से खुश थे, इसलिए उन्होंने मुझे इसमें ले लिया। मेरे लिए अब कुश्ती ही सब कुछ है। मैं कुश्ती के बारे में सोचती हूं, उसी के सपने देखती हूं।

रीतिका की मां नीलम ने बताया उनके पिता जगबीर चाहते थे कि उनकी बेटी व्यक्तिगत खेल चुने। नीलम ने कहा उसे राज्य हैंडबॉल टीम के गोलकीपर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए चुना था। उसने अपने चयन के बारे में बताया। उसके पिता ने पूछा कि क्या वह वास्तव में खेल को गंभीरता से लेना चाहती है और जब रीतिका ने हां में सिर हिलाया, तो उन्होंने कहा कि तुम्हें कोई व्यक्तिगत खेल खेलना चाहिए। नीलम ने कहा तब जगबीर ने रीतिका से उसका पसंदीदा खेल पूछा और उसने जूडो और कबड्डी का जिक्र किया लेकिन उसके पिता ने उसे कुश्ती खेलने का सुझाव दिया और वह मान गई। रीतिका को 15 अगस्त 2015 को अखाड़े में नामांकित किया गया था। रीतिका ने कहा, मैं पूरी मेहनत कर रही हूं।

खेल डायरी

एसओ भारत ने गोथिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

नई दिल्ली। विशेष ओलंपिक भारत (एसओ भारत) फुटबॉल टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वीडन के गोटेनबर्ग में गोथिया कप चैंपियन बनी। यह प्रतियोगिता 14 से 18 जुलाई तक आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में पदार्पण करने वाली भारतीय टीम ने ग्रुप में अजेय रहते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। बौद्धिक रूप से कम विकसित खिलाड़ियों की एसओ भारत ने एसओ फिनलैंड के खिलाफ अपना पहला ग्रुप मैच 3-0 से जीता और इसके बाद एसओ जर्मनी पर 6-0 की बड़ी जीत दर्ज की। भारतीय टीम ने हांगकांग को 6-0 से हराया और फिर एसओ डेनमार्क के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। रोमांचक फाइनल में एसओ भारत ने एसओ डेनमार्क को 4-3 से मात दी। केरल के रहने वाले मुहम्मद शहीर ने टूर्नामेंट में सात गोल किये जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा गोल हैं।

भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने मनोलो

नई दिल्ली। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) टीम एफसी गोवा के वर्तमान प्रभारी स्पेन के मनोलो मार्केज को शनिवार को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। वह बर्खास्त इगोर स्टिमक की जगह लेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति की शनिवार को यहां हुई बैठक में 55 साल के मार्केज को शीर्ष पद के लिए नियुक्त किया। मार्केज वर्तमान में आईएसएस मुंबई के खिलाड़ियों ने राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस में जीते 17 पदक टीम एफसी गोवा के मुख्य कोच हैं। एआईएफएफ ने कहा समिति ने दिन के पहले फैसले में सीनियर पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए नए मुख्य कोच की नियुक्ति पर विचार-विमर्श किया और तत्काल प्रभाव से इस पद के लिए मनोलो मार्केज का चयन किया। भारतीय टीम के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में असफल रहने के बाद स्टिमक को 17 जून को मुख्य कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

मुंबई के खिलाड़ियों ने टेबल टेनिस में जीते 17 पदक

मुंबई। उपनगरीय टेबल टेनिस संघ (टीएसटीटीए) के मुंबई के खिलाड़ियों ने यहां महाराष्ट्र राज्य रैंकिंग टूर्नामेंट के शुरूआती चरण में सात स्वर्ण सहित 17 पदक अपनी झोली में डाले। चिन्मय सोमेया और रीथ रिष्या ने क्रमश: पुरुष और महिला एकल खिताब जीता जबकि शारवेया सामंत और आन्या चांदे ने लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 एकल खिताब प्राप्त किए। अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का खिताब ध्रुव शाह ने जीता। संघ के चार खिलाड़ियों ने महिलाओं के ड्रा में पदक जीते जिसमें रिष्या ने फाइनल में मधुरिका पाटकर को मात दी। सम्पदा भिवांडकर और मनुश्री पाटिल को सेमीफाइनल में हारकर कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अंडर-19 बालिका फाइनल में आन्या चांदे ने साथी वैष्णवी जायसवाल को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए है आईसीसी

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा है कि वह बांग्लादेश में सुरक्षा हालात पर नजर रखे हुए हैं जहां अक्टूबर में महिला टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश पुलिस ने सरकारी नौकरियों में कोटा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के प्रदर्शन के बाद हिंसा की घटनाओं को लेकर ढाका में कर्फ्यू लगा दिया है और सैन्यबल ने भी गश्त की है। आईसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने बताया हम दुनिया भर में स्वतंत्री सुरक्षा समीक्षा करते हैं। बांग्लादेश में भी हालात पर नजर रखे हुए हैं। महिला टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है जिसने छह बार खिताब जीता है। इंग्लैंड और वेस्टइंडीज ने एक एक बार खिताब अपने नाम किया है।

International Cricket Council

बेटी की कमी खलेगी, पर पदक ज्यादा जरूरी : दीपिका

भारतीय तीरंदाज 19 माह की बेटी को घर छोड़कर देश का मान बढ़ाने को पहुंची पेरिस, बोलीं- मानसिक दबाव तो है

PARIS 2024 — ओलंपिक 5 दिन शेष

पेरिस (फ्रांस), एजेंसी

अगले सप्ताह शुरू हो रहे ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार दीपिका कुमारी को अपनी 19 महीने की बेटी की कमी यहां खल रही है लेकिन इस भारतीय तीरंदाज के लिए दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित खेल आयोजन में पदक के सपने को पूरा करने के सामने यह बहुत छोटा सा त्याग है। दीपिका चौथी बार ओलंपिक खेलों में हिस्सा ले रही है लेकिन उन्हें अब भी इन खेलों में अपने पहले पदक का इंतजार है। दीपिका को बेटी से दूर रहने की निराशा है लेकिन ओलंपिक पदक के सामने उन्हें इससे कोई शिकायत नहीं है।

दीपिका ने साक्षात्कार में कहा अपनी बेटी से दूर होने के दर्द को बयां करना मुश्किल है लेकिन यह उस चीज को हासिल करने के बारे में भी है जिसके लिए हम इतने वर्षों से लगातार मेहनत कर रहे हैं। दीपिका ओलंपिक की तैयारियों के लिए लगभग दो महीने तक बेटी से दूर रही। पेरिस के लिए उड़ान भरने से पहले पुणे के सेना खेल संस्थान में वह कुछ समय के लिए अपने पति तीरंदाज अतनु दास और अपनी बेटी के साथ रही। मुझे उसकी काफी कमी खलती है, लेकिन इसमें कुछ नहीं कर सकते है। दीपिका ने हालांकि हिम्मत नहीं हारी और कड़ी मेहनत के साथ पिछले साल गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर वापसी की। उन्होंने इसके बाद कोरिया के दिग्गज कोच किम ह्युंग-टाक की देखरेख में अभ्यास करने का फैसला किया। तोक्यो ओलंपिक में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय करने वाली दीपिका ने पेरिस में कई यादगार परिणाम हासिल किए है।

पेरिस ओलंपिक 2024 में होने वाली स्पर्धाओं का कार्यक्रम

- **25 जुलाई :** महिला तीरंदाजी- अपराह्न एक बजे से, पुरुष वर्ग में शाम 4.45 बजे।
- **26 जुलाई :** उद्घाटन समारोह रात 11 बजे से।
- **27 जुलाई :** नौकायन (पुरुष एकल), निशानेबाजी (एयर राइफल)- अपराह्न 12.30 बजे से, बैडमिंटन (एकल महिला)- अपराह्न 12.50 बजे से, टेनिस (पुरुष) टेबल टेनिस, मुक्केबाजी, पुरुष हॉकी- भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच।
- **28 जुलाई :** बैडमिंटन (महिला)- अपराह्न 12 बजे से, निशानेबाजी (एयर पिस्टल)- दोपहर 12.45 बजे में, तीरंदाजी (महिला)- दोपहर एक बजे से, नौकायन (पुरुष एकल), टेबल टेनिस, मुक्केबाजी (50 किग्रा)- दोपहर 3.50 से, टेनिस।
- **29 जुलाई :** निशानेबाजी (एयर राइफल)- दोपहर 12.30 से, 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन अपराह्न 12.45 बजे, 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल (अपराह्न एक बजे), 10 मीटर एयर राइफल पुरुष फाइनल (अपराह्न 3.30 बजे) तीरंदाजी (पुरुष) - दोपहर एक बजे से बैडमिंटन, हॉकी(भारत अर्जेंटीना)- शाम 4.15 से, नौकायन (पुरुष एकल सेमीफाइनल), टेबल टेनिस राउंड 64 टेनिस, तैराकी।
- **30 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप)- अपराह्न एक बजे से, टेबल टेनिस, नौकायन, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, घुड़सवारी, टेनिस, तीरंदाजी व्यक्तिगत, हॉकी (भारत आयरलैंड)- शाम 4.45 से।
- **31 जुलाई :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 से, निशानेबाजी (ट्रैप फाइनल)- अपराह्न 12.30 बजे से, नौकायन, घुड़सवारी टेबल टेनिस- राउंड 16, मुक्केबाजी (75 किग्रा)- दोपहर 3 बजे से, तीरंदाजी राउंड 32- दोपहर 3.30 बजे से, टेनिस सेमीफाइनल- दोपहर 3.30 बजे से।
- **1 अगस्त :** 20 किमी रेस बॉक, बैडमिंटन अंतिम- 8 अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, तीरंदाजी, निशानेबाजी (50 मी राइफल)- दोपहर एक बजे से, हॉकी (भारत बेल्जियम)- दोपहर 1.30 बजे से, मुक्केबाज, टेबल टेनिस, टेनिस।
- **2 अगस्त :** बैडमिंटन- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी (50 मी राइफाल)- दोपहर एक बजे से तीरंदाजी (मिश्रित)- दोपहर एक बजे से ,जुडो, टेबल टेनिस ,टेनिस, नौकायन, हॉकी (भारत ऑस्ट्रेलिया)- शाम 6,45 से, 5000 मीटर (महिला) गोला फेंक।
- **3 अगस्त :** बैडमिंटन (युगल)- अपराह्न 12 से, गोल्फ, नौकायन, निशानेबाजी, तीरंदाजी (महिला)- अपराह्न एक बजे से, नौकायन, टेबल टेनिस, मुक्केबाजी।
- **4 अगस्त :** बैडमिंटन (अंतिम-4)- अपराह्न 12 बजे से, गोल्फ, निशानेबाजी (स्कीट)- दोपहर 12.30 बजे से तीरंदाजी, घुड़सवारी, हॉकी क्वार्टर फाइनल- अपराह्न 1.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपलवेज (महिला),लंबी कूद- अपराह्न 2.30 बजे से, मुक्केबाजी (अंतिम-8)- दोपहर 2.30 बजे से, नौकायन।
- **5 अगस्त :** निशानेबाजी (25 मी पिस्टल)- अपराह्न एक बजे से बैडमिंटन- दोपहर 1.15 से, टेबल टेनिस, नौकायन 400 मीटर (महिला), कुश्ती (68 किग्रा)- शाम 6.30 बजे से, 3000 मीटर स्टीपल चेज (पुरुष)- रात 10.35 बजे से 5000 मीटर महिलाएं।
- **6 अगस्त :** भाला फेंक रैंकिंग (पुरुष)- दोपहर 1.50 बजे से, कुश्ती (50 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से, 400 मीटर नौकायन, टेबल टेनिस, हॉकी (सेमीफाइनल)- शाम 5.30 बजे से, लंबी कूद- रात 11.50 बजे से, मुक्केबाजी।
- **7 अगस्त :** पैदल चाल मिश्रित रिले- सुबह 11 बजे से, नौकायन, गोल्फ- सुबह 12.30 बजे से, टेबल टेनिस, ऊंची कूद (पुरुष)100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 1.45 बजे से, भाला फेंक रैंकिंग (महिला), कुश्ती (महिला)- दोपहर 2.30 बजे से ट्रिपल जंप (पुरुष), भारोत्तोलन (महिला)- रात 11 बजे से, 400 मीटर (महिला), 3000 मीटर स्टीपलचेज फाइनल (पुरुष)- देर रात 1.10 बजे से।
- **8 अगस्त :** गोला फेंक महिला, टेबल टेनिस- दोपहर 1.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- दोपहर 2.05 बजे से, कुश्ती (53 किग्रा)- सुबह 2.30 बजे से हॉकी (गोल्ड मेडल)- शाम 5.30 बजे से, भाला फेंक फाइनल (पुरुष)- रात 11.55 बजे से, मुक्केबाजी।
- **9 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस, 4गुणा400 रिले (महिला)- अपराह्न 2.10 बजे से, 4गुणा400 रिले (पुरुष)- अपराह्न 2.35 बजे से, कुश्ती (57 किग्रा)- अपराह्न 2.30 बजे से, 100 मीटर हर्डल्स- अपराह्न 3.35 बजे से, गोला फेंक (फाइनल), 400 मीटर रेस (महिला), ट्रिपल जंप फाइनल (पुरुष), मुक्केबाजी (50 किग्रा)- देर रात एक बजे से।
- **10 अगस्त :** गोल्फ, टेबल टेनिस (कांस्य पदक), गोल्फ फाइनल- अपराह्न 12.30 से, कुश्ती (76 किग्रा)- अपराह्न तीन बजे से, ऊंची (पुरुष)- रात 10.40 बजे में, भाला फेंक (महिला), 100 मीटर हर्डल्स- रात 11.15 बजे से, 4 गुणा 400 रिले (पुरुष-महिला) का फाइनल- रात 12.40 बजे से, मुक्केबाजी (57 किग्रा) देर रात एक बजे से।
- **11 अगस्त :** कुश्ती (76 किग्रा)- दोपहर 2.30 बजे से शुरू होगा।

एक्रीडिटेशन नहीं मिलने पर भारत के तीरंदाजी कोच नाराज

पेरिस, एजेसी

पेरिस खेलों के लिए एक्रीडिटेशन नहीं मिलने से नाराज भारत के कोरियाई तीरंदाजी कोच बाएक वूंग की ने शनिवार को कहा कि 30 अगस्त को उनका अनुबंध खत्म हो जाएगा जिसके बाद वह इस पद पर जारी नहीं रहेंगे। साथ ही उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खराब प्रशासन की आलोचना की।

मार्सिले में भारतीय टीम की तैयारी की देखरेख के बाद फ्रांस की राजधानी पहुंचे वूंग की ने कहा कि उन्हें महत्वपूर्ण समय पर ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया और अब वह वापसी की टिकट बुक किए जाने के बाद भारत लौटेंगे। 61 वर्षीय कोच ने कहा, मैं एक कोरियाई कोच हूं और मैंने पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय तीरंदाजों की तैयारी के लिए अनुबंध किया था, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण समय पर मुझे ओलंपिक कोचिंग की भूमिका से हटा दिया गया और मेरे उड़ान कार्यक्रम ने मुझे घर लौटने की जानकारी दी। वह पेरिस के एक होटल में ठहरे हुए हैं और ओलंपिक के लिए अपने 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता कार्ड) का इंतजार कर रहे हैं। मेरा अनुबंध 30 अगस्त तक है और मैंने ओलंपिक के लिए ही इस करार पर हस्ताक्षर किये थे। वूंग की ने स्पष्ट करते हुए कहा कि वह अपने अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाएंगे।

तीरंदाजी और नौकायन टीम पेरिस खेल गांव पहुंची

पेरिस। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत के दल प्रमुख गगन नारंग ने शनिवार को सूचित किया कि तीरंदाजी और नौकायन दल खेल गांव पहुंच गई हैं और खिलाड़ी खेलों के इस महासमर में अपना अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। तीरंदाजी और नौकायन दल ने पेरिस खेल गांव में प्रवेश किया और अपनी अंतिम तैयारियों में जुटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम नीदरलैंड से आज खेल गांव पहुंचेगी। लंदन ओलंपिक 2012 के कांस्य पदक विजेता निशानेबाज नारंग ने कहा मैंने भारतीय दल के लिए खेल गांव के अंदर इंतजामों का जायजा लिया। तीरंदाजी और नौकायन वहां पहुंचने वाली पहली भारतीय टीम थीं। खिलाड़ी धीरे-धीरे खेल गांव में सहज हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय खिलाड़ी काफी रोमांचित हैं और उत्साह से भरे हैं। चार बार के ओलंपियन नारंग ने कहा काफी उत्साह का माहौल है और खिलाड़ी भी स्पर्धाओं के एरीना में कुछ गेम टाइम चाहते हैं।

थाईलैंड ने मलेशिया को 22 रन से हराया

महिला एशिया कप

दांबुला, एजेंसी

नन्नाफट कोंचारवेंकै (40), फननीता माया (29) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत महिला एशिया कप टी-20 मुकाबले में शनिवार को थाईलैंड टीम ने मलेशिया को 22 रनों से हरा दिया है।

थाईलैंड की कप्तान थिपाचा पुट्ठावोंग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी थाईलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 22 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। नन्नाफत चाइहान (0), नत्ताया बूचाथम (18) रन बनाकर आउट हुई। थाईलैंड की महिला टीम ने नन्नाफट कोंचारवेंकै (40) और फननीता माया के (29) रनों की पारी की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 133 रन बनाए। नन्नाफट कोंचारवेंकै ने 35 गेदों में छह चौके लगाते हुए 40 रन बनाए। सुवानान खिआओतो (13) और रोसेनान कानोह (13) रन बनाकर नाबाद रही। मलेशिया की ओर से इस्माइल ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिए। सौबिका मनिवन्नन, आइस्या अलीसा और विनिफ्रेंड दुरइसिंगम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 134 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मलेशिया की वान जूलिया और कप्तान विनिफ्रेंड दुरइसिंगम की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 68 रनों की साझेदारी की। पहले विकेट के रूप में कप्तान दुरइसिंगम (22) रन बनाकर आउट हुई। कप्तान के आउट होने के बावजूद जूलिया ने एक छोर थामे रखा। उन्होंने 53 गेंदों में छह चौकों की मदद से 52 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। आखिरी आठ बल्लेबाजों ने मात्र 26 रन बनाये। तीन बल्लेबाज शून्य पर आउट हुई। मलेशिया की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 111 रन ही बना सकी और 22 रन से मुकाबला हार गई। थाईलैंड की ओर से ओत्रिच्छा कांचोंफू को दो विकेट मिले। चैंडा सुठिरुअंग , नत्ताया बूचाथम, थीपचा पुत्थावाँग और सुलीपर्न लाओमी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यूएई को हराकर सेमीफाइनल में जाना चाहेगी भारतीय टीम

दाम्बुला। आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ जीत दर्ज करके महिला एशिया कप सेमीफाइनल में जगह पक्की करने उतरेगी। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। यूएई को हरमनप्रीत कौर की टीम को हराने के लिये चमत्कारिक प्रदर्शन करना होगा। भारत के फिलहाल दो अंक और प्लस 2.29 का नेट रनरेट है और अमीरात को हराने से उसके चार अंक हो जाएंगे। पाकिस्तान के खिलाफ दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने अच्छी गेंदबाजी की । टीम प्रबंधन को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी जिन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू शृंखला के जरिए वापसी की है। बांग्लादेश में भी हालात ऐसे ही होंगे लिहाजा हमें इस टूर्नामेंट से काफी मदद मिलेगी। दूसरे मैच में पाकिस्तान का सामना नेपाल से होगा। आज का मैच दोपहर दो बजे से शुरू होगा।

बॉलीवुड हलचल

फिल्म धुरंधर में नजर आएंगी यामी गौतम

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम फिल्म धुरंधर में काम करती नजर आ सकती हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि उरी द सर्जिकल स्ट्राइक फेम निर्देशक आदित्य धर एक फिल्म बना रहे है, जिसका नाम धुरंधर है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए आदित्य धर ने रणवीर सिंह, संजय दत्त, आर माधवन और अर्जुन रामपाल से बात की है। अब इस लिस्ट में आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम का नाम भी जुड़ गया है। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में यामी गौतम लीड रोल में नजर आने वाली हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह, पाकिस्तान में तैनात एक खुफिया ऑफिसर के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म अभी प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। आदित्य धर फिल्म धुरंधर को जियो स्टूडियो के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म धुरंधर अगले साल यानी 2025 के सेकंड हाफ में रिलीज हो सकती है।

ड्यून प्रोफेसी से तब्बू का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू की आने वाली हॉलीवुड फिल्म ड्यून प्रोफेसी से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। लाइफ ऑफ पाई, ए सूटेबल ब्वॉय और द नेमसेक के बाद तब्बू इंटरनेशनल फिल्म ड्यून प्रोफेसी में नजर आने वाली हैं। वर्ष 2021 में ड्यून किताब पर आधारित ड्यून पार्ट 1 बनाई गई जो ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इसी साल मार्च में ड्यून पार्ट 2 प्रदर्शित हुई, जो सुपरहिट हुई। अब ड्यून का प्रीक्वल आ रहा है। कुछ समय पहले ही ड्यून के प्रीक्वल ड्यून प्रोफेसी का एलान हुआ था। इस सीरीज में तब्बू की अहम भूमिका होगी। ड्यून प्रोफेसी का दूसरा टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें तब्बू का पहला लुक दिखाई दिया है। वह इस सीरीज में सिस्टर फ्रांसेस्का के किरदार में नजर आएंगी। उनकी यह सीरीज इसी साल नवंबर में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष पूर्णिमा विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -331, पृष्ठ -18+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, मानसून की विभीषिका से आखिर कैसे बचा जाए व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 38.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 27 | सूर्यास्त 19 : 02 | कानपुर, रविवार, 21 जुलाई 2024

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत...16

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने बेवसाइट पर जारी किए परीक्षा परिणाम

एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नीट-यूजी के नतीजे शनिवार को शहरवार और केंद्रवार घोषित कर दिए। नतीजे अपनी आधिकारिक वेबसाइट एनटीए.एसी.इन पर जारी किए हैं।

नतीजों में विद्यार्थियों की पहचान उजागर नहीं की गई है। नीट-यूजी मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 18 जुलाई को एनटीए को निर्देश दिया था कि वह नीट-यूजी के सभी विद्यार्थियों के नतीजे शनिवार को अपराह्न तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर जारी करे।

571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी परीक्षा

नीट यूजी की परीक्षा 5 मई को देश के 571 शहरों में 4,750 केंद्रों पर हुई थी। इसमें 23 .33 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए थे। नीट-यूजी की परीक्षा 14 विदेशी केंद्रों पर भी आयोजित की गयी थी, जिसमें लगभग 1,563 उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए उपस्थित हुए।

एनआईटी स्नातक और एमबीबीएस के दो छात्र गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले के सूत्रधारों में शामिल एनआईटी-जमशेदपुर से एक बी-टेक स्नातक और कथित तौर पर सॉल्वर के रूप में करने वाले एमबीबीएस के दो छात्रों को शनिवार को गिरफ्तार किया। एमबीबीएस के दोनों छात्रों को शनिवार को राजस्थान के भरतपुर के मेडिकल संस्थान से गिरफ्तार किया गया। एमबीबीएस के द्वितीय वर्ष के छात्र कुमार मंगलम बिश्नोई और प्रथम वर्ष के छात्र दीपेंद्र शर्मा पांच मई को झारखंड के हजारीबाग में मौजूद थे और इंजीनियर के साथ चुराये गए प्रश्नपत्र के लिए सॉल्वर के रूप में काम कर रहे थे।

जीव सृष्टि के लिए ग्लोबल वार्मिंग नया संकट : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग जीव सृष्टि के लिए नया संकट है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी है। मुख्यमंत्री ने यह बात शनिवार को कुकरैल नदी तट पर 36.50 करोड़ पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने कुकरैल तट पर अकबर नगर में हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने प्रयागराज व गोरखपुर में भी पौधरोपण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को लेकर पर्यावरणविद् बहुत चिंतित हैं। यह संकट मनुष्य के स्वार्थ ने पैदा किया है। इसे रोकने की जिम्मेदारी भी मनुष्यों की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पौधरोपण को लेकर आह्वान हर देशवासी के लिए मंत्र बनना चाहिए। हमें पौधों को लगाना, बचाना व इसके जरिए पर्यावरण को संरक्षित करना है। पहली बार जुलाई के पहले सप्ताह में ही बाढ़ की विभीषिका झेलने को मजबूर होना पड़ा। प्रदेश की 20 लाख से अधिक की आबादी प्रभावित है। नेपाल व उत्तराखंड की अतिवृष्टि के कारण ये बाढ़ के चपेट में आए। यह ग्लोबल वार्मिंग का दुष्प्रभाव है।

कहा, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

लखनऊ में कुकरैल नदी तट पर पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत करते मुख्यमंत्री।

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ, प्रयागराज व गोरखपुर में रोपा पौधा
- कुकरैल तट पर लगाया हरिशंकरी का पौधा

कुकरैल नदी को पाट दिया था भू-माफिया ने

मुख्यमंत्री ने कहा कि 50 वर्ष पहले कुकरैल नदी निकलते हुए गोमती में मिलती थी। 1984 के बाद भू-माफिया ने अपने स्वार्थ के लिए इसे पाटना शुरू किया, जिससे यह नदी, नाले में तब्दील हो गई। एक ओर नदी को मारा गया तो दूसरी तरफ इसको प्रदूषित भी किया गया। अब प्रदेश सरकार ने तय किया कि कुकरैल में नाइट सफारी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले अकबर नगर के नाम पर यह प्रदूषण का माध्यम बना था, आज वहां राम के अनुज लक्ष्मण के नाम पर सौमित्र वन का गठन हुआ है।

यूपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा

पिछले साल अध्यक्ष बने थे मनोज सोनी, पांच साल का कार्यकाल था बाकी

नई दिल्ली, एजेंसी

यूपीएससी के अध्यक्ष मनोज सोनी ने निजी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोनी का कार्यकाल मई 2029 में समाप्त होना था। सूत्रों के मुताबिक सोनी के इस्तीफे का ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर का मामला सामने आने के बाद संघ लोक सेवा आयोग पर उठ रहे सवालों से कोई लेना-देना नहीं है।

यूपीएससी अध्यक्ष ने निजी कारणों का हवाला देते हुए एक पखवाड़े पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था। जिसे अभी तक स्वीकार नहीं किया गया है। प्रख्यात शिक्षाविद सोनी (59) ने 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने 16 मई, 2023 को यूपीएससी अध्यक्ष के रूप में शपथ ली थी और उनका कार्यकाल 15 मई, 2029 को समाप्त होना था। यह घटनाक्रम इसलिए महत्व रखता है, क्योंकि यूपीएससी ने शुक्रवार को कहा था कि उसने परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू की हैं, जिनमें फर्जी पहचान दस्तावेज के जरिये सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अधिक मौके पाने के आरोप में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराना शामिल है। आयोग ने कदाचार के आरोपों की गहन जांच के बाद खेडकर के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराया। उसने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया। खेडकर द्वारा सत्ता और विशेषाधिकारों के कथित दुरुपयोग का मामला जब से सामने आया है, तब से सोशल मीडिया पर आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारियों द्वारा फर्जी प्रमाण पत्रों के इस्तेमाल के दावों और प्रतिदावों की बाढ़ सी आ गई है।

- बोले- इसका पूजा खेडकर विवाद से संबंध नहीं

कांग्रेस बोली- प्रधानमंत्री दें जबाव, घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध

नई दिल्ली। यूपीएससी के अध्यक्ष के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यूपीएससी से जुड़े विवाद पर स्पष्टीकरण देना चाहिए तथा सरकार को यह भी बताना चाहिए कि क्या इतने सारे घोटालों और इस्तीफे के बीच क्या संबंध है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सोनी के इस्तीफे को एक महीने तक छिपाकर क्यों रखा गया ? पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल किया कि एनटीए के प्रमुख प्रदीप कुमार जोशी क्यों बचे हुए हैं ? यह स्पष्ट रूप से लग रहा था कि यूपीएससी के मौजूदा विवाद को देखते हुए सोनी को बाहर किया जाएगा। वहीं प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि यूपीएससी प्रक्रिया में गड़बड़ी की खबरें चौंकाने वाली हैं।

यूपीएससी में अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए

यूपीएससी में अपनी नियुक्ति से पहले सोनी ने कुलपति के रूप में तीन कार्यकाल पूरे किए थे। उन्होंने एक अगस्त 2009 से 31 जुलाई 2015 तक डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मुक्त विश्वविद्यालय (बीएओयू), गुजरात के कुलपति के रूप में लगातार दो कार्यकाल और अप्रैल 2005 से अप्रैल 2008 तक बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय (एमएसयू) के कुलपति के रूप में एक कार्यकाल पूरा किया। एमएसयू में नियुक्त होने के दौरान सोनी भारत में किसी विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति बने थे।

बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए 120 करोड़

लखनऊ। प्रदेश के बाढ़ प्रभावित 40 जिलों में राहत के लिए 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। लखीमपुर खीरी, बलरामपुर, कुशीनगर, शाहजहांपुर, बाराबंकी, सीतापुर, गोंडा, बहराइच, सिद्धार्थनगर, बलिया, गोरखपुर, बरेली, आजमगढ़, हरदोई, अयोध्या, बदायूं, फर्रुखाबाद, बस्ती, देवरिया व उन्नाव को 5-5 करोड़ रुपये जारी किया गया है, जबकि महराजगंज, बिजनौर, गाजीपुर, मऊ, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, संतकबीरनगर, पीलीभीत, सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, हमीरपुर, गौतमबुद्धनगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलंदशहर, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ व कासंगज को 1-1 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

अमरोहा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पलटे

- घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच शुरू की

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा में रेलवे स्टेशन से आगे कल्याणपुरा फाटक के पास शनिवार शाम मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरकर पलट गए। घटना के बाद दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर 16 ट्रेनें का संचालन बाधित हो गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचकर रेलवे के अधिकारियों ने जांच की।

सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि गोंडा कचहरी से गाजियाबाद जा रही मालगाड़ी शनिवर शाम 6:59 बजे अमरोहा रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां से मालगाड़ी दिल्ली की ओर आगे बढ़ी तो अतरासी पुल से पहले मालगाड़ी बेपटरी हो गई। इस दौरान तेज धमाके की आवाज सुनकर स्थानीय लोग सहम गए। बताया गया कि दो डिब्बों में केमिकल भरा था, जबकि अन्य डिब्बे खाली थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि 500 मीटर दूर तक पटरी उखड़ गई है। इसके अलावा बिजली की ओवरहेड लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। प्रारंभिक जांच में घटना की वजह साफ नहीं हुई है।

दिल्ली-लखनऊ रेल लाइन पर संचालन बाधित

अमरोहा में मालगाड़ी के पलटे पड़े डिब्बे। ● अमृत विचार

एक नजर

आगरा में 20.5 किग्रा चरस के साथ दो गिरफ्तार

लखनऊ। उप्र. एसटीएफ ने शनिवार को आगरा के ताजपुर थाना क्षेत्र से 20 .5 किग्रा चरस के साथ दो नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि यह चरस बिहार के चंपारण के लिए जानी थी। इसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। दोनों के पास दो भारतीय सिम भी मिले हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आगरा राकेश ने बताया कि चरस की सप्लाई की सूचना मिल रही थी, इस दौरान जांच शुरू की गई।

केंद्रीय विद्यालय को बम से उड़ा देने की धमकी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के परिसर में स्थित एक केंद्रीय विद्यालय को ईमेल पर विद्यालय भवन 15 अगस्त को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) ने कहा कि सिमरोल थाने में प्राप्त शिकायत के मुताबिक पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) नाम वाली एक आईडी से यह ईमेल विद्यालय के आधिकारिक ईमेल एड्रेस पर भेजा गया है।

जानबूझकर कम कैलोरी ले रहे हैं केजरीवाल : एलजी

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने आरोप लगाया है तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल उन्हें दी जा रही भोजन की चिकित्सकीय खुराक और दवाएं जानबूझकर नहीं ले रहे। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को लिखे पत्र में केजरीवाल के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जेल अधीक्षक की रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री द्वारा जानबूझकर कम कैलोरी लिए जाने के कई उदाहरण हैं। वहीं आप ने उपराज्यपाल के पत्र की आलोचना की।

झोपड़ी पर पलटा डंपर दंपती व दो बेटों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विवि के सामने हुआ हादसा

अमृत विचारः अयोध्या हाईवे पर बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार डंपर डिवाइडर तोड़ते हुए झोपड़ी पर पलट गया। हादसे में आठ माह की गर्भवती पत्नी, पति व दो बच्चों की मौत हो गई। डंपर चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

इंस्पेक्टर अजय नारायण के मुताबिक, टाइल्स कारीगर उमेश (35) बाराबंकी के शाहकटरा जैदपुर देहात का निवासी था। वह बीबीडी विश्वविद्यालय के सामने फुटपाथ पर झोपड़ी में पत्नी नीलम (35), बेटे सनी (13), गोलू (4) और बेटी वैष्णवी (10) के साथ रहता था। रात करीब 2 बजे तेज रफ्तार मौंरग से भरा डंपर झोपड़पट्टी पर पलट गया। डंपर झोपड़ी को समेटते हुए सड़क किनारे 10 फीट गहरी खाईं में जा गिरा। उमेश, पत्नी और बच्चे नीचे दब गए। धमाका सुन भाई अमर सिंह समेत आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने क्रेन से डंपर का पिछला हिस्सा उठाकर सभी को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उमेश, पत्नी नीलम, गोलू और सनी को मृत घोषित कर दिया।

गोंडा में मां के सामने बेटी से सामूहिक दुष्कर्म

बभनजोत, गोंडा। खोंडारे थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की रात शौच के लिए गईं मां-बेटी को बाइक सवार दो युवकों ने दबोच लिया और मां के सामने ही बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। मां ने विरोध किया तो उसकी बेरहमी से पिटाई की जिससे वह बेहोश हो गई। चीख सुनकर पिता ग्रामीणों के साथ पहुंचा और एक आरोपी को दबोच लिया जबकि दूसरा भाग निकला। पुलिस ने बाइक, जूते, पर्स और घड़ी बरामद की है। आरोपी दूसरे समुदाय के हैं और पीड़िता के गांव के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

संसद का मानसून सत्र कल से

12 अगस्त को सत्र समाप्त होने तक होंगी कुल 19 बैठकें, बजट 23 को

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा पर सरकार को घेरेगा विपक्ष
- जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए की मंजूरी भी मिलने की संभावना

संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू होगा। इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। इस सत्र के दौरान विपक्ष नीट पेपरलीक और रेल सुरक्षा जैसे मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होकर 12 अगस्त को समाप्त होगा। इस दौरान कुल 19 बैठकें होंगी।

सरकार की ओर से छह विधेयक पेश किए जाने की उम्मीद है, जिनमें 90 साल पुराने विमान अधिनियम को बदलने वाला विधेयक भी है। इस सत्र में जम्मू-कश्मीर के बजट के लिए संसद की मंजूरी भी मिलने की संभावना है। सीतारमण सोमवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश करेंगी। वह 23 जुलाई को आम बजट पेश करने वाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 21 जुलाई को संसद में राजनीतिक दलों के नेताओं की एक बैठक बुलाई है।

वंदे मातरम सहित अन्य नारे नहीं लगाने का अनुरोध

नई दिल्ली। सोमवार से संसद सत्र शुरू होने से पहले सांसदों को याद दिलाया गया है कि सभापति के निर्णयों की सदन के अंदर या बाहर सीधे तौर पर या परोक्ष तौर पर आलोचना नहीं की जानी चाहिए। साथ ही सदस्यों को वंदे मातरम, जय हिंद सहित अन्य नारे नहीं लगाने चाहिए। संसद सदस्यों को यह भी याद दिलाया गया कि सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन करने की भी नियम अनुमति नहीं देते हैं। राज्यसभा सचिवालय ने राज्यसभा सदस्यों के लिए पुस्तिका के कुछ अंश को 15 जुलाई को अपने बुलेटिन में प्रकाशित कर संसदीय परंपराओं और संसदीय शिष्टाचार के प्रति सदस्यों का ध्यान आकृष्ट किया है।

आज का मौसम

बादल छाए रहने के कारण तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

37.4°	26.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05 : 28	सूर्यास्त 07 : 02

एक नजर

दो पक्षों के बीच मारपीट पांच लोग घायल

रूरा। थाना क्षेत्र के लालपुर निवासी सुनीता ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम गांव के धुगलु पुराने खुन्नस में गालीगलौज करने लगे। जब इसका विरोध किया तो उसने अपने पुत्र बउवा, छोटू, शाधुल, अरविंद के साथ मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता का पति पल्ले, सोनू, चांद घायल हो गए। जबकि दूसरी तरफ से जोगेंद्र घायल हो गए। वहीं घायलों में सुनीता को सीएचसी रूरा से अकबरपुर रेफर कर दिया दिया गया। थाना प्रभारी राम गोविंद मिश्र ने बताया की दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रेल पटरी पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के बलरामपुर गांव के पास रेल पटरी पर एक युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। थाना मंगलपुर क्षेत्र के बलरामपुर गांव के पास दिल्ली-हावड़ा लाइन पर खंबा नंबर 1090/16 के पास डाउन लाइन पर शव पड़े होने की सूचना मिली। मेमू की सूचना पर मौके पर पहुंची कंचौसी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। कंचौसी चौकी इंचार्ज कुलदीप तोमर ने बताया कि किशोर करीब 17 वर्ष का प्रतीत हो रहा है। वह काला पेंट व काली टी-शर्ट पहने हुए था। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हुई।

ग्राम वन में पौधरोपण करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

छात्र को पौधा भेंट करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

जनपद में रोपे गए 61 लाख से अधिक पौधे

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ग्राम वन में लगाया पौधा, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी ने पौधरोपण किया

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले भर में शनिवार को वृहद पौधरोपण किया गया। प्रदेश के डिप्टी सीएम से लेकर मंडलायुक्त, डीएम, एसपी समेत अधिकारियों ने कई जगहों पर पौधरोपण करते हुए संरक्षण के निर्देश दिए। इस दौरान पौधरोपण के साथ ही उनके संरक्षण करने की अपील भी की गई।

शनिवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने वन विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त प्रयास से स्थापित ग्राम वन में "हरिशंकरी" (पीपल, बरगद एवं पाकड़) का पूजन के साथ रोपण किया गया। इसके बाद उन्होंने एक पेड़ मां के नाम आह्वान को सफल बनाने के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी सस्थाओं, छात्र-छात्राओं एवं किसानों से अपील की। कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से निदान के लिए पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ एवं पर्यावरण बचाओ के नारे को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है।

इस दौरान डिप्टी सीएम ने छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित महिलाओं को 500 फलदार पौधों का भी वितरण किया। डीएफओ एके द्विवेदी ने जनपद में हो रहे पौधरोपण कार्यक्रमों और उसके महत्व को बताया। कहा कि जनपद में शासन द्वारा आवंटित 61,90,645 पौधों का रोपण विभिन्न 25 विभागों द्वारा विभिन्न स्थलों पर किया जा रहा है। कार्यक्रम में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने अकबरपुर पीपल का पौधा रोपित किया। इस मौके पर डीएम आलोक सिंह, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी तरह मंडलायुक्त कानपुर व नोडल अधिकारी पौधरोपण अमित गुप्ता ने विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में वृहद पौधरोपण अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत लगाए जा रहे पौधों की जिओ टैगिंग व अन्य संबंधित कार्य समय पर कराए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों को किए गए पौधरोपण की नियमित निगरानी कराए जाने के भी निर्देश दिए। वहीं कृषि, शिक्षा, उद्यान, ग्राम्य विकास द्वारा कराए जा रहे पौधरोपण अंतर्गत गजनेर, हिम्मापुरवा, प्राथमिक विद्यालय चौरा, आलमचंद्रपुर, गौरियापुर आदि स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

मंडलायुक्त ने डीएफओ कार्यालय में बने कंट्रोल रूम को भी देखा गया और वृक्ष भंडारा अंतर्गत किसान, छात्र-छात्राओं व आमजनों को पौधे भी वितरित किए। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन, उप कृषि निदेशक राम बचन राम, जिला कृषि अधिकारी डॉ. उमेश गुप्ता, सहायक निदेशक सूचना सुरजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी बलदेव प्रसाद समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मूसानगर में पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व अन्य। अमृत विचार

मूसानगर नगर पंचायत में रोपे गए 1300 पौधे

मूसानगर। शनिवार को नगर पंचायत मूसानगर द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम किया गया। जिसमें अध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद निषाद ने पहुंच कर वार्ड नंबर दस बालाजी धाम में बने परशुराम वाटिका में पौधरोपण किया। लिपिक दीपू कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र मुक्ता देवी धाम, शंकर जी मंदिर, नगर पंचायत कार्यालय, परशुराम वाटिका सहित अन्य जगहों पर लगभग 1300 पौधे रोपे गए हैं। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस मौके पर अर्जुन सिंह सभासद, ओमकार सोनकर, सुनील कुमार पाल, मुन्ना, पवन चौरसिया, गोविंद गुप्ता समेत नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

अजीत।

मूसानगर। कस्बे के खालेशहर के रहने वाले एक युवक ने शुक्रवार की रात फांसी लगाकर जान दे दी। जानकरी होते ही उसके घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। खालेशहर गांव निवासी अमित ने बताया कि उसका छोटे भाई अजीत (22) ने फंदा लगाकर जान दे दी। वह हार्डवेयर की दुकान चलाता था। शुक्रवार की शाम सभी लोग खाना खाकर छत में सो रहे थे। देर रात बारिश होने पर घर के सभी सदस्य नीचे आ गए, लेकिन अजीत के नीचे नहीं आने पर ऊपर जाकर देखा तो वह छत के कुंडे के रस्सी के सहारे लटका दिखा। अजीत घर में सबसे छोटा था। वहीं मां गीता देवी और पिता रामबाबू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस बाबत थानाध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि बड़े भाई अमित की फौती सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को उपहार देते बैंक के शाखा प्रबंधक। अमृत विचार

बैंक के स्थापना दिवस पर बच्चों को बांटे गए उपहार

राजपुर। बैंक ऑफ बड़ौदा के स्थापना दिवस पर शनिवार को कस्बे के प्राइमरी विद्यालय में शाखा प्रबंधक ने बैंक कर्मियों के साथ पौधरोपण किया और स्कूल के बच्चों को पाठ्य सामग्री व उपहार बांटे। बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने स्कूली बच्चों को बचत के फायदे को बताते हुए लघु कथाएं सुनाकर मनोरंजन के साथ ज्ञानबर्धन किया। उन्होंने कहा कि बचत विषम परिस्थितियों में सबसे बड़ा मित्र साबित होती है। सौ बच्चों को टॉफी और उपहार में टिपिन बांटे। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेन्द्र कटियार, प्रधानाध्यापक जहीर अंसारी, अनुराधा अवस्थी, सुधा जेटली, उमा देवी व बैंक के सहायक प्रबंधक अमित कुमार, मयंक पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

कस्बे में गोवंश पकड़ते नगर पंचायत कर्मी। अमृत विचार

टीम ने आवारा गोवंशों को पकड़कर गौशाला भेजा

रूरा। पशुपालन विभाग और नगर पंचायत के कर्मियों ने कस्बे में आवारा घूम रहे गोवंशों को पकड़ कर गौशाला भेजने का अभियान चलाया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आईए सिद्दीकी ने बताया कि सड़क पर घूम रहे पशुओं को पकड़कर कान्हा गौशाला अकबरपुर भेजा गया है।

करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

रूरा। थाना क्षेत्र के भौंरा निवासी किसान चंद्रपाल सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह चारा खिलाकर भैंस को बिजली के पोल के पास खूंटे में बांध दिया था। दोपहर में भैंस को तड़पते देखा तो बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक भैंस मर चुकी थी। किसान ने बताया कि भैंस की कीमत करीब 90 हजार रुपये थी। किसान ने इसकी सूचना लेखपाल को दी। लेखपाल ने बताया कि तहसील को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जेई नितिल उपाध्याय ने बताया कि गांव में सभी जगह पीवीसी केबिल पड़ी है। बरसात का मौसम है। पोल के अर्थ वायर से करंट लगने की बात सामने आई है।

खरपतवार के बीच घिरा जरौली का ग्राम सचिवालय। अमृत विचार

प्रमाण पत्रों के लिए दौड़ लगाते जरौली के लोग

संवाददाता, संदलपुर

- अनदेखी से बदहाल हो रहा पंचायत का सचिवालय भवन परिसर में गंदगी व खरपतवार

अमृत विचार। सरकार एक तरफ लोगों को योजनाओं का लाभ गांव में ही उपलब्ध कराने की कवायद में जुड़ी है, लेकिन पंचायत भवनों का संचालन न होने से दावे हवाहवाई साबित हो रहे हैं और लोग ब्लाक से लेकर जिला स्तर पर भागदौड़ करने को मजबूर हैं।

करीब दो वर्ष पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लखनऊ में आयोजित ग्राम प्रधानों के सम्मेलन में पंचायत सचिवालय संचालन की योजना शुरू की थी, लेकिन संदलपुर विकासखंड क्षेत्र के गांवों में पंचायत सचिवालय संचालन योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। जरौली गांव में गंदगी व खरपतवार के बीच खड़ा सचिवालय अपने बदहाली पर आंसू आ रहा है। यहां तैनात ग्राम सचिव व सहायक के सचिवालय में न बैठने से पंचायत भवन जर्जर हालत में पहुंच गया है। परिसर में खासी गंदगी बिखरी पड़ी है। साथ ही जंगली घास के साथ खरपतवार खड़ा हो गया है। वहीं पंचायत सचिव से लेकर जिला प्रशासन के अधिकारी कागजों पर सचिवालय संचालन का दावा कर रहे हैं। लेकिन गंदगी के बीच खड़ा पंचायत भवन अपने संचालन की हकीकत खुद की बयां कर रहा है।

> सभी ग्राम सचिवों को नियमित अपने सचिवालय में जाकर उन्हें संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी सचिव के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो उसके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और सचिवालय का हरहाल में संचालन कराया जाएगा।
>
> –धनप्राप्त यादव, बीडीओ संदलपुर

बारिश से राजपुर पुलिस चौकी तालाब बनी

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। शनिवार को दोपहर बाद से हुई झमाझम बारिश से नगरवासियों के साथ पुलिस वालों की भी मुसीबत आ गई। जलनिकासी की व्यवस्था न होने से चौकी परिसर में भीषण जलभराव हो गया, जिससे निकालने में होमगार्डों और चौकीदारों को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

शनिवार दोपहर हुई तेज बारिश में बैलाही बाजार, सराफा बाजार से लेकर कन्हैया नगर में जलभराव हो गया। वहीं पुलिस चौकी परिसर में पानी भरने से पुलिसकर्मियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दफ्तर में भी पानी घुसने से पुलिस कर्मियों को दिक्कत हुई। इसी तरह नई बस्ती और अंबेडकर नगर में भी कई स्थानों पर भीषण जलभराव हो गया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि बरसात से पहले नगर पंचायत प्रशासन ने नालों की सफाई नहीं कराई। नगर के सभी मुख्य नाले और नालियां कीचड़ से लबालब भरे हैं। बारिश में नाले उफना जाते हैं और इनका पानी घरों में घुसने लगता है। ईओ नीति त्रिपाठी ने बताया कि जलभराव से निपटने के इंतजाम किये जा रहे हैं।

शनिवार को बारिश के बाद पुलिस चौकी में भरा पानी। अमृत विचार

बारिश में कच्चा घर ढहा, गृहस्थी बर्बाद

संवाददाता, राजपुर

अमृत विचार। अमरौधा ब्लॉक के गिरधरपुर गांव में बारिश के दौरान दो लोगों के मकान की छत ढहने से परिजन बाल-बाल बच गए, जबकि गृहस्थी का सामान दबकर पूरी तरह बर्बाद हो गया।

गिरधरपुर गांव निवासी शबीना ने बताया कि उसका पति यासीन दिल्ली के एक कारखाने में मजदूरी करता है। बेटा हमजा और बेटी इकरा के साथ वह गांव के कच्चे मकान में रहती है। शनिवार को तेज बारिश में कच्चे कमरे की छत ढह गई। गनीमत रही कि उस समय पूरा परिवार बरामदे में था, इससे जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन अनाज, कपड़े और गृहस्थी का पूरा सामान दबकर बर्बाद हो गया।

छत ढहने और गृहस्थी बर्बाद होने से परिवार के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पीड़िता ने प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। भोगनीपुर एसडीएम सर्वेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल अजीत कुमार को मौके पर भेजा गया है। नुकसान के आकलन की रिपोर्ट मिलने के बाद आपदा राहत कोष से सहायता दिलाई जाएगी।

बारिश से ढही कच्चे घर की छत।

कीड़ा काटने से छात्रा की मौत

राजपुर। सिकंदरा क्षेत्र के ऊधवपुर में शुक्रवार रात घर में सोई कक्षा सात की छात्रा आंचल को जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजन झाड़ फूक के चक्कर में इधर-उधर भटकते रहे। समय पर समुचित इलाज न मिल पाने की वजह से छात्रा की मौत हो गई। उच्च प्राथमिक विद्यालय ऊधवपुर की हेड मास्टर ज्योति देवी ने बताया कि आंचल कक्षा सात की छात्रा थी। कीड़ा काटने से उसकी मौत हो गई।

पूर्व ब्लाक प्रमुख को नहीं पकड़ पाई पुलिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- रायफल का भी कोई सुराग नहीं लगा सकी इलाकाई पुलिस

अमृत विचार। सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर में एक हफ्ते पहले पड़ोसी को रायफल की बट से पीटने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे। पुलिस को ये भी नहीं पता चला कि रायफल किसकी है। रायफल लेकर दौड़ाने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पहले तेजी दिखाई फिर नरम पड़ गई। इस घटना में तीन लोग गिरफ्तार हो चुके हैं। मुख्य आरोपी ब्लॉक प्रमुख लाखन सिंह यादव पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

सट्टी थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर गांव में 12 जुलाई को रास्ते में गाय बांधने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी हो गई थी। इस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव ने रायफल लेकर पड़ोसी शोएब अहमद को दौड़ा लिया था। तथा पकड़ कर रायफल की बट से पिटाई की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। रायफल लेकर खुलेआम गुंडई करने वाले ब्लाक प्रमुख और उसके भतीजे प्रधान किशन सिंह समेत दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल घटना का मुख्य आरोपी पूर्व ब्लाक प्रमुख लाखन सिंह यादव को पुलिस नहीं पकड़ पाई। यहां तक कि पुलिस ये भी नहीं पता कर पाई कि पूर्व ब्लाक प्रमुख के हाथ में रायफल किसकी थी।

कार्यक्रम आज | मंदिर में कई जनपदों से पहुंचते हैं श्रद्धालु, पुलिस ने सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

गुरु पूर्णिमा पर शोभन मंदिर में उमड़ेगी आस्था

संवाददाता, शिवली

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा को देखते हुए शनिवार को कोतवाल ने क्षेत्र के शोभन मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को परखा और मंदिर के महंत हरिशरण पांडेय से कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मंदिर परिसर में फोर्स की तैनाती को लेकर प्वाइंट बनाए।

शोभन मंदिर के सर्वराकर हरिशरण पांडेय ने बताया कि शोभन आश्रम की आधारशिला रखने वाले ब्रह्मलीन महाराज रघुनंदन दास जी महराज और शोभन को विकसित करने वाले ब्रह्मलीन विरिक्ततानंद जी महाराज के प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में अनेकों भक्त हैं, जो गुरु पूर्णिमा पर्व पर शोभन मंदिर आकर मत्था टेकते हैं। पूजा-अर्चना करते हैं। इसके साथ ही गुरु पूर्णिमा पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं।

शनिवार को कोतवाल कृष्णनंद राय ने पुलिस बल के साथ शोभन मंदिर का निरीक्षण किया और अन्य थानों व पुलिस लाइन से आई फोर्स के तैनाती स्थलों का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। एक जगह कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जहां किसी भी प्रकार की समस्या होने पर लोग सूचना दे सकते हैं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए हैं।

मंदिर परिसर में तैयारियों का जायजा लेते चौकी इंचार्ज। अमृत विचार

सुरक्षा में तैनात होंगे 138 पुलिसकर्मी

गुरु पूर्णिमा पर्व पर शोभन मंदिर में तैयारी पूरी कर ली गई हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि मंदिर परिसर में पांच निरीक्षक, 12 दरोगा, 70 सिपाही और 35 महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई है। इसके साथ ही वाहनों को व्यवस्थित करने के लिए सात ट्रैफिक सिपाहियों को लगाया गया है।

छोटे वाहन सीधे मंदिर परिसर तक जा सकेंगे

शोभन मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर छोटे वाहन सीधे अंदर जा सकेंगे, जिसके लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बड़े वाहन बस, टेंपो, ट्रैक्टर ट्राली आदि को मंदिर से दूर आरोग्य धाम अस्पताल के बगल में खड़े करने की व्यवस्था की गई है।

निजी एंबुलेंस की टक्कर से युवक की चली गई जान

पुखरायां। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के छतेनी गांव के समीप एक प्राइवेट एम्बुलेंस ने एक युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बरौर थाना क्षेत्र के डोभा गांव निवासी धर्मेंद्र (50) सड़क पर पैदल जा रहा था, तभी विपरीत दिशा से आई प्राइवेट एम्बुलेंस के चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे अमरौधा चौकी इंचार्ज शोभित कटियार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाल अंजन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फरार चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है।

सावन के लिए सजने लगे शिवालय

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। भगवान शिव के पूजन के लिए पवित्र सावन माह सोमवार से शुरू होगा। इसके चलते जिले में आस्था के प्रमुख केंद्र पौराणिक व ऐतिहासिक शिवालयों में साज सज्जा की जा रही है। श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेल पत्र आदि से पूजन करेंगे।

सावन माह के सोमवार पर आस्था का केंद्र बनीपारा जिनई स्थित पौराणिक वाणेश्वर महादेव मंदिर में आसपास जिलों के भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि दैत्यराज बलि के पुत्र वाणासुर ने मंदिर में विशाल शिवलिंग की स्थापना की थी। श्रीकृष्ण-वाणासुर युद्ध के बाद यह स्थल विध्वंस हो गया। बाद में राजा परीक्षित के पुत्र जन्मेजय ने जीर्णोद्धार कराकर वाणपुरा जन्मेजय नाम रखा था, जो अपभ्रंश के रूप में बनीपारा जिनई के नाम से जाना जाता है।

शिवली क्षेत्र के पांडु नदी किनारे प्राचीन जागेश्वर मंदिर के बारे में मान्यता है कि करीब चार दशक पहले घने जंगल में बंजारों का पड़ाव था। उनकी गाय एक निश्चित स्थान पर दूध गिरा देती थी। जानकारी पर वहां खुदाई की गई तो शिवलिंग निकला, जिसकी स्थापना करा दी गई। सोमवार को बड़ी संख्या में भक्त जलाभिषेक के लिए आते हैं।

रसूलाबाद थाना परिसर में स्थित धर्मगढ़ बाबा मंदिर एकता का प्रतीक है। वर्ष 1943 में इसरार हुसैन ने स्वप्न के बाद यहां शिव चबूतरे का निर्माण कराया था। वर्ष 1941 में थाने के तत्कालीन एसओ नागेंद्र सिंह ने इसे पूरा कराया। सावन में दूरदराज से भक्तों की भीड़ दर्शन के लिए आती है। इसी तरह अकबरपुर के ऐतिहासिक शुक्ल तालाब स्थित नर्मदेश्वर मंदिर, अमरौधा के महाकालेश्वर मंदिर, डेरापुर के कपालेश्वर मंदिर समेत जिलेभर के शिवालयों में सावन सोमवार पर पूजन की तैयारियां की जा रही हैं। मंदिरों की साफ-सफाई व रंगरोगन के साथ ही आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है।

शिवली कस्बे के शिवालय में सफाई करते उत्साही भक्त। अमृत विचार

- मंदिरों की साफ-सफाई के साथ किया गया रंगरोगन

10 एमवीए ट्रांसफार्मर पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- शहर के मुराइनटोला पावर हाउस के आधा दर्जन फीडरों की बिजली रही गुल
- शनिवार को पूरे दिन विभागीय अफसर ट्रांसफार्मर बनवाने में जुटे रहे

ट्रांसफार्मर को ठीक करवाते कर्मचारी व अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। शुक्रवार की रात हुई बारिश के दौरान शहर के मुराइनटोला पावर के 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर में बिजली गिर गई। जिससे वह खराब हो गया। इससे जुड़े करीब आधा दर्जन से अधिक फीडरों की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। उमस भरी गर्मी के बीच मुराइनटोला बिजली उपकेन्द्र का 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से उपकेन्द्र से जुड़े उपभोक्ताओं की समस्या विकराल हो गई। शनिवार रात 12 बजे से गुल हुई बिजली रविवार को शाम तक भी बहाल नहीं हो सकी। एसडीओ ने बताया कि रात 12 बजे बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने के कारण 10 एमवीए पावर ट्रांसफॉर्मर नंबर-2 क्षतिग्रस्त हो गया है। पावर ट्रांसफार्मर ठीक होने तक पावर ट्रांसफॉर्मर नंबर-1 से सभी फीडर को बारी से 2-2 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। पावर ट्रांसफार्मर रिपेयर करवाने का काम तेजी से चल रहा है। उपभोक्ताओं से अपील किया कि संयम बनाकर सहयोग प्रदान करें। सभी उपभोक्ता एसी, वाशिंग मशीन, प्रेस, ओवन आदि भारी विद्युत लोड वाला सामान प्रयोग न करें, जिससे पावर हाउस के सभी उपभोक्ताओं को विद्युतापूर्ति की जा सकती है।

थरियांव, असोथर, गाजीपुर नरैनी में भी रही समस्या

बिजली की आवाजाही ने लोगों की नींद उड़ा दी है। लो वोल्टेज,फाल्ट और रोस्टर से फीडरों को दी जा रही सप्लाई से उपभोक्ता त्रस्त हैं। बिजली समस्या से फसल के साथ लोगों की हलक सूख रहे है। बहुआ, अंदौली, गंगानगर, जोनिहा आदि फीडरों की आपूर्ति महज 15 घंटे हो पा रही है। थरियांव, असोथर, गाजीपुर, नरैनी, घरवासीपुर, जरौली में ओवरलोड होने के कारण दिन भर चलने वाली ट्रिपिंग से 12 घंटे आपूर्ति मिल पा रही है। पीने के पानी के साथ ही किसानों की रोपाई प्रभावित हो रही है। मलवां व सौंरा उपकेंद्र के फीडर भी इन दिनों ओवरलोड चलने के कारण सात घंटे की आपूर्ति होने से धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। शहर के राधानगर उपकेन्द्र से जोनिहा फीडर, गंगानगर, राधानगर, बहुआ अंदौली समेत अन्य फीडरों की रात भर बिजली गुल रही। गर्मी में रात जागकर काटनी पड़ी।

रात की बारिश ने दी राहत किसानों में उम्मीद जगी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

बारिश के बाद सुबह निकली तेज धूप से बचने को मुंह ढक कर निकलतीं महिलाएं।

अमृत विचार। लोगों के सब्र का इम्तहान लेने के बाद रात में बादल खूब बरसे। शहर से लेकर गांव-देहात तक बारिश की बूंदें लोगों के लिए संजीवनी बनकर गिरीं। किसानों में उम्मीद जगी कि शायद अब अच्छी बारिश होगी। हालांकि सुबह निकली धूप ने फिर से उमस बढ़ा दी।

शुक्रवार रात 11 बजे से बारिश का दौर शुरू हुआ जो रुक-रुक कर जारी रहा। किसी ने घर में तो किसी ने सड़कों पर मौसम का आनन्द लिया। देर तक हुई बारिश से मौसम में कुछ बदलाव हुआ। लोगों को उमस से राहत मिली। लेकिन सुबह धूप निकालते ही उमस ने फिर से अपना डेरा जमा लिया और लोग परेशान हुए।

धान की फसल के लिए मुफीद

रात में अच्छी बारिश होने से धान की फसल के लिए संजीवनी बताई जा रही है। किसानों ने बताया कि फसल के लिए बारिश इतनी पर्याप्त तो नहीं है लेकिन बारिश हो जाने से रोपे गए धान के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। इस बार अभी तक झमाझम बारिश न होने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धान, गन्ना, मक्का, उर्द, अरहर, मूंग, खीरा, लौकी, बैंगन समेत अन्य सब्जी की फसलों को निजी नलकूप से सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी।

सार-संक्षेप

सिक्योरिटी गार्ड से बाइक सवार बदमाशों ने छीना मोबाइल

फतेहपुर। ड्यूटी से पैदल घर जा रहे सिक्योरिटी गार्ड का बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल छीन लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। औंग थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव निवासी रवि सिंह रानीपुर हाईवे पर बंद दूध फैक्टरी की रखवाली करते है। वह ड्यूटी से रात को पैदल घर जा रहे थे। कानपुर की ओर से पीछे से आए बाइक सवार दो युवकों ने झपट्टा मारकर गार्ड का मोबाइल छीन लिया। गार्ड ने शोर मचाकर लोगों को मदद के लिए बुलाया। बाइक सवार बदमाश चौडगरा की ओर भाग निकले। घटनास्थल पर पुलिस जांच करने पहुंची। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांचकर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

अमित की हत्या के मामले में तीन के खिलाफ तहरीर

किशनपुर। थाना क्षेत्र के महावतपुर असहट गांव में दो दिन पूर्व मिले युवक के शव के मामले में परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया है। तहरीर के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के केवटरा मजरे सातों गांव निवासी अमित मंगलवार को अपनी ससुराल महावतपुर असहट गांव आया था। उस दौरान देर रात उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। विवाद के बाद अमित घर से लापता हो गया था। बुधवार की सुबह अमित का शव गांव किनारे जंगल में पड़ा मिला था। इस दौरान फांरेसिंक टीम ने भी पहुंच साक्ष्य इकट्ठा किए थे। अमित की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद भी मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। जिसके बाद बिसरा प्रिजर्व के लिए भेज दिया गया था। युवक की मौत के बाद से परिजन लगातार ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। शुक्रवार की दोपहर परिजनों ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ लिखित तहरीर थाने में दी है। मामले में किशनपुर प्रभारी निरीक्षक हेमंत कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बिसरा प्रिजर्व किया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान पूजन करते अतिथि। अमृत विचार

गुरु पूर्णिमाः मोहे लागी लगन गुरु चरणन की

फतेहपुर। शहर के सीबीएसई बोर्ड से संचालित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पूर्व संध्या पर गुरु पूर्णिमा एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन का 16वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश ने की तथा मुख्य अतिथि सीमा बहन रहीं। स्कूल के विद्यार्थियों ने मोहे लागी लगन गुरु चरणन की सुरुचिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने महर्षि महेश योगी के द्वारा स्थापित महर्षि विद्या मन्दिर विद्यालय की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का साथ एवं प्रेरणा मनुष्य के जीवन को सार्थक बनाने में परम आवश्यक है। स्कूल के विद्यार्थियों ने मोहे लागी लगन गुरु चरणन की सुरुचिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

करंट से भैंस मरी

किशनपुर। थाना क्षेत्र के खलवा गांव निवासी बालम निषाद के परिजन दोपहर अपनी भैंसों को लेकर चराने गए। जहां गांव के पास सरकारी नलकूप की सपोर्ट वायर में करंट आ रहा था। जिसकी चपेट में आने से भैंस मर गई। ग्रामीणों का कहना है कि सपोर्ट वायर में काफी दिनों से करंट उतर रहा था। पर विद्युत विभाग ने ध्यान नहीं दिया।

60 वाहनों का हुआ चालान

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 60 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला गया है। वहीं छह लोगों के खिलाफ बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है।

महिलाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को सभी थानो की एन्टी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज-4 अभियान व ऑपरेशन जागृति अभियान चलाया गया। महिलाओं, बालिकाओं से वार्ता कर ऑडियो, वीडियो, पंपलेट के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा के लिए जागरुक किया गया।

करंट की चपेट आई महिला झुलसी

बिन्दकी। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ददान खेड़ा गांव निवासी हनुमान सिंह की पत्नी बिटान देवी घर के अंदर भोर पहर काम कर रही थी तभी काम करते समय करंट की चपेट में आ गयी और गम्भीर रूप से झुलस गई। यह जानकारी जब परिजनों को हुई तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला की हालत गम्भीर देख परिजनों ने इलाज के लिये सामुदायिक स्वथ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

पेड़ से गिर कर किशोर घायल

बिन्दकी। कोतवाली क्षेत्र के जबरापुर गांव निवासी अर्जुन का 8 वर्षीय पुत्र अंश गांव के पास एक आम के बाग पर आम तोड़ने के लिये चढ़ गया और आम तोड़ने लगा तभी आम तोड़ते समय उसका पैर अचानक फिसल गया और पेड़ से नीचे गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। रोने की आवाज सुनकर परिजन किशोर के पास पहुचे और किशोर की हालत गम्भीर देख परिजन आनन फानन करके निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

घर में घुसकर युवक को पीटा

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के शंकरपुर निवासी लल्लू ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 15 जुलाई की रात को उसका पुत्र संतराम छत पर टहल रहा था इस दौरान पड़ोसी श्रीराम ने बेटे को गालियां देनी शुरू कर दी। जब उसका लड़का संतराम नीचे आया तो श्रीराम घर मे घुस आया और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी और भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नलकूप के कुएं में गिरने से बच्चे की मौत

बच्चे को निकालने उतरे पिता जहरीली गैस से हुए बेहोश, थरियांव थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव का मामला

संवाददाता फतेहपुर

- बच्चों के साथ नलकूप पर खेलने गया था बच्चा, पैर फिसलने से गिरा
- बारिश होते देख एक पेड़ के नीचे बैठ गया था चरवाह ग्रामीणों ने दी सूचना

अमृत विचार। नलकूप के कुएं में गिरने से बच्चे की मौत हो गई। हादसा देखकर बच्चे को पिता निकालने के लिए कुएं में उतर गया। जहां फैली गैस की वजह से वह बेहोश हो गया। उसे नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है।

थरियांव थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव निवासी कोमल मजदूरी व कृषि कार्य करता है। वह परिवार समेत गांव के संजय के खेत पर धान की पौध लगाने गया था। परिवार के पीछे से कोमल का सात वर्षीय बेटा सतीश उर्फ छोटू खेत में पहुंच कर बच्चों के साथ नलकूप पर खेल रहा था। पैर फिसलने से नलकूप के कुएं में जा गिरा। बच्चों ने हादसा देखकर शोर मचाया। पिता कोमल रस्सी बांधकर बेटे को निकालने के लिए कुएं में उतरा।

कुएं में गैस फैली होने से बेहोश हो गए। ग्रामीणों ने कोमल को किसी तरह बाहर निकालकर नर्सिंग होम में भर्ती करवाया। कुएं की गैस खत्म करने के बाद बच्चे को निकालकर नर्सिंग होम ले गए जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत से मां उर्मिला देवी, भाई दीपक, बहन गुड़िया देवी का हाल बेहाल हो गया।

बिजली गिरने से युवक की मौत

फतेहपुर। सुबह मवेशी चराने गए एक युवक पर बिजली गिर गई। घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मचा रहा। वहीं मामले की जानकारी राजस्व टीम को दी गई है। असोथर थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी रामू सुबह रोज की तरह मवेशी चराने जंगल की तरफ गया था। जहां अचानक से मौसम बिगड़ गया और बारिश होने लगी। बारिश होते देख वह एक पेड़ के नीचे खड़ा गया। इसी दौरान तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली पेड़ पर गिर गई। जिसकी चपेट में पेड़ के नीचे खड़ा रामू आ गया। आसपास मौजूद अन्य ग्रामीणों ने देखा तो दौड़कर मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे जहां उसका शव देख बिलख पड़े।

सड़क हादसे में फौजी की मौत

अमौली। बाइक सवार एक फौजी शुक्रवार की रात सड़क हादसे का शिकार हो गया। तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें कानपुर ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। जाफरगंज थाना क्षेत्र के पूरेदान गांव निवासी विजय प्रताप सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह परिहार फौजी थे। कुछ दिन पूर्व वह छुट्टी पर घर आए थे। शुक्रवार देर शाम वह किसी काम से बाइक से चांदपुर थाना क्षेत्र के सठिगवां गए थे। जहां से देर रात वापस लौटते समय किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने कानपुर यूनिट को जानकारी दी। तत्काल उन्हें कानपुर ले जाया गया, जहां उनकी रात में सांसें थम गईं। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि विजय प्रताप की छुट्टियां खत्म हो गई थीं। उन्हें शनिवार को वापस जम्मू के लिए लौटना था।

शिकारी ने राष्ट्रीय पक्षी मोर का पैर तोड़ा

फतेहपुर। राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकारी पैर तोड़ने के बाद झोले में भरकर घर ले जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने शिकारी से मोर को मुक्त कराया और उसकी पिटाई कर दी। पिटाई करते हुए वीडियो वायरल हो रहा। वायरल वीडियो के बारे में जानकारी की तो तो मालूम पड़ा कि यह वीडियो जिले के हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बसवानपुर गांव का है। वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। यहां गांव के लोगों ने एक युवक को पकड़कर जब झोला देखा तो उसमें जिंदा मोर मिला, जिसका पैर तोड़ दिया गया था। यह देखकर ग्रामीणों ने मोर को मुक्त कराया और उसके बाद मोर को पकड़ने वाले शिकारी युवक की जमकर पिटाई शुरू कर दी। वन विभाग के हुसैनगंज रेंजर रूप सिंह ने बताया कि वह फतेहपुर जिले के प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में लगे थे।

बैठक करते रेलवे के अधिकारी। अमृत विचार

एससीसी की बैठक में समय से काम पूरा कराने पर जोर

संवाददाता फतेहपुर

अमृत विचार। फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक और मुख्य वाणिज्य निरीक्षक के नेतृत्व में एससीसी की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की शुरुआत सभी सदस्यों द्वारा वृक्षारोपण करने के साथ किया गया। इस बैठक में एससीसी कमेटी के सदस्य वंदना द्विवेदी, संजय कुमार श्रीवास्तव, जयप्रकाश सिंह, दिनेश प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता और रेलवे से महेंद्र गुप्ता (मुख्य वाणिज्य निरीक्षक उत्तर मध्य रेल फतेहपुर), एमएस मिश्रा (स्टेशन अधीक्षक फतेहपुर), पुनीत कुमार (सीसीटीसी फतेहपुर) मौजूद रहे।

इस बैठक में कमेटी के सदस्यों द्वारा स्टेशन का भ्रमण किया गया एवं चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई एवं सुझाव दिया गया। सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि यात्री सुविधा को देखते हुए फतेहपुर स्टेशन पर सर्कुलेटिंग एरिया के दोनों साइड में शौचालय का निर्माण हो। सदस्यों कहा कि स्टेशन की साफ सफाई और भी बेहतर तरीके से किया जाए जिससे कि प्रधानमंत्री का संकल्प स्वच्छ भारत का है उसमें हमारे स्टेशन का भी योगदान हो।

युवक को पीटा, नलकूप में लगा दी आग

फतेहपुर। सरसों की खली लेने कारखाने जा रहे एक युवक को कुछ लोगों ने सरेराह पीटा और फिर इसी खुन्नस में जाकर उसके नलकूप पर आग लगा दी। जिससे नलकूप पर रखा सामान जल गया और आग की चपेट में आने से एक भैंस का बच्चा भी मर गया। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी धनीराम ने ने बताया कि 17 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे वह स्थानीय कारखाने में खली लेने के लिए जा रहा था। रास्ते में भयंकर सिंह, राजू यादव, कैलाश मिल गए और इन लोगों ने उसे गाली देते हुए मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह से वह मौके से भाग निकला। आरोप है कि तीनों लोगों ने उसके नलकूप पर पहुंचे और वहां आग लगा दी। जिससे नलकूप पर रखा सामान जल गया और एक महीने का भैंस का बच्चा लपटों में स्वाहा हो गया। बताया कि आग लगाकर तीनों को भागते समय स्थानीय लोगों ने देखा भी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चलते हुए ट्रकों से सामान चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने किया पर्दाफाश

संवाददाता फतेहपुर

पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर। अमृत विचार

अमृत विचार। खराब रास्तों पर धीमी गति से चलने वाले भारी वाहनों से सामान चोरी करने वाले गैंग का बकेवर पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया हैं। अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बकेवर थाना क्षेत्र में 16 और 18 तारीख को ट्रकों के तिरपाल काटकर सर्फ और राजश्री पान मसाला की बोरिया चुराई थी। थानाध्यक्ष कांती सिंह और उनकी टीम ने शनिवार को थाना क्षेत्र के बाबा कुआं के पास से छह शातिरो आलोक पाण्डेय निवासी अलियापुर थाना जहानाबाद, हाल पता गल्ला मंडी चित्रा स्कूल के पीछे थाना हनुमन्त विहार, सूरज शंखवार निवासी मिलकीनपुर पुरानी बस्ती थाना घाटमपुर हाल पता खाड़ेपुर गदैया के पास पुरानी बस्ती,अमित गुप्ता निवासी नौगवां, सूरज कश्यप निवासी राधा नगर थाना राधा नगर जनपद फतेहपुर हाल पता खाडेपुर पानी टंकी के पास अर्रा चौकी नौबस्ता, अर्पित पाल निवासी दयालनगर निरखी अलियापुर थाना जहानाबाद जनपद फतेहपुर हाल पता खाडेपुर गदैया के पास पुरानी बस्ती नौबस्ता, दीपान्शु द्विवेदी निवासी खाड़ेपुर कॉलोनी डबल स्टोरी हनुमन्त विहार थाना हनुमन्त विहार जनपद कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। एक आरोपी जब्बार निवासी किदवई नगर कानपुर मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से चोरी के 293 पैकेट राजश्री पान मसाला, 120 पैकेट सर्फ एक्सेल,1650 रुपए नगद, दो चाकू, घटना में प्रयुक्त पिकअप और एक बाइक बरामद की है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म के चोर है, जो आपस में पूर्व परिचित है। रेकी कर खराब सड़को पर वाहन धीमी हो जाने पर उनपर लदे सामान की चोरी कर लिया करते है। आरोपी जब्बार व दीपांशु बाइक से आगे आगे चलकर खराब सड़कों पर रेकी किया करते थे। आलोक पाण्डेय, जब्बार सुरज शंखवार व अमित गुप्ता सड़क पर अत्याधिक गड्ढो के कारण गाडी धीमी होने पर गाड़ी के उपर चढ़कर तिरपाल व रस्सा काटकर समान गिरा देते थे।

पृथ्वी का किया श्रृंगार | कैबिनेट मंत्री राकेश सचान समेत जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ने किया पौधरोपण

पेड़ लगाओ और उनका संरक्षण भी करो

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

पौधरोपण करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान व जिलाधिकारी सी. इंदुमती व अन्य।

48.53
लाख पौधे रोपने का था लक्ष्य अब बचाने की चुनौती

अमृत विचार। चहुंओर हरियाली लाने एवं संतुलित पर्यावरण को लेकर शनिवार को उत्साह के साथ वन महोत्सव मनाया गया। वन विभाग सहित विभिन्न विभागों व संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा दोआबा में पौध रोपण किया गया। कैबिनेट राज्यमंत्री राकेश सचान सहित विधायक अयाहशाह विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, विज्ञानानंन्द, जिलाधिकारी सी. इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी डॉ अविनाश त्रिपाठी आदि की उपस्थिति में वन विभाग द्वारा चिह्नित स्थान विकास खण्ड भिटौरा के ओमघाट परिसर में पौधरोपण किया गया। जिले में 48.53 लाख पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है।

पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ, एक पेड़ मां के नाम, की तर्ज पर चलाए गए जन अभियान में शनिवार को कैबिनेट राज्यमंत्री राकेश सचान वन महोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पौधरोपण किया। उन्होंने मौजूद लोगों को संदेश दिया कि पेड़ लगाओ और उनका संरक्षण भी करो। जिससे मकसद पूरा हो सके। इसके अलावा बिन्दकी नगर में स्थिति मां ज्वाला देवी मंदिर परिसर पर क्षेत्रीय विधायक जय कुमार सिंह जैकी तथा नगर पालिका अध्यक्ष राधा साहू व सभी सभासदों ने मिलकर पौध रोपण किया। इसी तरह से सहायक अभियन्ता नागेश भारती सिंचाई विभाग नलकूप उपखण्ड प्रथम के निर्देश पर पम्प नहर गलाथा में, सींचपाल नीलकमल, किशनपुर क्षेत्र के ब्योटी गांव में पशु चिकित्सा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, दौरान अशोक, आंवला, जामुन, आम व नीम सहित अन्य प्रकार के पौधे लगाए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सोनकर ने भी भाग लिया। थानाध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा पशु चिकित्सा अधिकारी देवेन्द्र सिंह, अन्नू कटियार आदि लोग शामिल रहे।

रोपने के बाद रहेगी बचाने की चुनौती

पांच सालों के आंकड़ों पर गौर करें तो दोआबा में डेढ़ करोड़ से अधिक पौधे रोपे गए लेकिन वृक्ष का रूप नहीं ले पाए। बीते सालों में रोपित कुल पौधों के सापेक्ष बीस प्रतिशत भी बचाए जाते तो जिले का हरियाली प्रतिशत आबादी के सापेक्ष अधिक बेहतर होता।

धारधर हथियार से युवक पर हमला

फतेहपुर। एक युवक आम खाने के लिए आम तोड़ रहा था, तभी गांव के एक दबंग व्यक्ति ने आम तोड़ने से मना किया और धारदार हथियार से हमला कर युवक को घायल कर दिया। पीड़ित के तहरीर पर ने मामला दर्ज किया गया।

राधानगर के रहने वाले वीरेंद्र कुमार ने तहरीर में बताया कि 19 जुलाई की शाम को गांव के रहने वाले रत्नेश के आम के बाग गया। रत्नेश से पूछकर आम तोड़ रहा था, तभी रत्नेश के परिवार के संदीप तिवारी आ गए और बिना वजह गाली गलौज करने लगे।

विरोध किया तो धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। इस मामले में थाना प्रभारी राम केवल पटेल ने बताया कि आम तोड़ने के विवाद में एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया है। पीड़ित के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मेडिकल कराया गया है।

पांच दिवसीय प्रशिक्षण में निपुण भारत मिशन के बताए जाएंगे गुर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- प्रत्येक ब्लॉक से 5 एआरपी एवं केआरपी कर रहे प्रतिभाग
- डायट में शुरू हुआ ब्लॉक स्तरीय संदर्भदाताओं का प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के शुभारंभ में मंचासीन प्राचार्य व अन्य। अमृत विचार

अमृत विचार। निपुण भारत मिशन के तहत डायट में नवीन पाठय पुस्तक आधारित ब्लाक स्तरीय संदर्भदाताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य, उप शिक्षा निदेशक संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रत्येक ब्लॉक से 5 एआरपी एवं केआरपी प्रतिभाग कर रहे हैं। पहले दिन के प्रशिक्षण की शुरूआत सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी विनय कुमार मिश्र द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्यों एवं दिवस वार सत्रों पर चर्चा करके की गई। बताया कि सत्र 2024-25 से कक्षा 1 और 2 में एनसीईआरटी आधारित पाठ्यपुस्तकें लागू की गई हैं। इस प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में यह समझ विकसित की जाएगी कि इन पाठ्य पुस्तकों के साथ कार्यपुस्तिकाएं एवं शिक्षक संदर्शिका का कैसे जुड़ाव करके बच्चों में बेहतर समझा का विकास किया जाएगा। दो बैचों में संचालित प्रशिक्षण में विनय मिश्र, भारती सिंह प्रवक्ता डायट, राजेश त्रिपाठी, जयचन्द्र पांडेय एवं राधेश्याम दीक्षित एसआरजी ने सुगमकर्ता के रूप में सत्रों का संचालन किया जा रहा है। वहीं एलएलएफ टीम के सदस्य द्वारा प्रशिक्षण में सहयोग किया जा रहा है। प्राचार्य ने प्रशिक्षण की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि इसका उद्द्येश्य निपुण भारत मिशन की संकल्पना को प्राप्त करना है। हम सभी को इस पर मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। सभी लोग बेहतर सहभागिता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें।

फूड प्वाइजनिंग से 19 बच्चे बीमार, चावल खाने के बाद हुई समस्या

मऊ दरवाजा क्षेत्र के आवासीय विद्यालय का मामला, पेट दर्द और उल्टी से पीड़ित हुए बच्चे, अस्पताल पहुंचकर बच्चों से मिले अधिकारी

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के आवासीय विद्यालय में फूड पॉइजनिंग से एक दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो गए। लंच में बने चावल खाने के बाद बच्चों के पेट में दर्द शुरू हुआ और उल्टियां होने लगीं। जिसके बाद स्कूल स्टाफ ने बच्चों को निजी वाहन से अस्पताल में भर्ती करवाना शुरू किया। दोपहर दो बजे तक 14 बच्चों को लोहिया में भर्ती कराया गया है। भर्ती कराने वाले लोग खुद को स्कूल का स्टाफ होने से बताने में कतराते रहे। कुछ ही देर में वार्ड में भर्ती बच्चों के साथ वीडियो बनाकर, सेल्फी लेकर वह रफूचक्कर हो गए। शाम को एसडीएम और बीएसए ने अस्पताल पहुंचकर बच्चों के हालचाल जाने। अधिकारियों के आने पर स्कूल प्रबंधक के बड़े भाई शिवकुमार को जिला अस्पताल लोहिया बुलाया गया। उन्होंने बताया की पांच बच्चे निजी अस्पताल में भर्ती कराए हैं।

थाना मऊ दरवाजा के जसमई बाईपास स्थित श्रीबनवारी लाल इंटरनेशनल आवासीय विद्यालय कक्षा 1 से 8 तक संचालित है। इसमें 200 से अधिक बच्चे पढ़ते हैं। शनिवार को लंच में मसूर की दाल, आलू की सब्जी चावल रोटी बना था। जब बच्चों ने खाना खाया तो चावल खाने के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। चावल खाने के चंद मिनट के अंदर बच्चों के पेट में दर्द होने लगा। कुछ देर में दर्जन भर से अधिक बच्चे बेहाल हो गए। इसके बाद विद्यालय के स्टाफ विमलेश कुमार, कर्मवीर सिंह ने निजी वाहन से 14 बच्चों को जिला अस्पताल लोहिया इमरजेंसी में भर्ती कराया है। एक साथ दर्जन भर से अधिक बीमार बच्चे आ जाने से इमरजेंसी में अपरा-तफरी का माहौल हो गया। एक बेड पर तीन-तीन बच्चों को लाकर उपचार दिया गया। जब बच्चों को वार्ड में भेजा गया तो उन्हें महिला वार्ड में भर्ती किया गया। प्रत्येक बेड पर दो बच्चों को लिटाया गया फिर भी जगह कम पड़ गई। इसके बाद पुरुष वार्ड से अतिरिक्त बेड को लाकर महिला वार्ड में डाला गया। स्टाफ कम पड़ जाने पर बड़ी संख्या में प्रशिक्षु स्टाफ को बुलाकर बच्चों के इलाज में लगाया गया।

अस्पताल में भर्ती बच्चे। अमृत विचार

अस्पताल पहुंचकर जानकारी लेते एसडीएम व बीएसए।

लोहिया में भर्ती बच्चों के साथ सेल्फी लेता विद्यालय का स्टाफ।

ये बच्चे हुए बीमार

- सागर 11 वर्ष पुत्र अनिल कक्षा एक
- आरव 8 वर्ष पुत्र अजय कक्षा एक
- कार्तिक 12 वर्ष अरविंद कक्षा पांच
- पीयूष 9 वर्ष पुत्र प्रवेश कक्षा दो
- राघव 8 वर्ष पुत्र संदीप कक्षा दो
- भूप सिंह 10 वर्ष पुत्र जयपाल कक्षा एक
- अंशु 10 वर्ष प्रेमचंद्र कक्षा दो
- आयुष 12 वर्ष प्रभात कक्षा चार
- कार्तिक 7 वर्ष पुत्र राजकुमार कक्षा पांच
- प्रशांत 11 वर्ष पुत्र हरेंद्र कक्षा दो
- प्रांशी उम्र 10 वर्ष पुत्री लालाराम कक्षा दो
- प्रशांत 11 वर्ष पुत्र लालाराम कक्षा पांच
- प्रियम उम्र 13 वर्ष पुत्र दुर्गेश कक्षा छह
- आयुष उम्र 13 पुत्र सुरजीत कक्षा पांच

बच्चे बोले, चावल से पेंट की आ रही थी महक

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. विवेक सक्सेना ने बच्चों के उपचार के लिए दवाइयां लिखी। बीमार बच्चे प्रशान्त, पीयूष, अंशू, कार्तिक ने बताया कि जब उन्होंने चावल खाया तो उसमें पेंट जैसी महक आ रही थी। ऐसा लग रहा था कि पेंट की बाल्टी में चावल भिगोए गए हों। एक बच्चे ने यहां तक कहा कि मुझे चावल में पेट्रोल की महक आ रही थी। बताया जाता है कि हाल ही विद्यालय में रंगाई-पोताई का काम हुआ था।

- जिला अस्पताल में भर्ती करवाए गए 14 बच्चे

नहीं पहुंचे लोहिया अस्पताल के सीएमएस

- एक दर्जन से अधिक फूड पॉइजनिंग से बीमार बच्चे जिला अस्पताल लोहिया की इमरजेंसी में भर्ती कराए गए। स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी शाम तक जिला अस्पताल लोहिया झांकने नहीं आए। शाम को सीएमएस ऑफिस से कर्मचारी आया और बीमार बच्चों की लिस्ट इमरजेंसी से ले गया। वही 5 :30 बजे महिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कैलाश इमरजेंसी पहुंचे और वह भी लिस्ट लेकर वापस चले गए।

बीएसए और एसडीएम पहुंचे अस्पताल

- दोपहर में ही मामला संज्ञान में आने के बाद पहले तो प्रशासन हल्के में लेता रहा। लेकिन जब बीमार बच्चों की संख्या बढ़ी तो प्रशासन के हाथों फूल गए। शाम करीब पांच बजे जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे एसडीएम सदर रजनीकांत और बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने बीमार बच्चों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। चिकित्सकों को बेहतर उपचार के लिए निर्देशित किया। इस दौरान जब एसडीएम और बीएसए से प्रकरण पर प्रक्रिया जाननी चाही उन्होंने कहा कि अभी वह कुछ भी कहना नहीं चाहते हैं, पहले विद्यालय जाकर वहां पर भी निरीक्षण कर ले।

मातमी धुनों के बीच उठे 12वीं के अलम

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- रास्ते में जगह-जगह अकीदतमंदों ने बांटा लंगर
- काजम खा बजरिया, लोहाई बाजार से होकर गुजरा जुलूस

अमृत विचार। जामा मस्जिद से मोहर्रम की बारहवीं तारीख पर हुसैन इस्लामिया कमेटी की तरफ से तीजे का अलम निकला गया। जिसके पीछे छोटे-छोटे पांच अलम और शामिल रहे। अलम जामा मस्जिद से काजम खा, बजरिया, लोहाई बाजार, मेन चौराहा, गल्ला मण्डी चौराहा होते हुए जटवारा स्थित इमामवाड़ा पहुंचे।

रास्ते में जगह जगह पर लोग लंगर बांटते हुए नजर आए। इस दौरान हुसैन के दीवाने या अली, सा हुसैन का सदाएं बुलंद करते हुए नजर आए। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष मुन्ने खा, अकमल मंसूरी, जफर मंसूरी, दानिस खा, आसिब, राजिक, अजमल, अफजल, बहार मियां, अब्दुल मंसूरी, अजहर मंसूरी, आमिर खानसामा, नन्नू, फरमान, फैशल, सालिम, जोहद, अमन, फैमुद्दीन, अखलीम, राजा, कासिब, रजी, लालू, इरफान आदि मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, महिला दरोगा नीरज त्यागी, कस्बा चैकी प्रभारी विघा सगार तिवारी, मंडी चैकी प्राभारी केके कश्यप, एसआई नितिन यादव, एसआई सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

12वीं के अलम में शामिल अकीदतमंद।

चकमार्ग की हालत खस्ता जलभराव से परेशानी

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

- एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र रुटौल गांव का मामला

अमृत विचार। रुटौल गांव के दर्जनों ग्रामीणों तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्यचक मार्ग की हालत खस्ता हाल है। जल भराव के कारण ग्रामीण काफी परेशान हैं।

क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी दर्जनों ग्रामीण तहसील परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने एक प्रार्थना पत्र उपजिलाधिकारी को सौंपा, जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्य चकमार्ग की स्थिति काफी खराब है। चक मार्ग पर गड्ढे होने के कारण जलभराव हो गया है। जलभराव के कारण पानी घुटनों तक भर जाता है। ग्रामीणों को खेतों में आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। जलभराव के चलते ग्रामीण बदबू व मच्छरों से काफी परेशान है। संक्रामक बीमारियां फैल सकती है। उनका कहना है कि गांव में एक और चक मार्ग है जिसे कुछ दंबगो के द्वारा कब्जा कर रखा है। उसे नापकर खुलवाया जाए। इस दौरान राजवीर सिंह, आजाद यादव, आनन्द , सतीश कुमार, जुगेन्द्र सिंह, रजनेश, अर्पित. झब्बू यादव महावीर सिंह, मंजेश आदि मौजूद रहे।

एसडीएम ने किया बाढ़ चौकियों का निरीक्षण

अमृतपुर फर्रुखाबाद। एसडीएम अतुल कुमार ने जनता को बाढ़ के समय राहत देने के लिए बनाई गई बाढ़ चौकियों एवम् शरणालयों का निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर राजपुर, अमर ज्योति इंटर कॉलेज गनुआ गलारपुर, संबिलियन विद्यालय पिथनापुर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर मे बनाए गए शरणालयों व प्राथमिक विद्यालय हुसैनपुर राजपुर, प्राथमिक विद्यालय कोलासोता, प्राथमिक विद्यालय पिथनापुर, संविलीयन में बनाई बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया। चौकी पर रोस्टर के अनुसार लगी ड्यूटी वाले कर्मचारी उपस्थित नहीं मिले।

यातायात पुलिस को पड़े मिले जेवर, मालिक को लौटाया

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। त्रिपोलिया चौक पर ड्यूटी कर रहे पुलिस हेड कांस्टेबल ने ईमानदारी का परिचय दिया। उसे सड़क किनारे सोने के आभूषण का डिब्बा पड़ा मिला। जब उसे खोला तो उसमें सोने के गहने मिले। उसके बाद आभूषण के असली मालिक को खोज कर वापस किया। इसके बाद यातायात पुलिस की ईमानदारी की चर्चा की जा रही है।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम तुर्कीपुर निवासी असलम पुत्र महमूद जरदोजी कारीगर हैं। असलम शनिवार दोपहर को जेवरात का डिब्बा अपनी पैंट में रखकर वापस घर जा रहा था। फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र में त्रिपोलिया चौक पर अचानक उसका डिब्बा जेब से निकल गया। चौक पर डियूटी पर तैनात दीवान दिनेश कुमार की नजर उस डिब्बे पर पड़ी। उन्होंने वह डिब्बा उठा लिया। जब खोलकर देखा तो वह चौक गये। उसमे सोने के कीमती आभूषण थे। कुछ देर बाद असलम घर पंहुचा तो उसकी जेब में डिब्बा न मिलने पर भागकर पूछताछ करता हुआ चौक पर आया। परेशान देखकर पड़ताल करने के बाद हेड कांस्टेबल ने लगभग 2.5 लाख रुपये कीमत के जेवरात उसे लौटा दिए।

एचटी लाइन टूटी, करंट से युवक झुलसा, बारदाना जला

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद

अमृत विचार। घसिया चिलौली में एचटी लाइन टूट गिरने से बारदाने में आग गई। एक युवक को करंट लग गया। टीन के नीचे लेटा दिव्यांग बाल बाल बच गया। घटना से हडकंप मच गया। तहसील में पहुंच कर हादसे को लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया और जेई पर आरोप लगाए। एसडीएम ने जेई से नाराजगी जताई और एसडीओ को मौके पर पहुंच कर जांच के निर्देश दिए।

क्षेत्र के गांव घसिया चिलौली निवासी सुबोध कुमार गंगवार की छत से बिजली लाइन गुजरी है जो जर्जर हालत में है। शुक्रवार रात साढे. आठ बजे बिजली लाइन का तार टूट कर सुबोध की टीन पर जा गिरा। इससे आग लग गई। चिंगारी से टीन के नीचे रखा बरदाना जल गया। आग से हड़कंप मच गया। किसी तरह परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। टीन के नीचे लेटे सुबोध के दिव्यांग पिता कैलाश चंद्र को बाहर निकाला। तभी एक व्यक्ति के करंट लग गया। उसे बचाया गया। परिजनों का कहना है यदि समय रहते दिव्यांग को बाहर न निकाल पाते तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता था। इधर परिजनों ने बिजली विभाग को फोन किया लेकिन विभाग का कोई कर्मचारी नहीं आया। इस पर जेई को भी काल की गई लेकिन वह भी नहीं पहुंचे। लोगो ने जैसे तैसे तार हटाए। बिजली विभाग के रवैए पर परिजनों ने मामले की जानकारी एसडीएम रविंद्र सिंह को दी। उन्होंने तत्काल नायब तहसीलदार को मौके पर भेजा। मामले की पूरी जानकारी नायब तहसीलदार ने उपजिलाधिकारी को दी। शनिवार की सुबह पीड़ित के साथ दर्जनों ग्रामीण तहसील परिसर पहुंचे और हादसे को लेकर विरोध दर्ज कर प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें उन्होंने कहा चिलौली से साईधाम तक नंगे तार पड़ हैं। एसडीएम ने फौरन एसडीओ विद्युत व जेई को मौके पर बुलाया। ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी।

हादसे को लेकर ग्रामीणों की फरियाद सुनते एसडीएम, एसडीओ व जेई।

सार-संक्षेप

सड़क हादसों में 8 लोग घायल, 4 की हालत गंभीर

कायमगंज फर्रुखाबाद। गांव इकलहरा के पास अज्ञात चौपहिया वाहन ने बाइक सवार तीन को टक्कर मार दी, जिसमें तीनों गंभीर घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। इस दौरान थाना राजेपुर के गांव सेडे सकपुर निवासी अशफाक, इकलहरा निवासी असलम व उसके भाई इरशाद घायल हुए हैं। तीनों हालत गंभीर होने पर लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। इसी तरह कंपिल क्षेत्र के गांव बहलोलपुर निवासी आलोक, जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव कस्बा नगला निवासी चंदन, क्षेत्र के गांव अजमतपुर निवासी बबलू, गांव शाह आलमपुर निवासी भंवरपाल, नगर के लोहाई बाजार निवासी अरविन्द वर्मा मार्ग दुर्घटना में घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां अरविन्द को प्राथमिक इलाज के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

पोर्टल पर गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर भुगतेंगे अधिकारी

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएसके संदर्भो के गुडवत्तापूर्ण निस्तारण करने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी प्रभारी अधिकारी व कार्यालयाध्यक्ष आईजीआरएस के किये गये निस्तारण से शिकायतकर्ता को अवगत कराये, जिस अधिकारी या कार्यालय के कारण जनपद की रैंक खराब होगी उसको पहली बार परनिंदा प्रविष्टि, व दूसरी बार रैंक खराब होने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। आईजीआरएसप्रकरणों का सभी अधिकारी स्वयं निरीक्षण करे, सभी शिकायतों के निस्तारण को पोर्टल पर अपलोड करने के स्वयं जांच लें, हर विभाग प्रत्येक दशा में 10 दिन में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करें।

लोहिया अस्पताल के ड्रग स्टोर पर छापा, चार दवाइयों पर रोक

फर्रुखाबाद। डॉ बीके सिंह जिलाधिकारी के निर्देशानुसार रजत कुमार पांडेय जिला औषधि निरीक्षक ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल के अंदर संचालित ड्रग स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रदर्शित औषधियों में से पांच औषधियों के नमूने भरे गए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित फार्मासिस्ट अरविंद कुमार को निर्देशित किया गया कि औषधीय के एक्सपायर होने से 2 से 3 महीने पूर्व एक सूची तैयार करें। जिसे सीएमएस एवं डॉक्टर से संपर्क कर उसके उपयोग पर चर्चा करें। औषधियों की सूची मुख्य द्वार के समीप चश्मा करें। राम मनोहर लोहिया के अंदर संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया, जहां से चार संदिग्ध औषधियों के नमूने भरे गए। 4 दवाएं भारतीय जन औषधि परियोजना की दवाइयां न होने की दृष्टिगत सेल पर रोक लगा दिया गया है।

खुद भी खाएं और परिजनों को भी खिलाएं फाइलेरिया की दवा

फर्रुखाबाद। जनपद सहित प्रदेश के 27 जिलों में आगामी 10 अगस्त से फाइलेरिया यानि हाथी पांव से बचाव की दवा खिलाई जायेगी। इसी क्रम में पीसीआई संस्था द्वारा भारतीय पाठशाला, भारतीय महाविद्यालय में छात्रों अध्यापकों ने अभियान को हर स्तर से सफल बनाने की शपथ ली। इस दौरान भारतीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमन प्रकाश ने कहा कि हम सभी को आने वाली 10 अगस्त से चलने वाले फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में फाइलेरिया से बचाव की दवा खानी है। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. आलोक बिहारी लाल ने मौजूद छात्रों, शिक्षकों को बताया कि फाइलेरिया जीवन भर के लिए दिव्यांग बना सकता है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरसी माथुर ने भी विचार रखे।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार 3 मजदूर घायल

फर्रुखाबाद। थाना कम्पिल क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार तीन मजदूरों को टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों को अपस्ताल में भर्ती कराया। थाना कम्पिल के ग्राम इकलैहरा निवासी इरसाद और उसका भाई असलम मजदूरी करते हैं। शनिवार को वह दोनों बाइक से कस्बा कम्पिल सब्जी लेने निकले जहां राजेपुर के ग्राम सीढ़े चकरपुर निवासी इसफाक भी था। तीनों बाइक से कम्पिल आ रहे थे तभी समय गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। तीनों घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को कयामगंज अस्पताल में भर्ती करवाया। हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने साइबर ठगों से 3 पीड़ितों के रुपये वापस करवाए

फर्रुखाबाद। सीबीआई अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 95 हजार की ठगी कर ली थी। जिसकी पीड़ित ने एनसीआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी जिसकी जांच फतेहगढ़ साइबर क्राइम टीम के द्वारा की गई और पुलिस द्वारा फ्रॉड करने वाले से 65,600 अभी तक के खाते में वापस कराए है। आवेदक कुलदीप शर्मा पुत्र सुरेश चंद्र मूल निवासी ग्राम मथना थाना खैर जिला अलीगढ़ हाल निवासी पुलिस लाइन फतेहगढ़ ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसी तरह पुलिस लाइन के नितिन मिश्रा पुत्र मुकेश कुमार मिश्रा निवासी मोहल्ला नवदिया फतेहगढ़ कोतवाली से भी साइबर ठगों 1.36 लाख की ठगी कर ली गई थी। पुलिस ने 1.22 लाख रुपये उनके खाते में वापस करवा दिया। तीसरी घटना विनय कुमार सक्सेना पुत्र सुरेश चंद्र सक्सेना निवासी देवरामपुर क्रॉसिंग की है। खाते से साइबर ठगों ने 45000 रुपये निकाल लिए थे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सक्सेना के खाते में पूरी राशि वापस करवाने में कामयाबी हासिल की।

मामूली विवाद में हुई मारपीट में 5 लोग घायल

फर्रुखाबाद। मामूली विवाद में हुई मारपीट में पांच लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है। थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी सुदामा देवी पत्नी प्रह्लाद ने थाना पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। उसमें बताया कि उसकी पुत्री रोशन देवी पड़ोस के नल पर पानी भरने गई थी। तभी मोहल्ले का दबंग युवक उसकी पुत्री को गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज का विरोध करने पर युवक ने उसकी पुत्री पर बाइक चढ़ा दी। बाइक चढ़ाने की जानकारी पर सुदामा देवी मौके पर पहुंचीं और उन्होंने विरोध जताया। इसी बात से नाराज दबंग ने सुदामा देवी को जमकर पीटा, बचाने आई पुत्री कीर्ति देवी और पुत्री सुषमा देवी, देवर का लड़का पंकज पुत्र रामदेव को भी जमकर पीट दिया।

गैलरी में खड़े दोपहिया वाहनों को देख एसडीएम नाराज

कायमगंज फर्रुखाबाद। तहसील परिसर के अंदर गैलरी में खड़े दोपहिया वाहनों को देख एसडीएम नाराज हुए। इससे वाहन स्वामियों में हडकंप मच गया। वाहन हटाने के बाद उन्हे भविष्य में गैलरी में वाहन नहीं खड़ा करने की चेतावनी दी।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

पौधरोपण जन अभियान 2024 | प्रभारी मंत्री ने रमन्ना गुलजार में किया पौधरोपण, अभियान के तहत जिले में 38 .43 लाख पौधे लगाए गए

हमें अपना कल बचाना है तो प्रकृति को बचाना होगा : योगेंद्र उपाध्याय

रमन्ना गुलजार में पौधरोपण करते जिले के प्रभारी मंत्री।

सरकारी कृषि फॉर्म पर पौधे वितरित करते जिला कृषि अधिकारी। अमृत विचार

पौधरोपण करते एसडीएम, वन विभाग के रेंजर व वकील। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ पौधरोपण जन अभियान 2024 की शुरुआत प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने की। इस अभियान के तहत जनपद में 38.43 लाख पौधे लगाये गए।

मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाकर पौधरोपण किया जा रहा है। मानव जीवन में पौधरोपण की बहुत उपयोगिता है। प्रकृति हमारी मां है। हमें अगर अपना कल बचाना है तो हमें प्रकृति को बचाना होगा। प्रकृति को बचाने के लिये सभी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर जरूर लगाएं। प्रदेश में 36.26 करोड़ पौधों को रोपित किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन उप प्रभागीय निदेशक फर्रुखाबाद ओम प्रकाश ने किया। अभियान के तहत रम्मना गुलजार बाग फर्रुखाबाद में मंत्री उपाध्याय व सांसद मुकेश राजपूत, विधायक सुशील शाक्य, विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, आयुक्त एवं निदेशक उद्योग उप्र राजेश कुमार, मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिमी एन रविन्द्र, जिलाधिकारी डॉ. बीके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार मिश्र, प्रभागीय निदेशक, वानिकी प्रशिक्षण संस्थान कानपुर श्रद्धा यादव व नगर मजिस्ट्रेट ने पौधरोपण किया।

इसके साथ ही शहर के विभिन्न पार्कों, स्कूल कालेजों, समस्त ग्राम पंचायतों, ब्लॉक, तहसीलों सहित कुल 26 विभागों की सहभागिता से जनपद में पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों को वन विभाग द्वारा पौधे भेंट किये गये। वहीं दूसरी तरफ उप कृषि निदेशक टीएस गौतम, जिला कृषि अधिकारी वीके सिंह ने राजकीय कृषि फार्म जाजपुर बंजारा एवं नबाबगंज में मां भगवती सेवा संस्थान द्वारा गठित एफपीओ अमृत वाणी के सदस्यों के साथ पौधरोपण दिवस मनाया।

तहसील प्रशासन व वन विभाग ने वकीलों के साथ रोपे पौधे

कायमगंज फर्रुखाबाद। तहसील परिसर में एक पेड़ मां के नाम के कार्यक्रम के तहत उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह, वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार व वकीलों ने पौधरोपण किया। इस दौरान नायब तहसीलदार सृजन कुमार, नायब तहसीलदार मनीष कुमार, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विशेश्वर दयाल, सचिव अवनीश गंगवार, फहीम खां आदि मौजूद रहे।

एक नजर

185 इंजीनियरिंग छात्रों को मिले टैबलेट

कन्नौज। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज विधईपुर्वा तिर्वा में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से संचालित स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 195 विद्यार्थियों को नि :शुल्क टैबलेट वितरण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की निदेशक प्रो. रचना अस्थाना व मुख्य अतिथि उमर्दा ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने किया। संस्थान के कुलसचिव डॉ. बीडीके पात्रो, डॉ. अरुण सिंह, अधिष्ठाता शैक्षिक डॉ. रवीश सिंह राजपूत, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. विजय तिवारी, ऋषभ कश्यप, राजीव कुमार एवं मीडिया प्रभारी मुकुल सक्सेना, अरुण कुमार, आशिक आदि उपस्थित रहे।

मक्का न जमने पर जारी की गई नोटिस

कन्नौज। छिबरामऊ क्षेत्र के किसान सलाउद्दीन ने बताया कि मार्च में मक्का की बोआई की थी। बीज खरीदने के दौरान दुकानदार की ओर से उसे बिल नहीं दिया गया। खाद, पानी व जोताई में काफी रुपये खर्च करने के बाद भी मक्का अंकुरित नहीं हुई। इसकी शिकायत जिला कृषि अधिकारी से की गई। मामले का संज्ञान लेकर विक्रेता व कंपनी के प्रतिनिधि को नोटिस जारी हुई है। साथ ही एडीओ कृषि कृष्णवीर सिंह की ओर से जांच भी शुरू हो गई है।

पिलर पर गिरने से बच्चे के घुसी सरिया, हालत गंभीर

सौरिख, कन्नौज। खेलते समय बच्चा छत से नीचे गिर गया। पिलर के ऊपर गिरने से पेट में सरिया घुस गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बा के अंबेडकर नगर निवासी वकील का चार वर्षीय पुत्र सनाबिल अपने मकान की छत पर खेल रहा था। तभी पैर फिसलने से वह पिलर के ऊपर जा गिरा जिससे उसके पेट में सरिया धस गई। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

तेज रफ्तार बाइक फिसलने से युवक घायल

सौरिख, कन्नौज। तेज रफ्तार बाइक फिसलने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। क्षेत्र के परौर गांव निवासी सोनू पुत्र अनिल कुमार शुक्रवार दोपहर सौरिख बाजार करने आया था। शाम समय लगभग पांच बजे घर जाते समय खानपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने परिजनों की मदद से एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

भाइयों में मारपीट, युवक गंभीर घायल

तालग्राम (कन्नौज)। जमीन के विवाद में भाइयों में विवाद हो गया। एक ने दूसरे को मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम चौतराहार निवासी मोर सिंह का जमीन को लेकर उसके भाई से विवाद हो गया। दोनों में मारपीट हो गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बैंक गई युवती लापता गुमशुदगी दर्ज

गुरसहायगंज कन्नौज। घर से बैंक जाने के लिए कह कर निकली युवती लापता हो गई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 10 जुलाई की सुबह उसकी 23 वर्षीय पुत्री घर से बैंक जाने के लिए कह कर गई थी लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पति की मौत के बाद रोकी गई 3599 महिलाओं की पेंशन

लाभार्थियों के खाते आधार कार्ड व एनपीसीआई से लिंक नहीं किए

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एसडीएम व बीडीओ को पत्र भेजकर सीडीओ ने समस्या के समाधान की बात कही

अमृत विचार। पति की मौत के बाद प्रोबेशन विभाग से पेंशन लेने वाली 3599 निराश्रित महिलाओं का लाभ बंद कर दिया गया है। उनके बैंक खातों में आधार कार्ड लिंक नहीं है। साथ ही नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) से मैपिंग भी नहीं कराई गई है। सीडीओ ने सभी एसडीएम व बीडीओ को पत्र लिखकर समस्या समाधान कराने की बात कही है जिससे इस वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही का लाभ महिलाओं को दिया जा सके।

महिला कल्याण निदेशक ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली किस्त उन्हीं निराश्रित महिलाओं के खातों में भेजने का आदेश जारी किया है, जिनमें ई-केवाईसी व एनपीसीआई की सुविधा है। वर्तमान में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत इलाकों के 913 व ग्रामीण क्षेत्रों की 2686 निराश्रित महिलाओं के खातों में एनपीसीआई सुविधा नहीं है। इस वजह से इनकी पेंशन रोक दी गई है। प्रोबेशन विभाग की ओर से बताया जा रहा है कि अब ऐसी महिलाओं के मोबाइल नंबरों पर कॉल कर प्रक्रिया पूरी कराने को कहा जा रहा है जिससे वह लाभ से वंचित न हो सकें। साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों के बीडीओ व शहरी क्षेत्र में एसडीएम से सहयोग मांगा गया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नगर पालिका परिषद कन्नौज में 328, छिबरामऊ क्षेत्र में 208 व गुरसहायगंज में 141, नगर पंचायत सौरिख में 67, तिर्वागंज में 55, समधन में 52, तालग्राम में 33 व सिकंदरपुर में 29 कुल 913 महिलाओं के खातों में आधार कार्ड लिंक न होने के चलते लाभ बंद कर दिया गया है।

ग्रामीण इलाकों में इतनों के नहीं खाते एनपीसीआई

ब्लॉक	संख्या
उमर्दा	581
छिबरामऊ	506
सौरिख	375
तालग्राम	371
कन्नौज	357
हसेरन	186
जलालाबाद	177
गुगरापुर	133

मुंबई में हुई दुर्घटना में समधन के युवक की जलकर मौत

संवाददाता गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। चार माह पहले चालक व परिचालक का काम करने मुंबई गए दो युवकों की पिकअप खण्डारागाट से उतरते समय डिवाइडर से टकरा गई। इससे गाड़ी में आग लग गई। दुर्घटना में समधन निवासी चालक की जलकर मौत हो गई। परिचालक को घायल अवस्था में स्थानीय लोगों ने निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया।

फखरुल उर्फ भूरा।

नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी फखरुल उर्फ भूरा (28) सात भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। 19-20 जुलाई की रात हुए हादसे के बाद गाड़ी में आग लगने से उसकी मौत हो गई। परिचालक कस्बा समधन के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सलमान (30) गंभीर रूप से झुलस गया। स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। पूर्व नगर अध्यक्ष नकीम खान, सेय्यद उसैब अहमद, रफी अनवर सिद्दीकी, जावेद अख्तर, हाजी नसीम अहमद अब्बासी, अखलाक हुसैन ने शोक संवेदना व्यक्त की।

गरम तेल की छीटों से झुलस गया युवक

छिबरामऊ, कन्नौज। शादी समारोह कार्यक्रम में कड़ाही के गरम तेल के छीटों से एक युवक झुलस गया। कोतवाली क्षेत्र के कुंवरपुर लोधपुर गांव निवासी कोतवाली सिंह के घर में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। पुत्र अंकित हलवाई के पास पूड़ी लेने गया तभी अचानक कड़ाही में खौल रहे तेल के छीटे अंकित पर पड़ गई। गरम तेल की चपेट में आकर अंकित झुलस गया। परिजनों ने घायल युवक को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया है।

सार-संक्षेप

अनौगी के जिला कारागार में पौधरोपण करते अधीक्षक मोहम्मद अकरम खां।

कारागार में स्वच्छता अभियान चलाकर किया पौधरोपण

जलालाबाद, कन्नौज। जिला कारागार में जेल अधीक्षक मोहम्मद अकरम खां के नेतृत्व में शनिवार को अधिकारियों व कर्मचारियों ने क्लीन जेल एंड ग्रीन जेल के तहत परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के लिए बंदियों के साथ छायादार/फलदार 100 पौधे (आम, कटहल, आंवला, सहजन, नीबू, अमरूद, नीम, करौदा, जामुन) रोपित किए गए। इस मौके पर कारापाल विजय शुक्ला, उप कारापाल उर्मिला सिंह, उप कारापाल आशा देवी पांडेय, फार्मासिस्ट रामबिहारी, सहायक शिक्षाध्यापक मनोज कटियार तथा प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कुमार उपस्थित रहे।

चोरों ने चौथी बार कबाड़ की दुकान को बनाया निशाना

छिबरामऊ, कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र की एक कबाड़ की दुकान को चोरों ने चौथी बार निशाना बनाया है। दुकान का ताला तोडकर 45 हजार की नकदी समेत 20 हजार कीमत के पीतल सामान की बोरी ले गए। सिकंदरपुर कस्बा निवासी प्रभाकर रावत ने बताया कि कस्बे में ही कबाड़ की दुकान है। शनिवार सुबह दुकान पहुंचा तो गोलक का ताला टूटा था व 45 हजार रुपये व पीतल के सामान से भरी एक बोरी गायब थी। मामले की सूचना पुलिस को दी। इससे पहले चोर तीन बार दुकान में चोरी कर चुके थे। पुलिस को तहरीर दे दी है।

खेत बेच कर मिले रुपये से शराब पीकर किया हंगामा

कन्नौज। खेत बेंचने से मिले रुपये से खूब शराब पी। इस के बाद बीच सड़क पर जमकर हंगामा काटा। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसे शांति भंग में न्यायालय भेजा। सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगधरापुर निवासी सोवरन पुत्र गंगा राम ने हाल ही में कुछ भूमि की बिक्री की थी। इसके रुपये मिलने के बाद वह प्रतिदिन शराब पी रहा था। रुपये कहीं गायब न हो जाये इसलिये पत्नी उस पर नजर रखती थी। शनिवार को उसने शराब पी। इसके बाद हंगामा करते हुए मकरंदनगर स्थित टाकीज के निकट पहुंचा। यहां पर भी उसने शराब खरीद कर पी ली। इससे अधिक नशा हो गया तो सड़क पर लोट-लोट कर हंगामा करने लगा। किसी ने इस की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मकरंदनगर चौकी प्रभारी सुभाषचंद्र मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ लिया। इस के बाद पत्नी को बुलवाया। उसके पास मौजूद करीब 49000 रुपये कई लोगों के सामने पत्नी के सुपुर्द किये। पत्नी को घर भेजने के बाद पुलिस उसे कोतवाली ले गई जहां से उसे शांति भंग में न्यायालय भेज दिया।

सीएमएस से मुलाकात करते सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खां व अन्य।

अस्पताल में मरीजों को अच्छा इलाज देने की उठाई बात

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मरीजों को बेहतर उपचार दिलाने के लिये समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाज़िम ख़ान ने जिला अस्पताल पहुंच कर मरीजों की हाल खबर ली। इस दौरान सीएमएस से मुलाकात कर इलाज की अच्छी व्यवस्था किए जाने की मांग रखी।

शनिवार को सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जिला अस्पताल पहुंचे। यहां मरीजों से उपचार व व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। बताया कि सपा सरकार में बने ज़िला अस्पताल में 200 बेड की क्षमता है, परंतु बीजेपी सरकार में सिर्फ़ 100 बेड का ही बजट मिलता है। काफ़ी चीजो का बजट भी घटा दिया हैं, जिससे मरीज बढ़ने पर उनको मेडिकल कॉलेज रेफ़र कर दिया जाता हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कई बार मेडिकल कॉलेज की दुर्दशा का मुद्दा उठा चुके हैं। सीएमएस डॉ. शक्ति बसु से मुलाकात कर जिला अस्पताल से कम से कम मरीज रेफर किये जाने की मांग की।

गुरु पूर्णिमा आज, स्नान की तैयारी पूरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। गुरु पूर्णिमा पर्व रविवार को आस्था व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जिले के महादेवी गंगा घाट और तिर्वा क्षेत्र के सिद्धपीठ अन्नपूर्णा मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए दिन भर सुविधाओं व सुरक्षा को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा रहा। जगह-जगह पार्किंग स्थल, साफ सफाई जैसे खामियों को भी दुरुस्त कर लिया गया है। सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से बड़ी संख्या में पीएसी व पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है।

रविवार को अषाढ़ी के चलते महादेवी गंगा घाट पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। पर्व पर जनपद की सीमाओं से सटे इलाकों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। भीड़ अधिक होने से अक्सर वाहनों की पार्किंग व्यवस्था ठीक से न होने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करता पड़ता है। गंगा स्नान को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए हैं। प्रशासन की ओर से पीएसी व फ्लड पीएसी तैनात की गई है। गंगा घाट को जाने वाले रास्तों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। हरदोई मोड़ से महादेवी गंगा घाट वाले मार्ग को सात सेक्टर में बांटा गया है। जगह जगह पुलिस चेक पोस्ट बनाई गई है।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार कस्बा स्थित सिद्धपीठ मां अन्नपूर्णा मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर आषाढ़ी मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में भी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। मंदिर में गैर जनपद समेत मध्य प्रदेश तक के भक्त पूजा अर्चना करने आते है। श्रद्धालु पहले महादेवी गंगा घाट पर अस्था की डुबकी लगाते हैं। इसके बाद वह मां अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचकर दर्शन करते हैं। मां अन्नपूर्णा अन्न की देवी है जिनकी पूजा से घरों मे अन्न का भण्डार कम नहीं होता है। श्रद्धालु अपने खेत में उपजी फसलों का हिस्सा लेकर मां अन्नपूर्णा को चढ़ाते हैं। इसके साथ ही अन्नपूर्णा दरवार की मिट्टी ले जाकर अपने खेतो मे डालते हैं। इससे उपज अच्छी होने की मान्यता है।

महादेवी गंगा घाट पर सीसीटीवी कैमरे लगाता कर्मचारी। अमृत विचार

बारिश से टूटी डाली हाईटेंशन लाइन पर टंगी, हादसे का खतरा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। बिजली विभाग की लापरवाही से कई दिनों से बिजली लाइन पर पेड़ की टूटी डाली लटक रही है। इससे कभी भी तार टूट कर गिरने से हादसा हो सकता है। लाइनमैन व बिजली विभाग बेखबर बने हैं।

बीते सप्ताह तेज हवा के साथ हुई बारिश में सरायमीरा-कन्नौज मार्ग पर पीएनबी के सामने पेड़ की डाली टूट कर हाईटेंशन लाइन के तारों पर जा गिरी। तार मजबूत होने से नहीं टूटा। एक सप्ताह के बाद भी डाल हटाई नहीं गई है जिससे एक तार पूरी तरह से झूल रहा है। उधर मार्ग से निकलने बाले लोग बिजली विभाग को लापरवाह बता रहे हैं। लोगों का कहना है कि लाइनमैन पूरे दिन इधर उधर घूमते रहते हैं पर उनकी नजर तारों पर गिरी टूटी डाली पर नहीं पड़ रही है। डाली को न हटाया गया तो किसी दिन तार टूट कर गिर जायेगा। यदि लाइन में बिजली आती रही तो बड़ा हादसा हो सकता है। एक्सईएन विद्युत मगन सिंह ने कहा उनको इस बाबत जानकारी नहीं है।

हाईटेंशन लाइन पर लटकी पेड़ की डाली। अमृत विचार

हांसापुर व परदौनपुर्वा में दो युवकों के शव लटके मिले

संवाददाता, तिर्वा कन्नौज

अमृत विचार। तिर्वा क्षेत्र के अलग-अलग गांव में दो युवकों का फंदे पर शव लटकते मिले। दोनों परिवारों में मातम छा गया। एक मामले में पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तो दूसरे में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

ठठिया थाना क्षेत्र के हासापुर गांव निवासी 35 वर्षीय रामबाबू का शव घर के एक कमरे में फंदे पर लटकता मिला। परिजन ने सुबह कमरे में देखा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर पंचनामा भरने की कार्रवाई की। वहीं तिर्वा थाना क्षेत्र के परदौनपुर्वा गांव निवासी 20 वर्षीय गौरव पुत्र गिरेंद्र शुक्रवार देर शाम किसी बात को लेकर नाराज हो गया था। इसके बाद शनिवार सुबह गौरव का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

किशोरी ने दुपट्टे का फंदा लगाकर दी जान: थाना क्षेत्र के गांव भोजापुर निवासी संजीव कुमार की पुत्री निकेता (16) ने घर के अंदर दुपट्टे का फंदा लगाकर जान दे दी। घटना शुक्रवार रात को हुई। सुबह जानकारी पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

व्यवस्था गड़बड़ | इंडक्शन चूल्हे से गर्म खाद्य पदार्थ बनाने का आदेश लेकिन प्रक्रिया जटिल होने से बाहर से खाद्य सामग्री व चाय लाते वेंडर

गैस सिलेंडर पर रोक, रेलवे यात्रियों को मिल रही ठंडी चाय-समोसे

कपिल गुप्ता, कन्नौज

अमृत विचार। रेलवे की ओर से स्टेशनों पर गैस सिलेंडर रखने व उसके इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। इसके स्थान पर इंडक्शन का प्रयोग करने की अनुमिति दी गई है। इसके लिए बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य है। वेंडरों के लिए पहले तो यह प्रक्रिया मुश्किल है तो वहीं भारी भरकम जमानत राशि का प्रावधान है। इस कारण वेंडर व स्टाल संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। वे बाहर से चाय-समोसे बनाकर लाते और फिर ट्रेन आने पर बेंचते हैं। व्यवहारिक दिक्कत यह है कि यात्रियों को गरम चाय-नाश्ता नहीं मिलता।

दरअसल यात्री सुरक्षा को देखते हुए रेलवे ने अब से करीब सात माह पहले स्टेशन पर गैस सिलेंडर का उपयोग बंद करने का आदेश दिया था। इसके बाद से वेंडर व स्टाल संचालक अपने घर या अन्य स्थानों से ही चाय, समोसा, पूड़ी-सब्जी बनाकर लाते और फिर ट्रेन आने पर बेंचते हैं। ऐसे में यात्रियों को जो ताजा व गर्म खाद्य सामग्री आसानी से मिल जाया करती थी, वह अब नहीं मिल पा रही है। रेलवे की तरफ स्टेशन पर इंडक्शन का प्रयोग कर खाद्य सामग्री तैयार किए जाने के आदेश दिए गए हैं। चूंकि रेलवे की तरफ से बिजली कनेक्शन की व्यवस्था नहीं की गई है और वेंडरों की आर्थिक स्थिति भी ऐसी नहीं कि वे कनेक्शन लेकर इंडक्शन चलाएं और फिर चाय आदि बनाएं। ऐसे में वे ट्रेन आने से कुछ पहले बाहर से चाय-समोसे- पूड़ी आदि बनाकर लाते हैं फिर यात्रियों को बिक्री करते हैं। यात्रियों की विवशता में ठंडे खाद्य पदार्थों से संतोष करना पड़ता है। वेंडर बताते हैं कि रेलवे से बिजली कनेक्शन व्यवस्था नहीं है।

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर ठेली पर गत्ते में रखे समोसे।

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर केतली में चाय बेचता वेंडर। अमृत विचार

गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर रोक के बाद खाद्य पदार्थ ब्रिकी करना मुश्किल हो रहा है। विद्युत कनेक्शन के लिए भी करीब 40 हजार जमानत राशि जमा करनी पड़ रही है। ठेली पर विद्युत कनेक्शन भी नहीं हो रहा। बाहर से ही खाद्य सामग्री बनाकर ले आते और बेंचते हैं।

गोपाल वेंडर

रेलवे स्टेशन पर गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर रोक लगने के बाद कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समोसा, चाय व सब्जी पूड़ी घर से ही बना कर लानी पड़ रही है। इससे यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

सुनील कुमार वेंडर

करीब छह माह पहले ही रेलवे की ओर से स्टेशन पर गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई थी। फिलहाल वेंडर घर से ही खाद्य पदार्थ तैयार कर स्टेशन पर ब्रिकी कर रहे है। वेंडर के लिए विद्युत कनेक्शन की सुविधा है। वेंडरों से विद्युत कनेक्शन के लिए भी कहा जा चुका है

अंजनी प्रसाद, अधीक्षक
कन्नौज रेलवे स्टेशन

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना
मैं अरबाज उल्ला वयस्क पुत्र इशरत उल्ला निवासी म0नं0 281 मीरपुर कैण्ट थाना रेलबाजार, कानपुर नगर अपनी पत्नी रिजवाना पुत्री स्व0 मुनचुन निवासी मो0 जुगियाना चौबेपुर कानपुर नगर को अपने पूर्ण होशो हवास में दिनांक 29-06-2024 को प्रथम तुहर में तलाक दे रहा हूं। आज से आप व मेरे मध्य कोई भी पति पत्नी का सम्बंध नही रह गया है। इस सम्बंध में मेरे द्वारा आपको एक नोटिस दि0 29-6-2024 प्रेषित किया था जिसे आपने लेने से इन्कार कर दिया।

सूचना
सूचित हो कि मेरे परिवहन विभाग के अभिलेखों (ड्राईवर लाइसेंस) में मेरा नाम गौरीशंकर सैनी दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम गौरीशंकर है। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाता है। **गौरीशंकर पुत्र किशुन लाल नि0- सिकन्दरपुरा, राठ हमीरपुर (उ0प्र0)**

सूचना
मेरा बड़ा पुत्र शिवप्रकाश उर्फ बड़कू अपनी शादी के बाद से ही मुझसे अलग रह रहा है मुझसे और मेरी पत्नी से बदसलूकी करता है। मेरे परिवार का उससे किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं है। मैने पूरे होशो हवास में उसे अपने परिवार से अलग करते हुए संबंध विच्छेद कर चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे जीते जी या मृत्यु के बाद मेरी संपत्ति में उसे कोई अधिकार नहीं होगा। **राम नारायन पिता छवि राम, कामिनी देवी पत्नी राम नारायन, निवासी मुहल्ला सिद्धार्थपुरी, तहसील व थाना जसवन्तनगर, जिला-इटावा**

सूचना
पहले मेरा नाम LACHHMAN SINGH था अब मैंने बदलकर अपना नाम LACHHMAN SINGH PANWAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RANBIR SINGH R/O- 101 A ARIF APARTMENT, NEW HYDERABAD

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम GOVIND था अब मैंने बदलकर अपना नाम GOVIND PRASAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: KESHARI PRASAD, R/O- 215, KUDIYARA RAJUPUR KOTA, POST AND PS KURWAR, Sultanpur

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम SANTOSH था अब मैंने बदलकर अपना नाम SANTOSH KORI रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: JAGARNATH R/O- VILL- BHANDAR, POST-PARASRAMPUR, Sultanpur- 228155

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स लकी ट्रेडर्स, विवेक नगर, सुलतानपुर उ0प्र0 कि साझीदार से अशोक कुमार सिंह पुत्र स्व0 राम कुमार सिंह निवासी विवेक नगर, सुलतानपुर पृथक हो गये है। इनका फर्म से कोई लेना देना, सरोकार व बकाया नहीं है। **साझीदार - राम बहादुर सिंह**

सूचना
सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने बेटे नेब्बू लाल के नाम से LIC की पालिसी ली थी, जिसका पा. नं 236630558 है, मेरे बेटे के समस्त दस्तावेजों में वीरेंद्र कुमार पुत्र रामू सोनकर अंकित है। अतः दोनों नाम नेब्बू लाल उर्फ वीरेंद्र कुमार है। अब मेरे बेटे को वीरेंद्र कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए। **रामू निवासी- ग्राम भुड़कुड़ा, पो. रुपईडीह, जिला गोंडा।**

सूचना
सूचित हो कि मैने अपना नाम प्रियंका देवी से बदलकर प्रियंका कुमारी कर लिया है मेरे आर्मी कागजात संख्या 15817408HL/NKDMT में प्रियंका देवी दर्ज है उपरोक्त दोनों नाम एक ही महिला के हैं। **प्रियंका कुमारी पत्नी संजीव कुमार सिंह, निवासी-ग्राम बसही, जिला- छपरा चक हाफिज सारण बिहार, 841206**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल प्रमणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2019 का जिसका रोल नंबर 1842648 है और इंटरमीडिएट प्रमणपत्र-सह अंकपत्र यूपी बोर्ड द्वारा निर्गत वर्ष 2021 का जिसका रोल नंबर 216497174 वास्तव में कही खो गया है। **- रूबी शर्मा पुत्री वीरेंद्र कुमार निवासी- ग्राम मोहम्मदाबाद, पो. किशुनदासपुर, कादीपुर, सुलतानपुर**

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम DINESH था अब मैंने बदलकर अपना नाम DINESH NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: RAM NIHOR, R/O- VILL BADARUDDINPUR, MISIRPUR, POST- LAMBHUA, Sultanpur, 222302

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AJEET GANDHI था अब मैंने बदलकर अपना नाम AJEET SINGH रख लिया है भविष्या में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जायेगा। S/O: LATE SATYA PAL, R/O- MIG 13 LDA COLONY AISHBAGH RAJENDRA NAGAR, LUCKNOW

सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सोनू पाल को उसकी आवारागर्दी एवं गलत चाल-चलन के कारण अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया हूं। उसके किसी भी कृत कार्य, लेन देन से मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **- ननकू पाल पुत्र राम नरेश पाल, निवासी- ग्राम, दमोदरा (सुकाली का पुरवा) पोस्ट- ढेका पखनपुर, परगना बरौंसा, तहसील जयसिंहपुर जनपद सुल्तानपुर**

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र शहनवाज को उसके गलत आचरण के चलते अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्य का वह स्वयं उत्तरदाई होगा। मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्तव सरोकार नहीं रहेगा। **-मोहम्मद सकिर पुत्र नजरुद्दीन, निवासी- मोहल्ला बुखारी टोला, कस्बा व थाना खीरी, जिला- खीरी**

पौधा लगाकर पर्यावरण के लिए जागरूक करतीं एआरटीओ इज्या तिवारी व पीटीओ संगीता सैनी। अमृत विचार

नगर पालिका परिषद के ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी व सभासद हाजी मोहम्मद रईस ने भी पौधा लगाया। अमृत विचार

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पौधरोपण में ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, निदेशक रचना अस्थाना शामिल रहीं। अमृत विचार

एसडीएम सदर रामकेस ने भी नायब तहसीलदार हिमांशु प्रजापति के साथ पौधा रोपा। अमृत विचार

रिकार्ड 39.28 लाख पौधे रोप कर किया धरती का 'श्रृंगार'

पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत जिले में लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत 39 लाख 28 हजार 408 पौधे रोपे गए। एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधा रोपने से लेकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। वन विभाग समेत 23 विभागों की ओर से लक्ष्य पूरा किया गया।

शनिवार को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजीटेबल उमर्दा मैदान में समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, जिले की नोडल/ चिकित्सा शिक्षा सचिव अर्पणा यू व जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने संयुक्त रूप से पीपल, बरगद, पाकड़ का पौधा लगाया। वहां 20 हेक्टेयर जगह में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया गया।

सेंटर ऑफ एक्सीलेंस सभागार में मंत्री ने कहा कि इस वर्ष अधिक गर्मी का मुख्य कारण वृक्षों की कमी होना है। भविष्य की चिंता करते हुए पौधरोपण करना होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने कहा कि भावी पीढ़ी को उपहार स्वरूप कुछ देने के लिए पौधरोपण जरूरी है। जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने कहा कि पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ महा अभियान से हरीतिमा आएगी। नोडल अधिकारी अर्पणा यू ने डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तिर्वा में पौधरोपण कर कहा कि पौधे जीवित रहने चाहिए। इनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस मौके पर सीडीओ रामकृपाल चौधरी, प्रभागीय वानिकी अधिकारी हेमंत सेठ, जिलाध्यक्ष भाजपा वीर सिंह भदौरिया, डीएचओ सीपी अवस्थी मौजूद रहे।

इन अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी रोपे पौधे: विधायक छिबरामऊ अर्चना पांडेय, एसपी अमित आंनद, एसडीएम सदर रामकेस, एआरटीओ प्रशासन इज्या तिवारी, पीटीओ संगीता सैनी, नगर पालिका परिषद ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी, सभासद हाजी मोहम्मद रईस, तिर्वा ईओ देवांशी दीक्षित, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने भी पौधे लगाकर धरा का श्रृंगार किया प्राथमिक स्कूल महसौनापुर उमर्दा में प्रधानाध्यापक वैभव राजपूत की देखरेख में चांदनी, सुदर्शना, कनेर प्रजातियों के कुल 150 पौधे छात्र-छात्राओं ने रोपे। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में निदेशक प्रो. रचना अस्थाना ने सरस, मुख्य अतिथि उमर्दा ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा ने शीशम का पौधा रोपा। छात्र/छात्राओं के साथ मिलकर करीब 800 पौधे रोपे गए जिसमें अनार, नींबू, शीशम, इमली, सरस के पौधे शामिल हैं। राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता ने बताया कि उनके यहां भी एक सैकड़ा पौधे लगाए गए।

उमर्दा क्षेत्र में पौधरोपण करने के बाद मौजूद मंत्री असीम अरुण, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, नोडल अपर्णा यू व जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल। अमृत विचार

तिर्वा नगर पंचायत में पौधा लगाकर पानी देते चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता।

बच्चों के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने पौधरोपण किया। अमृत विचार

- अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्रों व आमजनमानस की रही भागीदारी
- कहा गया, भावी पीढ़ी को उपहार स्वरूप कुछ देने के लिए पौधरोपण बहुत जरूरी

नगर पंचायत क्षेत्र में 1000 से ज्यादा पौधे लगाए गए

सौरिख, कन्नौज। नगर पंचायत क्षेत्र के रौरी कुंड के पास नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने सभासदों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। अध्यक्ष ने बच्चों को बुलाकर एक-एक पौधा वितरित किया। साथ ही पौधों की देखभाल करने के लिए कहा। बताया कि पांच स्थानों का चयन कर एक हजार से अधिक पौधे लगाए गए। लेखपाल औरंगजेब, विजय सैनी, आशीष राजपूत, संदीप, रामकिशोर, सभासद में रामू मिश्रा, संजय माथुर, नवीन, मिथुन, नदीम, संतोष प्रजापति, शुभम यादव, छोटे राठौर, इजहार अली, अनीस, मुस्तफा मौजूद रहे।

पौधरोपण कर लिया देखरेख का संकल्प

संवाददाता, गुरसहायगंज, तालग्राम

अमृत विचार। नगर पंचायत तालग्राम में चेयरमैन प्रतिनिधि शाहनवाज़ खान उर्फ शानू ने सभासदों, कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया। इस मौके पर सभासद उमेश कुमार, राजेश शर्मा, नरेंद्र सिंह, सचिन ठाकुर, सलाउद्दीन मौजूद रहे, जबकि नगर पंचायत कर्मी नितेश सिंह, गोकरन सिंह, नूरुद्दीन अंसारी, हिमांशू त्रिपाठी, सर्वेश कुमार, रोहित पटेल, रवीश शर्मा, अनुज कुमार, संतराम कार्यवाहक सफाई नायक ने कर्मचारियों के साथ पौधे लगाए। नगर पंचायत समधन में अधिशाषी अधिकारी सुनील सिंह ने बच्चों को एक पौधा मां के नाम वितरित किए व पौधे रोपे। ग्राम पंचायत सदरपुर द्वारिकापुर में प्रधान डॉ. चंद्रकांत यादव, लेखपाल कौशल यादव, मेट सुरेंद्र सिंह, बालकिशन यादव, रोहित दिवाकर आदि ने अमृत सरोवर के तहत पौधारोपण किया। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में भी अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार और पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने सभासदों व कर्मियों के साथ पौधे रोपकर उनकी देखरेख करने का संकल्प लिया। फर्रुखाबाद रोड रामगंज स्थित दक्षिणी सहकारी समिति में एडीओ सहकारिता मुनीष कुमार, अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव, अमीन योगेश पांडेय, प्रबंधक गीतेश मोहन द्विवेदी, नीरज श्रीवास्तव, भरत बहादुर सिंह, संजीव कुमार ने परिसर में पौधरोपण किया।

तालग्राम में पौधरोपण करते कर्मी व शिक्षक। अमृत विचार

सहकारी समिति पर पौधरोपण करते कर्मी। अमृत विचार

छात्रा को पौधा भेंट करते ईओ सुनील सिंह। अमृत विचार

राजकीय विद्यालयों की छात्राएं अब सीखेंगी आत्मरक्षा के हुनर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- करीब दो हजार बालिकाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग
- प्रशिक्षकों का चयन कर कल से शुरू होगा प्रशिक्षण

अमृत विचार। जिले में 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। इसमें पांच इंटर कॉलेज भी शामिल हैं। सभी राजकीय विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा के हुनर सिखाए जाएंगे। 22 जुलाई से शुरू होने वाले प्रशिक्षण को लेकर बैठक हुई। बताया जा रहा है कि विभिन्न स्कूलों की करीब दो हजार बालिकाएं इससे लाभान्वित होंगी।

शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने बालिकाओं को रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने वाली योजना की बैठक की। कहा, प्रशिक्षकों का चयन कर समिति गठित की जाए। अधिक बालिका वाले विद्यालयों में ट्रेनिंग देने के लिए वरीयता मिले। बैठक में बताया गया कि प्रशिक्षकों के चयन की कवायद चल रही है। बैठक में डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा के प्रधानाचार्य नीतू गुप्ता, रमा वाई बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ की प्रधानाचार्य सरोज, राजकीय हाईस्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिव मोहन सिंह कुशवाहा, रागिनी मिश्रा उपस्थित रहीं।

डीआईओएस ने सभी विद्यालयों में प्रशिक्षण को समय से शुरू करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अनुज व अभिषेक मिश्रा मौजूद रहे।

जिलाधिकारी की बैठक में मौजूद प्रधानाध्यापक, डीआईओएस आदि।

दबंगों ने घर में घुस कर परिवार को पीटा

कन्नौज। मामूली बात पर पड़ोसियों में झगड़ा हो गया। इसके बाद दबंगों ने परिवार को घर में घुसकर बुरी तरह से पीट दिया। मामले में पुलिस को तहरीर दी गई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के जैनपुर निवासी प्रशांत कुमार ने पुलिस को बताया कि दो दिन पहले पड़ोस में रह रहे लोगों के जानवर ने घर के सामने गंदगी कर दी। उसे पानी डालकर साफ कर दिया। इसी दौरान गंदगी इधर-उधर हो गई। इस पर पड़ोसी गाली देने लगी। विरोध किया तो सभी ने लाठी डंडों व हंसिया से हमला कर दिया। जब बचाव के लिए घर के अंदर घुस गए तो आरोपी भी घुस आए और पीट दिया। बचाने आए पिता दयाशंकर तिवारी व भाई शशांक तिवारी को भी पीटा। महिलाएं बचाने आईं तो उनको भी पीट कर घायल कर दिया। इस संबंध में ठठिया थानाध्यक्ष अरुण चौधरी ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौते की बात चल रही है।

दो लाख की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाला

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

अमृत विचार। शादी के दो साल बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

क्षेत्र के बेहटा रामपुर निवासी शिवरतन सिंह ने बेटी की शादी 23 अप्रैल 22 को फर्रुखाबाद के कमालगंज क्षेत्र के गगनी नगला निवासी विनय कुमार के साथ की थी। ससुरालीजन शादी में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और दो लाख रुपये की मांग कर विवाहिता का उत्पीड़न करने लगे। काफी समझाने के बाद भी ससुरालीजन नहीं माने और 13 जून 24 को मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने पति विनय, जेठ मनोज, विपिन, शिशुपाल, ससुर सुरेश चन्द्र, सास उर्मिला देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

दहेज के लिए महिला को मारपीट कर किया घायल

गुरसहायगंज, कन्नौज। ग्राम इस्माइलपुर निवासी एजाद अहमद की पुत्री रहमतुन ने बताया कि उसकी शादी गांव के उबैदुल खां के साथ हुई थी। शादी के बाद ससुर मो. मुस्तकीम, सास रुकसाना वेगम, तसलीम, तहसीम, शीवा, ननदोई सिवली निवासी ग्राम भडौसा थाना जहानगंज जिला फर्रुखाबाद, मुनीर निवासी दारासराय कस्वा समधन ने शादी के बाद दहेज में एक कार तथा दो लाख रुपये की मांग करना शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसके मायके आकर 17 जुलाई की दोपहर ससुरालियों ने गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

पौधरोपण करते प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह। अमृत विचार

पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण

छिबरामऊ, कन्नौज। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नेहरू महाविद्यालय के अध्यापकों और छात्र-छात्राओं ने बड़े स्तर पौधरोपण किया। प्राचार्य डॉ. जयवीर सिंह ने बात भी रखी। दिलू नगला गांव में तीन सैकड़ा से अधिक फलदार व छायादार पौधे रोपित कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया।

वरिष्ठ नागरिक संसाधन केंद्र की शुरुआत

कन्नौज। एनाग्राम फाउंडेशन ने कन्नौज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संसाधन केंद्र की शुरुआत की है। केंद्र का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराना और उनके जीवन को एक बेहतर आयाम देना है। सरायमीरा स्थित केंद्र का शुभारम्भ श्रीमती शशि चौहान और इंद्रपाल सिंह चौहान रविवार को शाम चार बजे करेंगे। वर्तमान में केंद्र पर एक पुस्तकालय और कुछ खेलों का प्रावधान किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी मासिक रूप से किया जाएगा। शुरुआत में केंद्र को सप्ताह में एक दिन शाम के समय संचालित किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों के लिए केंद्र की सदस्यता नि:शुल्क रहेगी।

शीला दीक्षित की पांचवी पुण्यतिथि मनाते कांग्रेसी। अमृत विचार

पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने शीला दीक्षित को याद किया

कन्नौज। कन्नौज की पूर्व सांसद और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की पुण्यतिथि कांग्रेस नेताओं ने श्रद्धा भाव से मनायी। पूर्व जिलाध्यक्ष के आवास पर एकजुट हुये कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेताओं ने उन्हें विकास नेत्री बताते हुये कहा कि कन्नौज के विकास की आधारशिला रखने वाली वही थीं। जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल ने कहा कि कन्नौज की बहू बनकर आईं शीला दीक्षित ने यहां से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत कर विकास की गंगा बहाई। कन्नौज को हरदोई से जोड़ने वाला गंगा पुल, यूपीटी, गुगरापुर क्षेत्र में सड़कों का जाल, तिर्वा में टीवी रिले केंद्र सहित कई विकास कार्य उनकी ही देन हैं। तीन बार मुख्यमंत्री रह कर दिल्ली का कायाकल्प किया। पूर्व जिलाध्यक्ष अजय पांडे, रमाशंकर राठौर, बृजेश सिंह, एहसान उल, अरविंद दुबे, आशुतोष त्रिपाठी आदि रहे।

यूपी बोर्ड | हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के रजिस्ट्रेशन लिए हर केंद्र को एक-एक हजार परीक्षार्थी आवंटित

व्यक्तिगत परीक्षा के रजिस्ट्रेशन को 4 केंद्र बने, गाइडलाइन जारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज यानि यूपी बोर्ड ने जिले में व्यक्तिगत परीक्षा में शामिल होने के लिए चार अग्रसारण/ पंजीकरण केंद्र बना दिए हैं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक-एक हजार परीक्षार्थी आवंटित किए गए हैं। पंजीकरण के लिए बोर्ड ने गाइड लाइन भी जारी कर दी है।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि इस बार उन राजकीय विद्यालयों को ही अग्रसारण केंद्र बनाने का आदेश जारी हुआ है जिनमें पर्याप्त संख्या में अनुभवी प्रवक्ता व शिक्षणेत्तर कर्मी उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी माध्यम के अभ्यर्थी जिला मुख्यालय के राजकीय इंटर कॉलेज या राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जैसी भी स्थिति हो आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं।

जिन जिला मुख्यालयों में यह सुविधा नहीं है वह मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक की अनुमति से बनाए गए पंजीकरण केंद्रों पर आवेदन जमा कर सकते हैं। डीआईओएस ने बताया कि आवेदन के दौरान परीक्षार्थियों से लिखकर लिया जाएगा कि उन्होंने अन्य किसी केंद्र से आवेदन अग्रसारित नहीं कराया है। न ही संस्थागत परीक्षार्थी के लिए आवेदन किया है।

इंटरमीडिएट: आवेदन के लिए यह जरूरी

- इंटरमीडिएट के लिए कक्षा 12 में फेल आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 11 में अग्रिम पंजीकरण कराने वाले पास अभ्यर्थी जिन्होंने जुलाई-अगस्त 2024 में एक साल का पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराकर पत्राचार अनुसरण प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है। वर्ष 2023 में कक्षा 11 व 12 के लिए दो वर्षीय पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीकरण कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले, समकक्ष अन्य बोर्ड से इंटर या उसके समकक्ष बोर्ड में फेल विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते हैं। कारागार के बंदी भी जिन्होंने हाईस्कूल पास किया है, भारतीय सेना में नियमित रूप से कार्यरत न्यूनतम कक्षा 10 पास सैन्य कर्मी व हाईस्कूल पास आईटीआई उत्तीर्ण विद्यार्थी जो इंटरमीडिएट की समकक्षता प्राप्त करने के लिए विनियम के तहत केवल हिंदी विषय से कक्षा 12 की परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं।

इन विद्यालयों को बनाया गया केंद्र

- राजकीय इंटर कॉलेज उमर्दा, रमाबाई राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छिबरामऊ, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मित्रसेनपुर व राजकीय उमा. स्कूल हसेनपुर करन सौरिख केंद्र बने हैं। इन केंद्रों को हाईस्कूल के 600-600 व इंटर के 400-400 विद्यार्थी आवंटित किए गए हैं।

हाईस्कूल: यह विद्यार्थी कर सकते हैं आवेदन

हाईस्कूल में फेल छात्र-छात्रा उसी कक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। क्रेडिट सिस्टम के विद्यार्थी, यूपी बोर्ड की ओर से कक्षा नौ में अग्रिम पंजीकरण कराए पास छात्र-छात्राएं, यूपी बोर्ड से समकक्षता प्राप्त अन्य शिक्षा बोर्डों से कक्षा नौ पास विद्यार्थी हाईस्कूल में आवेदन कर सकते हैं। हाईस्कूल पास वह विद्यार्थी जो अन्य विषयों से दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं। कारागार के बंदी जो कक्षा आठ पास हैं। भारतीय सेना में नियमित कार्यरत कक्षा आठ पास सैन्य कर्मी भी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा आठ के बाद आईटीआई पास जो हाईस्कूल की समकक्षता प्राप्त करने को केवल हिंदी विषय से हाईस्कूल करना चाहते हैं।

'सिर्फ पौधे लगाना ही नहीं सेवा करना भी है कर्तव्य'

उच्च शिक्षा मंत्री ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में लगाए पौधे

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। शनिवार को वृहद पौधारोपण किया गया। पौधे लगाने के साथ ही पौधों को बचाने का संकल्प भी लिया गया। प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर कृषि अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिकी, महाविद्यालय महिला छात्रावास परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए। उच्च शिक्षा मंत्री ने हरी संकरी के पौधे को लगाया।

उन्होने एनसीसी के बच्चों को पौधे देकर कहा कि एक पेड़ मां के नाम का संकल्प लिया गया है। आज पूरे प्रदेश में साढ़े 36 करोड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। हम सभी को एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखरेख करना भी हमारा कर्तव्य है। हमें जिम्मेदार नागरिक की तरह बनना चाहिए। तभी हमारा देश आगे जाएगा। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने बालम खीरा का पौधा लगाया। नोडल अधिकारी अभिषेक प्रकाश सचिव ने भी एक पेड़ मां के नाम की थीम पर नीम के पेड़ को लगाया। जिलाधिकारी अवनीश राय ने पाकड़ तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने भी एक पौधा रोपा।

भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी अतुलकांत शुक्ला, डीन डॉ. एनके शर्मा, प्रो. प्रदीप भदौरिया, अधिकारी कर्मचारी व छात्र मौजूद रहे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय को पौधा भेंट करते जिलाधिकारी अवनीश राय एवं विधायक सरिता भदौरिया। अमृत विचार

मानसून ऑफर तो मुंगेरीलाल के सपनों जैसा है...

इटावा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो मानसून ऑफर दिया है, वह मुंगेरीलाल के ख्यालों जैसा है। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बेहतर तरीके से कम कर रही है। यहां पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव कराया जाना है। सभी सीटें भारतीय जनता पार्टी उपचुनाव में जीतेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन की पोल खुल गई है। इस गठबंधन की ओर से आरक्षण और संविधान को लेकर जो भ्रम फैलाया गया था और जनता को भ्रमित किया गया था वह भ्रम अब टूट गया है। जो फटाफट पैसे आने की बात करते थे जनता ने देख लिया है कि लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार ने कर्नाटक में पेट्रोल के दाम बढ़ा दिए और जनता की जेब से खटाखट पैसे निकलवाने लगी।

उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा में मेधावियों को किया गया सम्मानित

इटावा। उच्च प्राथमिक विद्यालय ताखा में मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। बाल संसद के पदाधिकारियों से उनके कर्तव्यों के बारे में चर्चा की गई।बाल संसद के स्वास्थ्य मंत्री से बीईओ ने संचारी रोग की समीक्षा की।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ सर्वेश कुमार सिंह एवं बीडीओ राजकुमार शर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। 2023-24 में इन्सपायर अवार्ड में चयनित प्रतीक्षा,ललित कुमार, बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त निष्कर्ष कुमार, द्वितीय स्थान प्राप्त शिवांश,सड़क सुरक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त नितिन कुमार, नेचर स्टडी ट्रेकिंग कैम्प शीतलाखेत उत्तराखण्ड के लिए जनपद से चयनित विद्यालय के चार बच्चों को पुस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में गठित बाल संसद के कार्यो की सराहना की गई।

बीईओ द्वारा विद्यालय में इन्सपायर अवार्ड में आइडिया बॉक्स रखवाकर बच्चों को उसके बारे में जानकारी भी दी। बीईओ और बीडीओ ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। एआरपी बीरेंद्र कमल ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर देवेंद्र कुमार ,रियाजउद्दीन, रानू यादव,सत्यवीर,गिरजेश कुमार,मनोज शाक्य समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

ऊंचाहार एक्सप्रेस में सिपाही पर किया जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- एक हमलावर की चलती ट्रेन से कूदने के कारण हुई मौत
- झींझक और अछल्दा स्टेशन के बीच हुई घटना

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर ऊंचाहार ट्रेन में सफर कर रहे पुलिस के जवान पर बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। एक यात्री को भी मामूली चोटें आईं। घायल सिपाही को इटावा जंक्शन पर उतारा गया। वहीं सिपाही पर हमला करके भाग रहे एक आरोपी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। दो अन्य हमलावरों को ट्रेन सुरक्षा में तैनात राजकीय रेलवे पुलिस के एस्कॉर्ट ने गिरफ्तार कर लिया।

शुक्रवार की रात करीब 9 बजे अप ऊंचाहार एक्सप्रेस जैसे ही झींझक कानपुर देहात स्टेशन पहुंची, चंडीगढ़ निवासी तीन युवक ट्रेन में यात्रा कर रहे रोहित के साथ मारपीट करने लगे। यूपी पुलिस के सिपाही अमित ने इसका विरोध किया तो तीनों बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया ।सिपाही के शरीर में करीब आधा दर्जन स्थानों पर चाकू और बांका से गंभीर चोट आई। सिपाही को अधमरा करने के बाद हमलावर पुलिस देख भागने की फिराक में थे। एक हमलावर की ट्रेन से गिरकर अछल्दा रेलवे स्टेशन के पास मौत हो गई। दो अन्य हमलावर आरोपियों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है।

जीआरपी प्रभारी शैलेश निगम ने शनिवार को बताया कि झींझक कानपुर देहात रेलवे स्टेशन के आसपास ऊंचाहार एक्सप्रेस में सिपाही पर हमले की यह घटना घटित हुई है। जब तक राजकीय रेलवे पुलिस का एस्कॉर्ट पहुंचता तब तक ट्रेन अछल्दा रेलवे स्टेशन तक पहुंच गई। जहां पर एक हमलावर हमलावर ने रेलगाड़ी से छलांग लगा दी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। दो को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों के पास से चाकू और बंका, मोबाइल फोन बरामद किया गया है। यह घटना कोच संख्या एस 9 में यात्रा कर रहे रोहित (20) पुत्र चंदन निवासी, बैरी थाना खखरेरू, जिला फतेहपुर के साथ घटी।

तीन बदमाश अमन पुत्र बुद्धिलाल, राहुल पुत्र हरिशंकर और एक अन्य इनका साथी चंडीगढ़ निवासी रोहित के साथ मारपीट कर रहे थे। उसी कोच में यात्रा कर रहे कानपुर देहात के मूसानगर थाने में तैनात पुलिस कांस्टेबल अमित कुमार पुत्र लेखराज निवासी परसौनी, थाना मांट मथुरा ने झगड़ने वाले यात्रियों के साथ बीच बचाव करने लगे। अमन, राहुल और एक अन्य अज्ञात ने कांस्टेबल अमित के ऊपर चाकू से हमला कर घायल कर दिया।

ट्रेन में ड्यूटी कर रहे जीआरपी पुलिस के जवानों ने मौके पर पहुंचकर हमलावर अमन व राहुल को हिरासत में ले लिया।

सार-संक्षेप

घरवालों से नाराज होकर युवक ने फांसी लगाकर दी जान

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुल कहारान चौकी शमशेरी में किसी बात से नाराज होकर एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उक्त मोहल्ला निवासी राजेश कुमार के 24 वर्षीय पुत्र गौरव राज उर्फ मिट्ठू ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया।

मेधावी खुशी का आईआईटी बीएचयू में चयन

इटावा। संत विवेकानन्द सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल,आलमपुर हौज़,इटावा की मेधावी छात्रा रही खुशी ने आईआईटी बी एच यू जैसे देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थान में दाखिला लेकर अपने विद्यालय के साथ साथ जनपद का भी नाम रोशन किया है। छात्रा खुशी का बी एच यू में चयन होने पर खुशी का माहौल है। प्रिंसिपल डा आनंद ने खुशी को समस्त विद्यालय परिवार की ओर से प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। संस्था के चेयरमैन डा विवेक यादव ने खुशी के पिता भानु प्रताप सिंह एवं माता साधना सिंह को भी बेटी के चयन होने पर बधाई दी।

खुशी को सम्मानित करते प्रधानाचार्य डॉ. आनंद।

खाद, बीज कीटनाशक विक्रेताओं को मिलेगा लाइसेंस

इटावा। उत्तर-प्रदेश शासन ने इटावा कृषि अधिकारी के पद पर प्रमोद कुमार की नियुक्ति की है। उन्होंने कहा कि कीटनाशक रसायनों का व्यापार करने के लिए पारदर्शिता को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन पोर्टल व्यवस्था शुरू की गई है। कृषि निवेशों की अनुज्ञप्ति प्राप्त करने के इच्छुक विक्रेता एवं व्यक्ति सभी प्रपत्रों सहित अपने नजदीकी जन सेवा केंद्र के माध्यम से घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदकों के पात्र पाए जाने पर शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदक को खाद, बीज एवं कृषि रक्षा रासायन अनुज्ञप्ति प्राप्त हो सकेगा।

प्रमोद कुमार।

पूर्व मंत्री कक्का के भतीजे का निधन

भरथना। भरथना विधानसभा से बतौर विधायक पांच बार प्रतिनिधित्व करने वाले स्व. महाराज सिंह यादव के पुत्र व पूर्व मंत्री विनोद कुमार यादव कक्का के छोटे भतीजे सतेंद्र यादव टिल्लू का बीती रात हृदयगति रूकने से निधन हो गया। सपा नेताओं और पार्टी पदाधिकारियों सहित शुभचिंतकों ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री अशोक यादव, श्रीकृष्ण यादव, विधायक प्रदीप यादव, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, विधायक व ताखा ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ध्रुव कुमार यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मनोज यादव, सुरेन्द्र यादव, केके यादव, अधिवक्ता रामकुमार यादव, सुधीर यादव, विनोद वर्मा, भरथना प्रेस क्लब महामंत्री विजयेंद्र तिमोरी, तनुज श्रीवास्तव, विष्णु राठौर, प्रमोद गुप्ता, सैयद शाकिर अली, सभासद शिवराम सिंह यादव शामिल रहे।

शिवमंदिर परिसर में पौधारोपण करते चेयरमैन अभिनव दीक्षित।

केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार के चेयरमैन ने रोपे पौधे

भरथना, इटावा। केंद्रीय सहकारी उपभोक्ता भंडार जनपद इटावा,औरैया के चेयरमैन भाजपा नेता अभिनव दीक्षित ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के निर्देश पर एक पौधा मां के नाम के तहत शनिवार को भरथना विकास खंड क्षेत्र के ग्राम रमायन स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आम, नींबू, अनार, जामुन, पाकर, पीपल आदि के 100 से अधिक फल और छायादार पौधों का रोपण किया है। अभिनव ने रोपे गए सभी पौधों की नियमित देख भाल करने का सहयोग मांगा है। निदेशक नरेंद्र बरुआ, आलोक सिंह, संतोष कुमार, सचिव उमेश यादव, अखलेश शर्मा, प्रधान चंदन सिंह, प्रधान जगदीश कठेरिया, सिंटू दीक्षित, रमेश चंद शाक्य आदि भाजपा नेता और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

एसडीएम ने घायल युवती को सीएचसी में कराया भर्ती

जसवंतनगर। शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम नगला कन्हई के पास इटावा जसवंतनगर सड़क पर अपने खेतों से काम करके लौट रही एक युवती नंदिनी (18) पुत्री रामवीर सिंह निवासी ग्राम मोहम्मदपुर सराय भूपत को रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर अचेतावस्था में सड़क पर गिर पड़ी। इटावा से तहसील मुख्यालय आ रहे उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने सड़क पर पड़ी घायल लड़की को देखा तो अपनी गाड़ी रुकवाकर स्वयं उसके पास गए। घायल युवती को लेकर सीएचसी में भर्ती कराया।

युवक ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

सैफई, इटावा। क्षेत्र के उद्यमपुर गांव में एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की। ग्राम उद्यमपुर निवासी शैलेंद्र कुमार (30) पुत्र रविन्द्र सिंह शराब पीने का आदी था। शुक्रवार रात को भी उसने जमकर शराब पी और घर के अंदर कमरे का दरवाजा बंद कर छत पर लगे पंखा के सहारे रस्सी का फंदा पर लटक कर आत्महत्या कर ली। उस वक्त उसकी पत्नी राधा घर के बाहर गई थी। उसके दो छोटे बच्चे घर में दूसरे कमरे में सो रहे थे। पत्नी जब घर के अंदर आई देख होश उड़ गए। परिजन फंदे से शव को उतार कर पीजीआई ले गए। जहां चिकित्सकों ने मौत की पुष्टि कर दी। पुलिस को स्वजनों ने बताया कि मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। उसने दो वर्ष पहले भी ट्रेन के सामने कूद कर जान देनी की कोशिश की थी लेकिन बच गया था।

शैलेंद्र।

पुरानी पेंशन बहाली के लिए शिक्षकों ने दिया धरना

इटावा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय निर्देश पर पुरानी पेंशन लागू कराने के लिए तीसरे दिन भी डीआईओएस कार्यालय पर धरना जारी रहा। शिक्षकों ने शासन को शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित 18 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा। प्रांतीय मंत्री अरुण कुमार दुबे ने कहा कि इटावा के माध्यमिक शिक्षा विभाग में लागू वीआईपी कल्चर की व्यवस्था को समाप्त करवाना चाहता है। जिला मंत्री मनोज कुमार त्रिपाठी ने कहा कि संगठन सदैव शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं के हितों के लिए सजग रहेगा। धरना में राजेश मिश्रा अध्यक्ष एवं पवन श्रीवास्तव जिला मंत्री संयुक्त कर्मचारी परिषद ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, राजेश जादौन अटेवा, भगवान दास, भोला नाथ, तरुण तिवारी, अनिमेष वर्मा, विनय कुमार पटेल, अनिल सिंह, हरींद्र प्रसाद, रजनीश कुमार, महेंद्र कुमार, सुधीर दुबे, सुशील शर्मा, दयानिधि, उमाशंकर, चन्द्रकांति, करण सिंह, अजय कुमार आदि मौजूद रहे।

धरना के बाद डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता।

उपचुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू

महेवा। ग्राम पंचायतों के रिक्त ग्राम प्रधानों ,क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा ग्राम पंचायत सदस्य पदों के चुनाव के लिए शनिवार को भी नामांकन पत्रों की बिक्री आर ओ प्रदीप कुमार तिवारी एवं ए आर ओ दिलीप कुमार की देखरेख में की गई ।जिसमें राहतपुर गांव में प्रधान पद तथा निवाड़ी खुर्द एवम निवाडीकला वार्ड से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर चुनाव के आसार बन गए हैं। राहतपुर गांव में पूर्व प्रधान जगदीश चंद्र दोहरे की मृत्यु के बाद रिक्त हुए पद तथा निवाड़ी से तत्कालीन क्षेत्र पंचायत सदस्य की मृत्यु के बाद चुनाव हो रहा है। सहायक निर्वाचन अधिकारी महेवा दिलीप कुमार ने बताया कि राहतपुर गांव में प्रधान पद के चार तथा निवाड़ी से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद के दो नामांकन बिक चुके हैं।

शहीदाने कर्बला के तीजे पर हुआ मजलिसों का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- 92 भाषाओं में होता है इमाम हुसैन का जिक्र : मौलाना जैदी

अमृत विचार। शहीदे आज़म इमाम हुसैन और शहीदाने कर्बला के तीजे पर शरीफ मंजिल सैदबाड़ा स्थित राहत अक़ील के इमामबाड़े में अतीक अहमद की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया।

मौलाना अनवारूल हसन जैदी इमामे जुमा इटावा ने मजलिस में तकरीर करते हुए कहा पूरी दुनिया मे 50 करोड़ लोगों के नाम में हुसैन नाम आता है और एक दिन में 70 करोड़ मर्तबा इमाम हुसैन का नाम लिया जाता है। दुनिया मे 92 भाषाओं में इमाम हुसैन का जिक्र होता है और हर 5 मिनट में मजलिस होती है और पूरी दुनिया मे मजलूम इमाम हुसैन की शहादत पर गम मनाया जाता है। आशूर के बाद इमाम हुसैन के परिजनों को जालिमों ने कैदी बनाकर लाशों के पास से गुजारा गया और चौथे इमाम सहित महिलाओं बच्चों पर बेपनाह जुल्म ढाए। सोजख्वानी तस्लीम रज़ा, ज़हूर नक़वी ने की, खुर्शीद जाफरी, सलीम रज़ा, सलमान रिज़वी, कैफ वारसी, आसिफ रिज़वी अश्शू ने कलाम पेश किए। मजलिस में अल्हाज कमर अब्बास नक़वी करबलाईदद, मो. मियां, अली साबिर, राहिल, आले रज़ा नक़वी, राजा, राशिद मरगूब, परवेज हसनैन, सफीर हैदर, सैफू, सोनू नक़वी, सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर शहीदाने कर्बला को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

संचालकों ने किया बैठक का बहिष्कार

संवाददाता ताखा, इटावा

- सहकारी समिति पर एजेंडा को लेकर होनी थी बैठक

अमृत विचार। बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति ऊसराहार में समिति की महिला अध्यक्ष के पति के कुर्सी पर आसीन होने को लेकर काफी नोंकझोंक हो गई। पांच संचालक बहिष्कार कर बैठक छोड़कर चले गए।

ऊसराहार स्थिति समिति पर शनिवार दोपहर 12 बजे कंप्यूटर ऑपरेटर को लेकर बैठक होनी थी। समिति के सभी सदस्य मौके पर पहुंचे तो अध्यक्ष शकुंतला यादव की जगह पहुंचे उनके पति दिनेश यादव ने अध्यक्ष की कुर्सी संभालते हुए बैठक की कार्यवाही शुरू करने को कहा। संचालकों ने अध्यक्ष को बुलाने की बात कही। इस पर नोकझोंक होने लगी। इस पर शांती देवी, सुघरश्री, विश्राम सिंह, संजीव कुमार और निजाम वारिस ने बैठक का बहिष्कार कर चले गए।

संचालक विश्राम सिंह ने अध्यक्ष के पति पर आरोप लगाते हुए बताया कि ज्यादातर बैठकों का संचालन अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में किया गया है। शनिवार की बैठक में कंप्यूटर ऑपरेटर के एजेंडे पर विचार के लिए रखी गई। उसमें भी अध्यक्ष शकुंतला यादव नहीं आईं। उनकी जगह दिनेश यादव ने अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर बैठक का संचालन करना चाहा जो अनैतिक था। जिसका विरोध किया गया। समिति पर कम्प्यूटर आपरेटर के पद के लिए दो आवेदन किये गये जिसपर विचार ना करके एक को बिना सहमति के चयन कर दिया गया जो गैर कानूनी है। इस संबंध में एआर इटावा प्रदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच करायी जाएगी।

पत्नी की जगह अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठे पति दिनेश यादव। अमृत विचार

जारी रहेगा ट्रिब्युनल कोर्ट का बहिष्कार

इटावा। जिला बार एसोशिएशन की एक बैठक अध्यक्ष अनिल कुमार गौर की अध्यक्ष ता में डीबीए सभागार में हुई जिसमें मोटर दुर्घटना ट्रिब्युनल कोर्ट की पीठा सीन अधिकारी के रवैया मंब कोई परिवर्तन न होने पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में कोर्ट का बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष अनिल गौर ने कहा कि पीठासीन अधिकारी के रवैये में कोर्ठ परिवर्तन नही हुआ है। इसलिए एक प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष व महामंत्री के नेतृत्व में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश व प्रशासनिक जज से मिलकर अपनी समस्याओं को रखेगा। महामंत्री देवेंद्र पाल, देवेंद्र कुशवाहा, शशिवाला, मनोज कुमार, शिवम सेंगर, देवेंद्र मिश्रा, अनिल कुमार, सुभाष राजपूत आदि मौजूद रहे।

दो भाइयों को 3-3 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- कोर्ट ने साढे पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वितीय दिनेश गौंड ने दस साल पुराने मारपीट के एक मामले की सुनवाई करते हुए दो सगे भाईयो को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उन्हें तीन तीन साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने उन पर साढ़े पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव जार पुरा निवासी विनोद कुमार ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह अपने भाई छविनाथ व प्रमोद के साथ 30 मई 2014 को अपने खेतों पर गए थे तभी गांव के महाराज सिंह उसके पुत्र सुधीर व राजीव पत्नी भगवान देवी अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर वहां पहुंच गए और कहा कि वह उन्हें खेत नही जोतने देगे। इस पर प्रमोद ने कहा कि उसने खेत का बैनामा कराया है। इस पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की नियत से फायर किया। मारपीट में प्रमोद व छविनाथ घायल हो गए। पुलिस ने मामला दजर् कर छानवीन शुरू की। बाद में पुलिस ने महाराज सिंह उनके पुत्र सुधीर व राजीव के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट में पेश कर दिए। मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक कोर्ट द्वितीय की कोर्ट में हुई। ट्रायल के दौरान महाराज सिंह की मृत्यु हो गई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने राजीव व सुधीर को दोषी पाया और उन्हें तीन तीन साल की सजा सुनाई।

विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

बकेवर। भरथना कोतवाली के अंतर्गत ग्राम अपूरपुर कुसना निवासी अर्चना ने बताया कि उसकी शादी बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम अहेरीपुर निवासी अरुण कुमार पुत्र रमेश सिंह राठौड़ के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अरुण व सास छोटी बिट्टी व ससुर रमेश सिंह व ताऊ ससुर कृष्णपाल सिंह अतिरिक्त दहेज में दो लाख रुपये व कार की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर बीती 25 मई को सुबह 10 बजे घर से निकाल दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

भतीजे का हत्यारोपी चाचा गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के गांव रम्पुरा में विवादित भूमि पर कब्जे को लेकर भतीजे द्वारा विरोध करने पर गोली मारकर हत्या करने के मुख्य आरोपी को पुलिस ने 12 घंटे के अंतराल पर बंदूक सहित गिरफ्तार कर लिया। दूसरे आरोपित चाचा का सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। मुख्य आरोपी के दो बेटों की तलाश की जा रही है।

एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि थाना चौबिया क्षेत्र में गांव रमपुरा में रहने वाले वीरेंद्र सिंह के बेटे राजवीर सिंह ने शुक्रवार को अपराह्न दो बजे विवादित भूमि पर जबरन कब्जा करने पर विरोध किया तो लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई सत्यपाल ने सगे चाचा उदयवीर उसके दो बेटों तथा दूसरे सगे चाचा के खिलाफ हत्या अभियोग दर्ज कराया। मुख्य आरोपी उदयवीर बेटों व बंदूक सहित फरार हो गया था। चौबिया थाना प्रभारी बेचन कुमार सिंह टीम के साथ मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए जुटे थे जिसके चलते शुक्रवार रात डेढ़ बजे राहिन तिराहा पर उदयवीर सिंह को घटना में प्रयुक्त बंदूक कारतूसों सहित पकड़ लिया।

गुरु पूर्णिमा | सरस्वती इंटर कॉलेज मोतीझील में गुरुपूर्णिमा महोत्सव, विद्यार्थियों ने भाषण और कविताओं से बताया गुरु का महत्व

बिना गुरु के कोई व्यक्ति जीवन में सफल नहीं हो सकता : रामकृष्ण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मोतीझील में शनिवार को गुरु पूर्णिमा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना से हुआ। इसके बाद अतिथियों का परिचय विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने कराया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। उनके द्वारा कविता पाठ व भाषण के द्वारा गुरुजनों का जीवन में महत्व का वर्णन किया गया।

मुख्य अतिथि पूर्व प्रबंधक रामकृष्ण त्रिपाठी ने इस पावन दिन का महत्व बताया। उन्होंने बताया की बिना गुरु के कोई भी व्यक्ति आगे जीवन में सफल नही हो सकता है। इसी बीच मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय की 10वीं की छात्रा आराध्या कसेरा को मथुरा में आयोजित जूडो कराटे प्रतियोगिता में दो गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित किया गया तथा उसके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की ।

विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य महेश चंद्र तिवारी ने बताया की सरस्वती शिशु मंदिर हमेशा से ही शिक्षण के साथ साथ अच्छे संस्कार व अनुशासन के लिए जाने जाते है। उन्होंने बताया की व्यक्ति को चरित्रवान होना चाहिए जो व्यक्ति चरित्रवान होता है वो देश के हित के लिए अहम भूमिका निभाता है।

पूर्व प्राचार्य महेश चंद्र तिवारी का स्वागत करते शोभाराम तिवारी। अमृत विचार

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित

इटावा। गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर भारत विकास परिषद तुलसी शाखा ने रेनेसा एकेडमी पक्का बाग पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मंडी समिति इंस्पेक्टर प्रदीप त्रिपाठी एवं तुलसी शाखा के कोषाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार गुप्ता, तुलसी शाखा की प्रांतीय महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी, कार्यक्रम की संयोजिका एवं रेनेसडे एकेडमी की प्रधानाचार्य सुशीला राजावत के साथ परिषद के अत्री पांडे ने मंच साझा कर छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद दिया। वर्ष भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों व छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया। कार्यक्रम का प्रारंभ अध्यक्ष डा कैलाश चंद्र यादव ने मां भारती एवं विवेकानंद के चित्रों पर पुष्पार्चन कर तथा दीप प्रज्ज्वलन कर किया ।डा कैलाश ने कहा कि जो बच्चे अपने माता-पिता का कहना मानते हैं ,अपनी पढ़ाई अच्छे से करते हैं, अनुशासन में रहते हैं। अच्छे संस्कार का परिचय देते हैं। वह जीवन में सदैव आगे बढ़ते हैं और प्रत्येक बच्चे को इन सभी चीजों का पालन अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए। शाखा के कोषाध्यक्ष डा ध्रुव कुमार गुप्ता ने कहा बच्चों को प्रतिदिन अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेना चाहिए ।

कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. कैलाश चंद्र यादव।

विशिष्ट अतिथि अंकुर गुप्ता ने सभी भैया बहनों को आशीष वचन दिया । गुरु का स्थान को भगवान से भी पहले बताया । बच्चो में इस पूरे दिन ही काफी हर्षोल्लास रहा। प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष यादव ने किया।

संस्कृतिः हमारे समाज का मूल

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है।

संस्कृति समाज का मूल होती है। संस्कृति और सभ्यता का विकास मनुष्य के अपने प्रयत्नों का परिणाम है, लेकिन पीछे कुछेक वर्षों में आधुनिकता के नाम पर सुस्थापित जीवन मूल्यों को कमतर देखा जा रहा है। भारत में प्रचलित आधुनिक सभ्यता पश्चिमी देशों की जीवनशैली की नकल है। शब्द आधुनिकता कालबोधक है। इतिहास के सम्यक अध्ययन के लिए काल विभाजन जरूरी होता है। जैसे प्राचीन काल, मध्यकाल और आधुनिक काल। यह विभाजन सामान्य है। इसके पहले प्रागैतिहासिक काल भी है। इसी तरह वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल जैसे विभाजन भी हैं। आधुनिक काल स्थिर इकाई नहीं है। आधुनिक काल विदा होता रहता है और मध्यकाल में समाता रहता है। भारत का आधुनिक काल भारत के ही मध्यकाल का विस्तार है। इसी तरह मध्यकाल भी। वैदिक काल व प्रागैतिहासिक काल मध्यकाल में प्रकट होते हैं। जीवन विकास के प्रारंभिक चरण से लेकर आधुनिक काल तक समाज में बड़े परिवर्तन आए हैं।

संप्रति हम लोग भारत के आधुनिक काल में सक्रिय हैं। हमारी अनुभूति, सामाजिक मूल्य, जीवन के प्रति हमारा दृष्टिकोण और सोच विचार में पूर्ववर्ती सामाजिक मूल्यों की ही पुर्नप्रतिष्ठा है। आज का समाज बीते कल के समाज का विस्तार है। भारत की आधुनिकता हमारी प्राचीनता का ही प्रसाद है। पश्चिमी देशों ने भारत के प्राचीन समाज के मूल्यों को अपमानित करने का प्रयास किया है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले यहां सबको आनंदित करने वाली विश्ववरेण्य संस्कृति थी। तब से लेकर आधुनिक काल तक यहां लगातार सांस्कृतिक निरंतरता है। भारत की आधुनिकता इसी सांस्कृतिक निरंतरता का परिणाम होनी चाहिए।

संस्कृति और सभ्यता जाग्रत मनुष्यों के कर्मतप का विकास है। संस्कृतियां कभी-कभी व्यापक रूप में दूसरे समाज को भी प्रभावित करती हैं और प्रभावित होती भी हैं। भारतीय संस्कृति में विश्व को एक परिवार जानने और तद्नुसार व्यवहार और आचरण करने की प्रकृति है। संस्कृति में विश्व के सभी प्राणियों का लोकमंगल आराध्य है। इसलिए भारतीय संस्कृति का प्रभाव दुनिया के अनेक देशों पर पड़ा। भारतीय संस्कृति का प्रवाह नेपाल, भूटान, श्रीलंका, कंबोडिया, चंपा और मलेशिया तक व्यापक था। इंडोनेशिया दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश है। इंडोनेशियाई आज भी भारतीय संस्कृति के प्रति अनुरागी हैं। जापान, कोरिया, मंगोलिया, साइबेरिया, इंग्लैंड, आयरलैंड, मिस्र और ऑस्ट्रेलिया जैसे राज्य भारतीय संस्कृति के प्रशंसक रहे। दक्षिण अफ्रीका, फिजी, मॉरीशस, गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद आदि देश इस प्रभाव के साक्षी हैं। भारतीय संस्कृति का अध्ययन राष्ट्र राज्य की सीमाओं से बंधकर नहीं किया जा सकता। संस्कृति विचारधारा से नहीं बनती। अरस्तू, प्लेटो और अलेक्सजेंडर का ग्रीक राष्ट्र कहां है? ग्रीक में दर्शन था। सुंदर विचार पद्धति थी। योग्यता थी, लेकिन सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। रूस के साथ भी यही बात लागू है। रूस एक राज्य था। जार गया। राजव्यवस्था कम्युनिस्ट हो गई। सांस्कृतिक राष्ट्रभाव नहीं था। सोवियत रूस बिखर गया। रूस बचा है। चीन में दार्शनिक समृद्धि थी। 'ताओ ते चिंग' जैसा दार्शनिक ग्रंथ लाओत्सु ने लिखा था। कम्युनिस्ट राजव्यवस्था के कारण चीन राष्ट्र नहीं बन सका। कम्युनिस्ट पंथ के जन्मदाता कार्ल मार्क्स ने दुनिया के सामने अपना विशेष दृष्टिकोण रखा था। उन्हीं मार्क्स ने भारत को यूरोपीय मूल्य की भाषाओं और पंथों का जन्म स्थान मानते हुए 1853 में लिखा था, "हम निश्चयपूर्वक न्यूनाधिक सुदूर अवधि में उस महान और दिलचस्प देश को पुर्नजीवित होते देखने की आशा कर सकते है"। जहां के सज्जन निवासी राजकुमार सालितकोव के शब्दों में,''इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं। यहां के निवासियों की अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है और जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया। इन सज्जन निवासियों का देश हमारी भाषाओं और हमारे धर्म का उद्गम है और जहां पर प्राचीन जर्मन का स्वरूप जाट में और प्राचीन यूनानियों का स्वरूप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।" (मार्क्सः एंजेल्स-द फर्स्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस-पृष्ठ 37) मार्क्स जैसे चिंतक ने भारत की प्रशंसा की थी और अपने पंथों का स्रोत बताया था, उसी भारत में पश्चिमी देशों की सभ्यता आधुनिकता के बहाने समाज की गुणवत्ता समाप्त कर रही है। संप्रति भारत के लोगों में आधुनिक हो जाने की जल्दबाजी है।

समाज के गठन की मूल इकाई परिवार है। इस परिवार में पति और पत्नी परस्पर एक दूसरे की प्रसन्नता के लिए काम करते हैं। वैदिक साहित्य में पत्नी को घर का सम्राट बताया गया है। घर की प्रीति प्राचीन काल में सबको खींचती थी। घर का मतलब ही है, जहां बार-बार लौटने का मन करे वह घर है। परिवार के सभी जन परस्पर प्रेम करते हैं और अपना घर का काम भी मिलजुल कर करते हैं। पति-पत्नी का साहचर्य अद्भुत है। ऋग्वेद में बताते हैं कि पति और पत्नी मिलकर सोमरस तैयार करते हैं। पति और पत्नी मिलकर अपने घर भद्र जनों को निमंत्रण देते हैं। पति और पत्नी अलग-अलग नहीं हैं। दोनों मिलकर एक हैं। भारतीय परंपरा में दोनों के जोड़े को मिलाकर दंपति कहा गया है। दंपति में स्त्री पुरुष दोनों समाहित हैं। दो को एक देखने की दृष्टि दांपत्य में है। दांपत्य जैसा शब्द दुनिया की किसी भाषा में नहीं है। वेदों में भी धरती और आकाश के लिए मिलाजुला एक शब्द है 'रोदसी'। ऋग्वेद में बताते हैं, "धरती और आकाश पहले मिले हुए थे और एक थे। मरुदगणों ने धरती और आकाश को अलग कर दिया।" विशेष संस्कृति के कारण भारतीय विवाह स्थाई रहते हैं। वैवाहिक संबंध टूटने की ज्यादातर घटनाएं पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव में हुई हैं और होती हैं। विदेशी सभ्यता के प्रभाव में बिना विवाह के स्त्री पुरुष को साथ-साथ रहना है। अंग्रेजी भाषांतर में इसे 'लिव इन' कहा गया। 'लिव इन' भारतीय धारणा नहीं है। 'लिव इन' विदेशी उधार की आधुनिकता का परिणाम है। तरुणाई में ऊर्जा का अतिरेक होता है। अनुभव कम होते हैं। इसलिए 'लिव इन' की घटनाएं होती हैं। 'लिव इन' टूटता है। स्त्री और पुरुष दोनों ठगे-ठगे रह जाते हैं।

भारत में विवाह के समय अग्नि के सात चक्कर लगाना अनिवार्य किया गया है। भारत की विवाह पद्धति, पारिवारिक नेह और स्नेह, घर चलाने का अनूठा संविधान है। इसे पश्चिमी सभ्यता के हमले से बचाना चाहिए। ऋग्वेद में सूर्य पुत्री सूर्या के विवाह का वर्णन है। बताते हैं कि गांव नगर के सभी वरिष्ठ बहू के स्वागत के लिए एकत्रित होते हैं। वरिष्ठ जनों के आशीष का भाव बार-बार पढ़ने लायक है। ऋषि कहते हैं कि यह बहू पूरे परिवार के सुख का कारण बने। सास ससुर की सेवा करें। सब पर नियंत्रण करें। घर में इसी बहू का राज्य चले। यह बहू अखंड सौभाग्यवती हो। इसके बच्चे परिवार की प्रतिष्ठा बढ़ाएं। पश्चिम के विवाह में भारतीय संस्कृति नहीं है। पश्चिमी जीवनशैली में व्यक्तिवाद है। भारत के जीवन में सामूहिकता है। उधार की आधुनिकता व्यक्तिवाद बढ़ाती है। व्यक्तिवाद में माता-पिता और परिवार के सदस्य अपनी उपयोगिता के अनुसार सम्मान पाते हैं। यहां माता-पिता की उपयोगिता नहीं देखी जाती। भारतीय जीवनशैली में समूह का हित, समाज का हित और राष्ट्रहित मिलते हैं। संस्कृति में सत्य, शिव और सुंदर का प्रवाह है।

संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

अंबानी परिवार में अभूतपूर्व शादी के किस्से कम हो चले हैं, लेकिन अपने शंकराचार्यों द्वारा नव विवाहित दंपति को आशीर्वाद देने के लिए वहां जाना अब भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग इस विषय को जानबूझकर जीवंत बनाए रखना चाहते हैं।

इनमें से बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अनंत की प्रारंभिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पृष्ठभूमि में इस शादी को यादगार बनाने के लिए लगभग पांच हजार करोड़ के व्यय को सर्वथा जायज मानते हैं। उनका तर्क है कि साधारण परिवार के लोग अपने बच्चों की शादी में अपनी जमापूंजी का लगभग दस-पंद्रह प्रतिशत खर्च करते हैं, जबकि अंबानी परिवार ने इस शादी में अपनी पूंजी का एक प्रतिशत से भी कम खर्च किया है, जो लोग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ चुके अनंत के अरमान को पूरा करने के लिए इतनी बड़ी धनराशि के व्यय को उचित बताते हैं, वही लोग शंकराचार्यों द्वारा इस दंपति की कुशलता हेतु आशीर्वाद देने के लिए अंबानी परिवार में जाने पर आपत्ति जता रहे। यह तो स्पष्ट ही होगा कि कोई भी शंकराचार्य ससम्मान निमंत्रण के बिना वहां नहीं गए होंगे और अगर आमंत्रित होकर उन्होंने अपने स्नेहसिक्त आशीर्वाद से नवदंपति को अभिभूत करने का निर्णय लिया, तो इसमें आपत्तिजनक क्या है? वैसे व्यक्तिगत रूप से मैं यह समझता हूं कि अगर अंबानी परिवार शादी के कार्यक्रम के पश्चात इन धर्माचार्यों के पास नवदंपति को आशीर्वाद दिलाने स्वयं गए होते, तो यह अंबानी परिवार की प्रतिष्ठा में ही वृद्धि करता।

कहा जा रहा है कि संन्यासी को गृहस्थ के यहां नहीं जाना चाहिए। हम भूल जाते हैं कि वर्णाश्रम व्यवस्था में ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ एवं संन्यास- यह तीनों आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित रहे हैं। इसीलिए गृहस्थ आश्रम को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है।

आदि शंकराचार्य ने संन्यास ग्रहण करने के पश्चात अपनी माता को दिए गए वचन के पालन हेतु घर पहुंचकर उनका अंतिम संस्कार किया था, जो संन्यास आश्रम की मान्यताओं के विपरीत है। भगवान बुद्ध संन्यासी होते हुए अपनी पत्नी के पास भिक्षा मांगने गए थे। संन्यास का अर्थ संसार को त्यागना नहीं है, बल्कि सांसारिकता की आसक्ति पर विजय पाना है। विदेह राज जनक गृहस्थ व राजा होते हुए भी एक संन्यासी के रूप में समादृत हैं। आदि शंकराचार्य ने अपने जीवन के अंतिम दिनों में स्वयं राजा सुधंवा का आतिथ्य ग्रहण किया था। शंकराचार्य जी ने अपने अंतिम संदेश में कहा था कि केवल आत्मज्ञान ही संन्यासियों के लिए यथेष्ट नहीं है, अपितु वर्णाश्रम धर्म के संस्थापक और संरक्षण का गुरु-दायित्व भी उन्हें वहन करना होगा।

मठाधीश एक स्थान में न रहकर धर्म प्रचार के लिए विभिन्न स्थानों में परिभ्रमण करें तथा साधारण जनता वर्णाश्रम धर्म के पालन द्वारा क्रमशः उच्चतर और महत्तर लाभ के लिए प्रयत्न पारायण हो, इस पर भी मठाधीशों की सावधान दृष्टि रहे। जहां तक हमारे द्वारा अपने धर्म गुरुओं के मान-सम्मान का प्रश्न है, उल्लेखनीय है कि जब कुछ धर्माचार्यों ने अर्धकुंभ को कुंभ व महाकुंभ बनाए जाने का विरोध किया, तब यही लोग उनका समर्थन करने के बजाय उनकी कमी निकालने लगे। इसी प्रकार जब आधे-अधूरे निर्मित श्रीराम मंदिर के उद्घाटन पर शंकराचार्यों ने शास्त्र सम्मत आपत्तियां कीं, तो पुनः उनको सुनने अथवा उनका साथ देने के बजाय उनकी विभिन्न प्रकार से आलोचना की जाने लगी। दरअसल ऐसे लोगों को हमारे धर्म गुरुओं से न कोई लगाव है और न कोई समस्या। उनकी मूल समस्या है हीरो-वर्शिप, व्यक्ति पूजा। कूपमंडूकता किसी भी व्यक्ति पूजक की प्राथमिक योग्यता है।

नन्हे-मुन्नों का विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए।

6 से 8 वर्ष की आयु बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास की यह अति महत्वपूर्ण आयु मानी गई है। बच्चों के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास प्रारंभिक 6 वर्ष की आयु में ही हो जाता है। राज्य में बहुत सारे बच्चे ऐसे है, जो 6 वर्ष से पूर्व किसी संस्थान से औपचारिक रूप से नहीं जुड़ पाते हैं, अर्थात उन्हें गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के पर्याप्त अवसर मुहैया नहीं हैं। 3 वर्ष की आयु से बच्चे अपने घर एवं परिवार से प्रारंभिक भाषायी दक्षताओं को प्राप्त करना आरंभ कर लेते हैं। ये बेहद अनौपचारिक एवं असंगठित प्रक्रियाओं द्वारा किया जाता है, जिसे आगे बढ़ाने एवं नियोजित ढंग से औपचारिक एवं संस्थागत करने हेतु संस्थाओं का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो जाता है। यदि हम प्ले स्कूलों एवं वर्तमान संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दृष्टि डालें, तो पाते हैं कि वे उस स्तर पर नहीं हैं, जिस स्तर पर उन्हें होना चाहिए। राज्य में बहुत सारे बच्चे 6 वर्ष तक की आयु पूर्ण कर सीधे कक्षा 1 में प्रवेश पाते है, जिससे ऐसे बच्चे अपने बाल्यावस्था शिक्षा एवं देखभाल के शुरुआती 3 वर्ष गैर संस्थागत एवं गैर प्रणालीगत तरीके से पूर्ण करते हैं, जो कि किसी भी दशा में उचित नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का लक्ष्य देश के विकास की अनिवार्य आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना है। यह नीति प्रत्येक व्यक्ति में निहित रचनात्मक क्षमताओं के विकास पर विशेष बल देती है। प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का स्वास्थ्य एक महत्वपूर्ण कारक है, जो सीधे बच्चों के सीखने को प्रभावित कर सकता है। इस अवस्था में यह भी आवश्यक है कि प्रारंभिक बाल्यावस्था के बच्चे स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण में सीख रहे हों, बढ़ रहे हों। इस आयु में बच्चों के पोषण एवं देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता महसूस की जाती है, क्योंकि इस आयु में बच्चे अत्यंत शीघ्रता के साथ सीख एवं बढ़ रहे होते हैं। सीखने की इस प्रक्रिया में संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हो जाती है। इससे पूर्व 3 वर्ष तक की आयु में अपने अनुभवों से, देखकर, दोहराकर या नकल करके या जिज्ञासा के आधार पर बच्चे जो कुछ भी सीखते हैं, वह ढांचागत या प्रणालीगत नहीं होता है। उन सारे सीखने के अनुभवों को एक स्थान पर एकत्र कर सीखने की प्रक्रिया को ढांचागत तरीके से आगे बढ़ाने में संस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। राष्टीय शिक्षा नीति - 2020 में कहा गया है कि संस्थाएं ऐसी हों जहां प्रत्येक छात्र का स्वागत किया जाता हो, उसकी देखभाल की जाती हो। जहां बच्चा स्वयं को सदैव सुरक्षित महसूस करें।

3 वर्ष की आयु से पूर्व बच्चों में बातचीत, खेलना, छूकर अनुभव आदि के अधिक अवसर दिए जाने चाहिए, जिससे 3 वर्ष के पश्चात उनका शारीरिक और गत्यात्मक, सामाजिक भावनात्मक, संज्ञानात्मक, संप्रेषण घर की भाषा में एवं संख्या ज्ञान की मौखिक शुरुआती समझ आदि पर विकास संभव हो सकेगा। 3 वर्ष में शुरुआती सीखने की यह गतिविधियां बच्चों को अनुभव के आधार पर निश्चित रूप में आरंभ हो जानी चाहिए। जैसे-जैसे बच्चे 4-5 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे होंगे, वे अपनी संस्था में समूह में कार्य करना, अपना विचार बनाना तथा व्यक्त करना (राय देना), नेतृत्व प्रदान करना, अच्छी आदतों में विकास की शुरूआत आदि सीख रहे होंगे। यहां हम बच्चों को नैतिक गुणों में विकास हेतु कुछ अनुभव एवं वातावरण उपलब्ध करा सकते हैं। नैतिक गुणों के विकास हेतु किसी ज्ञान अथवा उपदेश को थोपने या सीधे प्रदान करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि वे उनमें व्यवहारिक प्रक्रिया द्वारा स्वयं से विकसित होने चाहिए। खेल आधारित शिक्षा का आरंभ भी इसी आयु में हो जाता है। खेल आधारित शिक्षा से बच्चों में उनकी जिज्ञासा, सृजनात्मकता, टीम भावना का विकास, सहानुभूति-समानुभूति, समावेशिता, आस-पास का वातावरण एवं साथियों के साथ समावेशन की क्षमताओं का विकास संभव हो पाता है। इन्हीं गतिविधियों से बच्चों की जन्मजात प्रवृत्तियों एवं क्षमताओं का पता भी लगाया जा सकता है।

इस आयु में बच्चे खेल से बहुत तीव्रता से सीखते हैं। खेल एकल अथवा सामूहिक हो सकते हैं। जहां तक संभव हो संस्थागत ढांचे में उन की आयु के समूहों के खेलों को प्राथमिकता प्रदान करें। संस्था के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों द्वारा बच्चों में संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए अत्यंत व्यावहारिक रूप से, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास की प्रक्रिया आरंभ की जानी चाहिए। 3 से 8 वर्ष की आयु में संस्थाएं ऐसा वातावरण विकसित करें कि सीखने-सिखाने की प्रक्रिया केवल संस्था तक सीमित न रहे, बल्कि यह बच्चों के घर-परिवार एवं समाज तक जाएं। बच्चे विद्यालय में, विद्यालय से बाहर, परिवार में कहीं भी बेझिझक सवाल कर रहे हों, अपनी जिज्ञासाएं उजागर कर रहे हों। शिक्षक और अभिभावक कभी भी बच्चों को इसके लिए रोकें नहीं, उन्हें चुप न कराएं। बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों आदि सभी का दायित्व रहेगा कि वे बच्चों जिज्ञासाएं शांत करने को निरंतर प्रयासरत रहें तथा उन्हें किए गए प्रश्नों के उत्तर के नजदीक तक ले जाएं। इस आयु में अभिभावक, शिक्षक एवं स्वयं बच्चों का भी दायित्व रहेगा कि वे सीखने की इस औपचारिक एवं अनौचपारिक प्रक्रिया पर निरंतर समालोचनात्मक एवं सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। इस दौरान यह भी आवश्यक है कि बच्चों के क्रियाकलापों, उनके उत्तरों, प्रश्नों एवं व्यवहारों द्वारा ही जानने की प्रगति का पता लगाएं। उनके अनुभवों, विचारों को तबज्जो दें तथा अपने विचारों से सरल भाषा में उन्हें अवगत कराएं। इसी से सीखने का पता लगाया जाना चाहिए तथा उन्हें आवश्यकतानुसार आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए।

रेत का किला

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यवहार की जो पद्धति समाज के साथ हमको भी आगे ले जाए, वह नीति है। नीति शब्द से नैतिक और नैतिकता शब्द बनते हैं। यह नैतिकता ही संस्कार या चरित्र है, जिसके संबंध में बहुत बातें कही जाती हैं। यदि नैतिकता न हो तो व्यक्ति का क्षरण हो जाता है, परिवार का क्षरण हो जाता है, दल या संगठन का क्षरण हो जाता है तथा राज्य संस्था का क्षरण हो जाता है।

नैतिकता एक मर्यादा है और मर्यादा राजा की भी होती है और प्रजा की भी होती है, समुद्र कितना प्रबल है? किंतु मर्यादा को वह भी मानता है। राज्य विश्वास पर टिका है, भय पर नहीं, केवल सैन्यबल पर राज्य स्थिर नहीं रह सकता। आप एक सीमा तक लोगों को जेल या यातना से डराकर चुप कर सकते हैं, लेकिन जब लोग समझने लगेंगे कि यहां अपराधी नहीं, सज्जन डरा हुआ है। सामान्य जन भयभीत है, अपराधी से समझौता है। लोग सच कह नहीं पा रहे हैं। असत्य को डरना चाहिए, किंतु सच डर रहा है। दंडव्यवस्था अनैतिक है, दुष्ट निर्भय हैं। असामाजिक को डरना चाहिए, किंतु यहां तो समस्त डर लोकतंत्र को ही चुप करना चाहता है, तब लोग जान जाएंगे कि राजा डरा हुआ है, वह नैतिकबल को खो चुका है। वह अनैतिक है, क्योंकि झूठ बोलता है। अविश्वसनीय है। विश्वास यह नहीं समझता कि आप क्या कहते रहते हैं? विश्वास दिन और रात यह देखता रहता है कि आप करते क्या हैं? आपके आचरण को आपके घर की दीवारें देख रही हैं, घर की छत आपके आचरण की परीक्षा कर रही होती है। आप समझ रहे होते हैं कि मुझे कोई नहीं देख रहा, किंतु सच यह है कि आप किसी को नहीं देख पा रहे हैं और आपको सबने देख लिया है। विश्वास एक प्रचंड शक्ति है, उसके सामने सैन्यशक्ति भी निस्तेज हो जाती है। विश्वास सैन्य बल पर नहीं, सत्य पर टिका हुआ है, सत्य नहीं तो विश्वास नहीं और विश्वास नहीं तो कुछ भी नहीं। लोक विश्वास के बिना राज्य संस्था कुछ समय तक भरम के रूप में धुंए की तरह रह सकती है, किंतु अंततः वह निस्तेज हो जाती है। रेत के किले की तरह अपने आप ढह जाती है।

गुरु के प्रति कृतज्ञता का उत्सव

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

भारत पूरे विश्व में अपनी संस्कृति, आचरण व शिष्टाचार से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा भगवान शिव द्वारा स्थापित ऐसा ज्ञानपर्व है, जिसमें व्यास परंपरा की जीवंतता है। यह ज्ञान की आराधना का पर्व है और सरल शब्दों में कह सकते हैं कि ज्ञानी अर्थात गुरु के प्रति निष्ठा और श्रद्धा समर्पण का पर्व है।

हमारे जीवन में प्रज्ञा और श्रद्धा की दो धाराएं अनवरत एक साथ चलती हैं। इसलिए जो प्रज्ञावान हैं, हम उनका भी सम्मान करें और जो श्रद्धावान हैं वह भी हमारी धरोहर हैं। गुरु पूर्णिमा इस श्रद्धावान और प्रज्ञावान के संबंधों के पुनर्जागरण का दिन होता है। गुरु सामान्यतः महामानव होते हैं, जिनकी कृपा से मानव यथार्थ जीवन संपन्नता प्राप्त करता है, आत्मिक पवित्रता प्राप्त करता है, प्रखरता प्राप्त करता है। इसलिए ऋषि व्यास जो महानतम ज्ञानी हैं "व्यासस्य रूपाय विष्णवे" उनकी वंशावली में, व्यास पूर्णिमा 'गुरु पूर्णिमा कहलाती' है। हमारे यहां कहा गया है,"गुरु बिनु भवनिधि तरइ न कोई। जउ बिरंचि संकर सम होई।। अर्थात गुरु सबके लिए अनिवार्य हैं। वह गुरु जो सत-असत, ज्ञान-अज्ञान का विभेद कर सके, उसका विस्तृत ज्ञान इतना हो कि वह संपूर्ण परिस्थितियों का जानने वाला हो तभी जाकर वह मार्गदर्शक बन सकता है।

गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक में कहा गया है कि जैसी भक्ति की आवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। शास्त्रों में गुरु अज्ञान के अंधकार को दूर करके ज्ञान का प्रकाश देने वाला कहा गया है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले होते हैं। गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार संभव हो पाता है और गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं हो पाता।

प्रश्नों की बौछार

डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था।

चौहत्तर वर्षीय सोना देवी को दस वर्षों से डायबिटीज थी। उसका थोड़ा-बहुत असर अब हृदय पर भी पड़ चुका था, जिसके चलते अब उन्हें ज्यादा मेहनत या श्रम करने पर छाती में दर्द या जलन होती थी, साथ में ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी बढ़ा हुआ था। इसीजी करने पर पता कि उन्हें दिल का हल्का दौरा पड़ चुका है। गर्दन की हड्डियां भी कमजोर पड़ गई थी, जिसके चलते उन्हें गर्दन और दोनों बाजुओं में दर्द की शिकायत थी। उनका शरीर खाया-पिया था। वजन भी अच्छा-खासा था। शारीरिक गठन सूचकांक 29.6 था, जो सामान्य से काफी अधिक था। दोनों कानों से कम सुनाई देता था।

इतनी बीमारियों के बावजूद सोना देवी की जीवंतता और खाने पीने में रुचि कम नहीं पड़ी थी। अच्छा खाना-पीना, सलीके से रहना, घूमना -फिरना उनकी प्रबल इच्छाओं में था। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है कि जब वे पिछली बार सर्वप्रथम मुझे दिखने आईं थीं तब उनके दो प्रमुख प्रश्न थे क्या मैं संगम के किनारे मिलने वाली गुड़ खा सकती हूं? अपने फैली हथेलियों के संकेत से एक बड़े कटोरे के बराबर खीर खा सकती हूं। जिसे दस वर्षों से अधिक की डायबिटीज हो, ब्लड प्रेशर हो उसे रोज खीर खाने को मैं कैसे अनुमति देता? मैंने उन्हें बहुत समझ-बुझाकर गुण-दोष बताकर एक छोटी कटोरी कभी- कभार लेने की इजाजत दी थी।

आज करीब छह महीने बाद जब वह ओपीडी में आईं तब कुशलक्षेम के बाद उन्होंने कहा डाक्टर साहब कमजोरी बहुत है। क्या मैं गुड़ की जलेबी खा सकती हूं? पकौड़ी, कढ़ी, कटहल की सब्जी खा सकती हूं? और हां डॉक्टर साहब क्या मैं उड़द की दाल या दम आलू खा सकती हूं? इसके पहले कि मैं उन्हें कुछ जवाब दूं उनका आगामी प्रश्न था क्या मैं दही माठा से रोटी खा सकती हूं? और हां डाक्टर बाबू क्या मैं पहले की तरह राजमा -छोला खा सकती हूं की नहीं? कहो डाक्टर साहब क्या चना उबाल कर खा सकती हूं? पेप्सी मेरे लिए मना तो नहीं है? आजकल लोग नारियल का पानी खूब पीते हैं क्या हमहूं इसे पी सकते हैं? मैंने कहा बिल्कुल मां। गांव में मेरे खेत में एक बहुत सुंदर आम का पेड़ हैं। सिंदूर के रंग का उसका आम बहुत मीठा होता है। हम लोग उसे सेनहुरवा आम बोलते हैं। सेनहुरवा की बात करते-करते वह अत्यंत लालायित भाव से बोली क्या वह आम अब मैं खा सकती हूं की नहीं।

डॉक्टर साहब मैं अपने घर के तीसरे महला पर खटाखट चढ़ जाती थी, पर अब दूसरी मंजिल पहुंचते-पहुंचते सांस फूल जाती हैं। ऐसा क्यों है डॉक्टर साहिब? ऐसा कहते समय उनके चेहरे पर बाल सुलभ सरलता, मुस्कराहट और कौतूहल था। खाने-पीने से संबंधित उनके अनेक प्रश्न मेरे लिए थोड़े कौतूहल पूर्ण थे। पहले मेरा मन हुआ कि मैं इन्हें चिकित्सालय की डायटीशियन के पास शंका-समाधान के लिए भेज देता, लेकिन मेरे अंतःकरण ने यह गवारा नहीं किया, क्योंकि उनकी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि से डायटीशियन की समझ शायद ही मेल खाती। यह ध्यान में रखकर मैंने स्वयं यह जिम्मेदारी निभाने का निश्चय किया।

मेरा उत्तर संक्षिप्त और सरल था- आप सब चीजों का आनंद लें पर ज्यादा चिकनाई, तले-भुने, अधिक नमक, मैदे से बनी चीजें और जंक पदार्थों से बचने की कोशिश करें। कहते है न जीभ तो 'स्वाद लेहि भीतर गई, भोगत हृदय अपार'। यहां यह बात सोलहों आने सच थी। इसी चटोरी जीभ के कारण उन्हें डायबिटीज, हृदयाघात, चिकनाई दोष जैसी समस्याएं घेरे हुएं थी, पर उनका चटपटे भोजन के प्रति लगाव कम नहीं हुआ था। पता नहीं मैं उसके तमाम प्रश्नों का समाधान कर पाया या नहीं, पर जाते समय उसके चेहरा जिस प्रकार प्रसन्नता से खिला हुआ था और उसके नेत्रों में कृतज्ञता के भाव परिलक्षित हो रहे थे तथा अभिवादन में जो नमन दृष्टिगत हो रहा था वह किसी भी चिकित्सक को अंदर से विचलित करने के लिए पर्याप्त था।

ऐसे भी होते हैं मुस्लिम

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इन दिनों उत्तर प्रदेश में कावड़ियों के मार्ग की दुकानों और होटलों से लेकर ठेलियों तक पर स्वामी के नाम का पट लगाए जाने के शासकीय आदेश की खबर गरम है। इसके पीछे की भावना यह है कि इन शिव भक्तों को हिंदू-मुस्लिम विक्रेता की पहचान हो सके। हालांकि इन नाम पटों की सत्यता की पुष्टि करने का कावड़ियों के पास कोई उपाय नहीं है और न इतने वृहत पैमाने पर सरकारी तंत्र इसे सत्यापित ही कर सकता है, जो लिखा है उसे मुख मूल्य पर स्वीकार करना होगा।

तथ्य यह भी है कि तमाम नाम कामन होते हैं, जो हिंदू मुसलमान दोनों रखते हैं। ऐसा इस समय क्यों किया गया? लोकसभा चुनावों में यूपी में भाजपा को मिली करारी शिकस्त के परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर आलोचना की बौछारें हो रही हैं। उनके अपने दोनों उप मुख्यमंत्री इसमें सबसे आगे हैं, शायद हाई कमान के इशारे पर। इसी बीच प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होने हैं, जिनके परिणामों से योगी की प्रतिष्ठा जुड़ी होगी और शायद कुर्सी भी। ऐसे में नाम पट दर्शित करने वाली योजना वोटों के सांप्रदायिक ध्रुवीकरण करने का प्रयास है। अब इसमें कितनी सफलता मिलती है, यह समय बताएगा। वैसे मेरा मानना है कि कोई भी समूह या संप्रदाय अपनी संपूर्णता में अच्छा या बुरा नहीं होता। मिश्रण होता है। यहां वेद पुराण की बात नहीं करेंगे, क्योंकि तब तो हिंदू-मुस्लिम था ही नहीं। इतिहास में मंसूर, सरमद, फैजी, रहीम, रसखान और मलिक मोहम्मद जायसी जैसे नाम हैं, जिनको इंगित करके भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने कहा था,"इन मुसलमान हरिजनन पै कोटिन हिंदू वारिये"। कृष्ण भक्तिन ताज बीबी की कब्र आज भी वृंदावन की रमण रेती में हिंदुओं की श्रद्धा का केंद्र है और उनके स्वर "नंद के कुमार कुरवान तेरी सूरत पै, हौं तौ मुगलानी हिंदुवानी ह्वै रहौंगी मैं" लोक मानस में घर किए हुए हैं।

हमारी पुत्री शारदा शुक्ला की विद्यार्थी जीवन की घनिष्टा सखी रूही सिद्दीकी उच्च न्यायालय की लखनऊ खंड पीठ में सरकारी वकील है। अभी कश्मीर यात्रा पर गई थी, तो श्रीनगर के प्रसिद्ध शिव मंदिर भी गई, जिसे शंकराचार्य जी ने प्रतिष्ठित किया था। मेरे गृह कार्य की प्रभारी 'गुड़िया' नामक महिला है। वह मुसलमान है। शुरू में उससे पूछा गया था कि "तुम्हारा कोई मुसलमानी नाम भी होगा?" तो उसने कहा नहीं यही एक नाम है। अब इस नाम का यदि पट लगा हो तो कैसे जानेंगे कि यह हिंदू है या मुसलमान? मेरे परिवार वालों का आश्चर्य तब और बढ़ा, जब उसकी किशोरी बेटी एक दिन घर आई और उसका नाम पूजा बताया गया। कारण पूछने पर गुड़िया कहती हैं "आप लोगों के जो देवी पूजा के दिन होते हैं, उनके आखिरी दिन की इसकी पैदाइश है, इसलिए पूजा नाम रख दिया"। यानी एक पहलू यह भी है।

पृथ्वी का श्रृंगार कर पर्यावरण बचाएं : अजीत

राज्य मंत्री ने बीहड़ में लगाया अपनी मां के नाम का पौधा, लोगों से पौधरोपण का किया आह्वान

संवाददाता अयाना, औरैया

अमृत विचार। भारत विकासशील देश है। विकसित होने तक हम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन रोक नहीं सकते हैं लेकिन अधिक से अधिक पेड़ लगाकर इसे संतुलित कर सकते हैं। यह बात राज्य मंत्री अजीत पाल ने शनिवार को बीहड़ की जुहीखा सेंगनपुर मार्ग पर सिद्ध बाबा मंदिर के पास पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पृथ्वी का श्रृंगार करना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 46,82,501 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। जिले के कई स्थानों पर पौधारोपण किया गया। राज्य मंत्री अजीत पाल, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया, डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी चारु निगम ने सिद्ध बाबा मंदिर के पास वन विभाग की जमीन पर पौधारोपण किया। यहां 10 हेक्टेयर जमीन पर आम, नीम, गूलर, कटहल, सहित अन्य किस्म के 4000 पौधे लगाए जाने हैं। साथ ही 12000 पौधों के बीज बोए जाने हैं। राज्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी करीब 25 करोड़ है। अभियान के तहत 36.50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। यदि दो आमदी मिलकर तीन पेड़ लगाकर उनका संरक्षण करेंगे तो भी यह लक्ष्य आसानी से पूरा हो जाएगा। इससे प्रदेश हराभरा होने के साथ जलवायु परिवर्तन पर भी नियंत्रण बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि कई देशों ने भारत को कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन रोकने के लिए कहा है। यह संभव नहीं है। वर्तमान में हमारी गिनती विकासशील देशों में आती है। विकसित देश बनने के लिए संयंत्रों की स्थापना के साथ उनका संचालन आवश्यक है। एडीएम एमपी सिंह, एसडीएम रामौतार, तहसीलदार, भाजयुमो प्रदेश मंत्री सौरभ भूषण आदि मौजूद थे।

पौधारोपण करते राज्य मंत्री अजीत पाल। अमृत विचार

पौधरोपण करते अतिथि।

मुख्य सचिव ने पौधे लगा कर किया जागरूक

सहार। विकास खंड सहार की ग्राम पंचायत पुर्वा रावत में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य सचिव ग्राम विकास विभाग उत्तर प्रदेश के सुखलाल भारती ने पौधे रोपे और मनरेगा श्रमिकों को पौधे वितरित किए। वहीं ग्राम प्रधान मो. शानेआलम का कार्य अच्छा देख खुश होकर माला पहनाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी इंद्र मणि त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी करूणा पति मिश्र, रामदुलारे डीसी मनरेगा औरैया, डॉ. आदित्य तिवारी खंड विकास अधिकारी सहार, मो. शाने आलम ग्राम प्रधान, मो. कामिल पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, पुष्पा एडियो पंचायत, समाज कल्याण सहार, ज्योति सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजीव कुमार, तकनीकी सहायक सहित ग्रामीण व मनरेगा श्रमिक मौजूद रहे।

पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ के तहत किया पौधेरोपण

कंचौसी,औरैया। सहार ब्लॉक की ग्राम पंचायत ढिकियापुर व कंचौसी में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के महाअभियान 2024 पेड़ लगाओ,पेड़बचाओ के तहत शनिवार को पूरी पंचायत में वृक्षारोपण किया गया।इस दौरान सभी ग्रामीणों ने पर्यावरण सुरक्षा हेतु कम से कम एक पेड़ लगाने का संकल्प भी लिया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता व दिबियापुर सहकारी संघ लि.के अध्यक्ष सन्तोष शुक्ला, ग्राम प्रधान ढिकियापुर राजू राठौर, क्षेत्र पंचायत सदस्य रामनरेश दोहरे,बूथ अध्यक्ष ढिकियापुर अवधेश सिंह राजावत,ग्राम पंचायत सदस्य मनीष बाथम,बाली कुशवाहा, शिवरतन सिंह राजावत, जिलाकार्यसमिति सदस्य भाजपा बीनू शुक्ला,आलोक दुबे,सहित अनेकों ग्रामवासियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित व ग्राम सभा को हरा भरा रखने का संकल्प लिया।

सार-संक्षेप

लाल पोशाक में बच्चे एवं शिक्षिकाएं। अमृत विचार

बच्चों को बताया लाल रंग का महत्व

औरैया। पीबीआरपी अकादमी, दिबियापुर में शनिवार को रेड डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लाल रंग के गुलाबों की तरह महकते हर्षित व पुलकित बच्चे दिन भर अध्यापकों, सहपाठियों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे। बच्चों को लाल रंग की अलग-अलग विशेषताएं शिक्षकों द्वारा बताई गईं। जैसे लाल रंग ऊर्जा, प्रेम, उल्लास, खुशी एवं सावधानी बरतने का प्रतीक होता है। प्रबंधक इंजी. दिनेश पांडेय ने बताया कि इस वैज्ञानिक युग में बच्चों को पता होना चाहिए कि लाल रंग किस प्रकार सूचना का प्रतीक होता है। अनजान खतरे की सूचना लाल रंग के माध्यम से कैसे दी जाती है। किस प्रकार लाल रंग का प्रयोग सड़क हादसों से बचने के लिए किया जाता है। लाल रंग अच्छे स्वास्थ्य का प्रतीक भी है। प्रधानाचार्य डॉ. सौरव कश्यप ने बताया कि लाल रंग, रक्त, अग्नि, प्रेम, संवेदनशीलता, आनंद, शक्ति, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के अर्थों से जुड़ा है। कोर्डिनेटर संगीता दीक्षित, एक्टिविटी टीचर दिव्या दिवाकर, बाल वाटिका की शिक्षिका रुचि, अनामिका, ऋचा, सोनाक्षी, निशा ने बच्चों के रेड डे को सफल बनाने में अहम भूमिका रही।

पौधारोपण करते प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

एक पेड़ मां के नाम पर किया पौधरोपण

अजीतमल। शनिवार को जनता महाविद्यालय अजीतमल में पर्यावरण संरक्षण, मृदा संरक्षण के लिए महाविधालय में शासन के आदेशों के अनुपालन में पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ अभियान के तहत पौध रोपण किए गए।पौध रोपण "एक पेड़ मां के नाम" को लक्ष्य मानकर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी तथा छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अरविन्द कुमार शर्मा के निर्देशन एवम वृक्षारोपण प्रभारी डा योगेश कुमार साहू के नेतृत्व में महाविद्यालय संपूर्ण परिसर में इमली, अमरूद, अशोक, अमलताश, सहजन, बेल, कटहल, आदि पेड़ो का रोपड़ महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, एन सी सी प्रभारी डा योगेश दीक्षित, एन एस एस प्रभारी डा वीरेश सिंह, डा आर बी यादव, डा संजय वर्मा, डा समाकांत भारती, डा श्रीप्रकाश यादव, डा पी पी सिंह, डा गिरजेश सक्सेना,डा प्रवीणा देवी, डा उमाकांत मिश्रा, डा देवेंद्र खोखर, डा उमेश दुबे,डा ब्रज किशोर, डा कमलेश, डा अभिषेक, डा रत्ना गौर आदि शिक्षक कर्मचारियों छात्र छात्राओं ने पौध रोपण किया।

ग्राम पंचायत के मजरों में हुए कार्यक्रम

ऐरवा कटरा, औरैया। विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत ग्रामपंचायत रघुनाथपुर के मजरो में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किए गए। मजरा गांव नगला बरहा,रानीपुर दत्त,बहुरपुर रघुनाथपुर, मुकुटपुर गांव में पौधारोपण किए गए। प्राथमिक विद्यालय मुकुटपुर में 21 पौधारोपण कराए गए जिसमें आम, नीम, पीपल, बेलुआ, शहतूत कंद,जामुन आदि छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अवध बिहारी यादव ने पौधों को देखरेख का संकल्प लिया। इसी प्रकार नगला बरहा निवासी कृषक रंजीत शाक्य ने अपने खेत फार्मो पर वृक्षारोपण करवाया। ग्राम प्रधान विनय शाक्य ने पंचायत वासियों से अपील की। कि रोपे गए पौधों की देखरेख अपने बच्चों की तरह करें।

पौधारोपण करते छात्र एवं शिक्षक। अमृत विचार

इंटर कॉलेजों व महाविद्यालयों में लगाए पौधे

औरैया। शनिवार को एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया था। अजीतमल ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी की निगरानी में 121 प्राथमिक, 32 उच्च प्राथमिक और 32 कंपोजिट विद्यालयों,जनता इंटर कॉलेज, निजी विद्यालय व जनता महाविद्यालय में पौधे लगाए गए। शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य के अनुरूप अजीतमल ब्लॉक खंड के 185 बेसिक स्कूलों में पौधा रोपण के लिए पौधों की उठान अजीतमल नहर स्थित पौध शाला से गुरुवार और शुक्रवार को करा ली गई थी। शनिवार को अजीतमल ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में 1751 पौधों को एक साथ रोपित किया गया। उन्होंने बीआरसी पर पौधों को रोपित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संतुलन के लिए पेड़-पौधों का अहम योगदान होता है। वहीं जनता इंटर कॉलेज, निजी विद्यालयों व महाविद्यालयो में भी पौधे रोपित किए गए। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर अमन कुमार, राघवेंद्र राजपूत, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र कुमार, लेखाकार जितेंद्र अग्निहोत्री, सर्वेश सक्सेना, महेंद्र प्रताप, रवि सिंह, कमल सिंह, शशांक प्रिय, शिवम व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

नगर वन में पौधरोपण करते चैयरमेन अरुण दुबे। अमृत विचार

ब्लॉक प्रमुख व चैयरमेन ने किया पौधरोपण

अछल्दा। वन प्रभाग के रेंज के अंतर्गत बझेरा वन ब्लॉक (नगर वाटिका) में एक पौधा मां के नाम की मुहिम के तहत अछल्दा ब्लॉक प्रमुख शरद राना, अछल्दा नगर पंचायत चेयरमैन अरुण कुमार दुबे ने पौधरोपण किया। ब्लॉक प्रमुख शरद राणा ने लोगों को अधिक से अधिक पौधे रोपने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। बृज भूषण सिंह वन दरोगा, बीट प्रभारी गौरव मिश्रा, जगवीर सिंह, एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

फफूंद। शनिवार की शाम लगभग छः बजे दिबियापुर रोड़ पर बाईपास मोड़ पर एक बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे बाइक पर बैठे तीन व्यक्ति जिसमे सुरेन्द्र पुत्र रामदास, कल्लू पुत्र अज्ञात, जीतू पाल पुत्र अज्ञात समस्त निवासी कटरामनेपुर फफूंद घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाईपास से आते हुए एक तेज गति ट्रेक्टर ने बाइक में टक्कर हो गई थी। ट्रेक्टर चालक घटना स्थल से ट्रेक्टर लेकर भाग गया, दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को राहगीरों ने उठाकर रोड़ के किनारे एम्बुलेंस कों सूचना दी थोड़ी देर में एम्बुलेंस घटना स्थल पर पहुंच गई।

एक नजर

किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अछल्दा, औरैया। थाना क्षेत्र के गांव छछुंद में खेत पर रोपाई करने गए किसान की पास बने नाले में पैर फिसलने से उसमें गिरकर मौत हो गई। परिजन सीएचसी ले गए जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। थाना क्षेत्र के छछुंद गांव निवासी रणजीत सिंह (55) पुत्र राम दुलारे सुबह करीब 8 बजे अपने 6 बीघा खेत में धान की रोपाई के लिए गए हुए थे। खेत के पास बने नाले में पैर फिसलने से वह गिर गए जिससे नाले में गिर कर उनकी मौत हो गई। मनरेगा में काम कर रहे किसान ने परिजनों को सूचना दी। परिजन ने सीएचसी लाए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया गया।

रणजीत सिंह।

मकान गिरने से गृहस्थी का सामान नष्ट

अजीतमल। विकासखंड अजीतमल के ग्राम पंचायत गोहानी खुर्द में कल हुई भीषण बारिश में गरीब मजदूर अरविंद सविता पुत्र राम बिहारी सविता निवासी गोहानी खुर्द अजीतमल का कच्चा मकान गिर जाने से घर की गृहस्थी के अलावा दवा, जानवरों के लिए रखा भूसा आदि दबकर नष्ट हो गया। गरीब पीड़ित ने अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई है। मजदूर ने बताया कि उसके मकान में गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। लेखपाल को जानकारी दी,उन्होंने बताया कि आज वृक्षारोपण के चलते अधिक व्यस्तता है कल आकर नुकसान का आंकलन किया जाएगा।

समरथ पाल का किया स्वागत

कंचौसी। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव समरथ पाल को झांसी और बुंदेलखंड मंडल प्रभारी बनाए जाने पर पहली बार ग्रह जनपद के आधार गांव पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर क्षेत्र के आधार गांव के निवासी और पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता समरथ पाल को हाल ही में चित्रकूट मंडल का प्रभारी बनाया गया है। प्रभारी बनाए जाने के बाद पहली बार गांव पहुंचने पर प्रधान अनमोल यादव, इंटर कॉलेज के प्रबंधक सिपाही लाल यादव, प्रताप सिंह, मनोज यादव, रोशनलाल, पुष्पेन्द्र यादव, बदन सिंह पाल, आसन अली, नरेश दिवाकर, बसंत शर्मा, शुशील,रवि आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने एमआरएफ सेंटर का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने शनिवार को भाग्यनगर ब्लाक की ग्राम पंचायत सोंधेमऊ स्थित एम आर एफ सेंटर में पहुंचकर सूखे कूड़े के निस्तारण की प्रक्रिया को देखते हुए निर्देशित किया कि इसका संचालन पूरी क्षमता से कराया जाए जिससे अधिक से अधिक कूड़े का निस्तारण समय से हो और इधर-उधर फैलने वाले कूड़े से होने वाली गंदगी से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि इसमें आवश्यकतनुसार कार्मिक लगाए जाएं जिससे कूड़ा निस्तारण में किसी प्रकार का कोई विलंब न होने पाए।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निस्तारण के पश्चात निकलने वाली प्लास्टिक को उपयोग में लाया जाए जिससे वह इधर-उधर फैली हुई न दिखाई दें। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया और कहा कि सभी लोग वृक्ष लगाए और इसकी देखभाल भी करें जिससे यह अपना पूर्ण आकार ले ताकि वृक्षारोपण की उद्देश्य पूर्ति भी सुनिश्चित हो सके। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अनूप गुप्ता,एसडीएम सदर राकेश कुमार, अधिशाषी अधिकारी राम आसरे कमल सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी।

वर्षा ऋतु से संबंधित प्रतियोगिताएं करवाईं

संवाददाता बिधूना, औरैया

अमृत विचार। ज्ञान स्थली एकेडमी में शनिवार को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने वर्षा ऋतु पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा 1 से 4 तक के बच्चों ने अम्ब्रेला डांस प्रतियोगिता में भाग लिया। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों ने वर्षा ऋतु के मॉडल बनाए तथा उनके बारे में भी बताया।

कक्षा 9 से 12 तक के बच्चों ने बारिस के दौरान होने वाली बीमारियों के कारण और उनके बचाव के प्रवधान के लिए भाषण प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसके अलावा बच्चों ने जंक फूड से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

प्रधानाचार्य सजीमोन आई ने बच्चों को समझाया कि प्रत्येक बच्चों को प्रत्येक प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए क्योकि ऐसी प्रतियोगिता में भाग लेने से दिमाग की उलझने कम होती हैं और भविष्य में रोजगार प्राप्त करने के लिए अवसर भी प्राप्त होते हैं।

एकेडमिक इंचार्ज भानू प्रताप सिंह, विनय शुक्ला, विनय वर्मा, धनंजय सिंह, सागर सक्सेना, अरुण झा, शैलेंद्र कुमार, आयुष सेंगर, पूनम, गीता, नीलम, अंजुली, इतांषी, शिवनाथ, ज्योतिषाचार्य पूजा, सुप्रिया, प्रीति, ज्योति पाठक आदि का प्रतियोगिताएं संपन्न कराने में सहयोग रहा।

धरना-प्रदर्शन करते चंदेल गुट के पदाधिकारी। अमृत विचार

रेलवे ट्रैक पर चलाई टीटीएम मशीन, जाम

अछल्दा, औरैया। दिल्ली - हावड़ा रेल मार्ग पर रेलवे प्रशासन ने जंपिंग मशीन (टीटीएम) से रेलवे ट्रैकों को जंप कराने के लिए शनिवार दोपहर से कार्य शुरू करा दिया। यह जंप का कार्य अछल्दा के आसपास किया। रेलवे फाटक बंद रहने पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

दोपहर 1 बजे शनिवार को रेलवे फाटक के पास जिससे टीटीएम मशीन चलाई गई टीटीएम मशीन चलने पर रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया। इससे 13-बी पर लंबा जाम लग गया। यह मशीन से आई है और साथ में दो अधिकारियों के साथ आधा दर्जन रेल कर्मी कार्य में अंजाम देने में जुटे है।दोपहर में अप व डाउन लाइन पर अछल्दा रेलवे ट्रैक के नीचे मिट्टी जम जाने के कारण जंप नहीं होता है और ट्रैक चटकने का अंदेशा बन जाता है। इसी को देखते हुए रेलवे ने ट्रैक टैपिंग मशीन (टीटीएम) से रेलवे ट्रैकों को जंप कराने के लिए भेज दिया गया। क्रॉसिंग पर लगे जाम को आरपीएफ ने खुलवाया गया।

शिक्षक संघ चंदेल गुट के पदाधिकारियों का धरना

औरैया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के 3 दिवसीय धरने के तीसरे दिन शनिवार को प्रदेशीय संरक्षक प्रेमनारायण दुबे ने बताया की 75 जिलों में चल रहा यह धरना शिक्षकों की अनेक समस्याओं का समाधान करेगा। जिलाध्यक्ष उमाकांत दीक्षित ने बताया की हमारी पुरानी मांगों जिसमे पुरानी पेंशन की बहाली, तदर्थ शिक्षको का विनमितीकरण, प्रोन्नत वेतन मान चयन वेतन मान ,वित्त विहीन शिक्षको की सेवा नियमावली एवं चार अंको में मानदेय दिलाना आदि हैं।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्ण मोहन उपाध्याय ने शिक्षको से अपील की कि वह अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र संगठन में लिखित सूचना जिलामंत्री को दें। जिला मंत्री संतोष कुमार तिवारी ने शिक्षकों के हितों के लिए तत्पर रहने के लिए वचन दिया। सुलखान सिंह, आसित शुक्ला, संजीव दुबे, अभिषेक मिश्रा, रामशरण मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष आनंद पाठक, ऋषभ पांडेय।

पौधारोपण करते प्रधान अमरेश पांडेय एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं। अमृत विचार

कोठीपुर में चलाया पौधरोपण अभियान

फफूंद, औरैया। विकासखंड भाग्यनगर के अंतर्गत ग्राम कोठीपुर में शनिवार को वृहद पौधरोपण किया गया। समाजसेवी अवधेश चंद पांडे ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए और उनका पालन पोषण भी करना चाहिए। ग्राम प्रधान अमरेश पांडे, पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील यादव, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राकेश राजपूत, सहायक अध्यापक का दीक्षा गुप्ता, शिव प्रसाद वर्मा, किरण मिश्रा, रुनम मिश्रा, रागिनी राजपूत, शिक्षामित्र राजेश दोहरे, पंचायत सहायक अलका, आशा, किरण कठेरिया, मनरेगा मेट रीता शर्मा, कन्हैयालाल कुशवाहा, सुनील शर्मा, सूरज दोहरे, पुष्पेंद्र कठेरिया, अनु कठेरिया आदि मौजूद रहे।

सिग्नल में खराबी आने से खड़ी रहीं ट्रेनें

कंचौसी, औरैया। दिल्ली-हावड़ा रूट पर बीते शुक्रवार की रात को सिग्नल में तकनीकी कमी आ जाने से ट्रेनों का आवागमन आधा घंटे बाधित रहा। इससे डाउन लाइन की 3 ट्रेनें मेन लाइन पर खड़ी रहीं। रेलवे स्टेशन मास्टर ने किताब दिखाकर ट्रेनों का आवागमन शुरू कराया। कंचौसी स्टेशन पर रात करीब 11 बजे सिग्नल केबिल खराब हो गई। इससे डाउन लाइन की ट्रेनों का आवागमन रुक गया। डाउन लाइन की मऊ-गोरखपुर आनंद बिहार एक्सप्रेस को कंचौसी रेलवे स्टेशन पर रोका गया।

तैयारी | बाढ़ राहत चौकियों सहित सभी व्यवस्थाएं की गई चाक- चौबंद

बाढ़ से निपटने को प्रशासन रख रहा नजर

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। सदर विधायक गुड़िया कठेरिया व जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, एसपी चारू निगम ने शनिवार को ग्राम पंचायत जुहीखा में बाढ़ की स्थिति को देखा। सदर विधायक ने बाढ़ राहत चौपाल में ग्राम वासियों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी लोग निश्चिन्त रहें। बाढ़ से बचाव हेतु शासन- प्रशासन आप लोगों की हर प्रकार की मदद करने के लिए संकल्पबद्ध है।

वहीं ग्रामीणों ने चकरोड पर कब्जा होने के चलते मवेशियों को पानी पिलाने के लिए यमुना नदी तक ले जाने में परेशानी होने की शिकायत की। मामले में डीएम ने तहसीलदार को तुरंत कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। चौपाल में ग्रामीणों ने बताया की बाढ़ के दौरान गांव में पानी भर जाता है। इस पर विधायक गुड़िया कठेरिया ने गांव के बाहर मिट्टी का बांध बनवाने का आश्वासन दिया।

इसके बाद डीएम व एसपी ने ग्राम सिकरोड़ी पहुंचकर यमुना के जल स्तर का जायजा लिया तथा बाढ़ राहत चौपाल में ग्राम वासियों से कहा कि बाढ़ से राहत के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक अवस्थाएं कर ली गईं हैं। कहा कि आप लोग स्वयं भी सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा लगातार नजर रखी जा रही और समय-समय कोटा वैराज के अधिकारियों से वार्ता की जा रही है।

सीडीओ आरएस गौतम, अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) राजस्व महेन्द्र पाल सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी सुनील कुमार वर्मा, उप जिलाधिकारी अजीतमल राम अवतार, तहसीलदार अजीतमल रीतेश, सहित संबंधित अधिकारी आदि मौजूद रहे।

चौपाल में जानकारी देते डीएम इंद्रमणि त्रिपाठी एवं विधायक गुड़िया कठेरिया।

वृद्ध का हत्यारोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, दो की तलाश जारी

संवाददाता फफूंद, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वृद्ध की हत्या करने वाले आरोपियों में से एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया, जबकि दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया। उसे जेल भेज दिया गया।

बीते गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र के गांव रोशनपुर निवासी रामसेवक (65)को उसके पड़ोसी विनोद कुमार ने दाल लाने के विवाद में अपने भाइयों रेनू उर्फ मनोज कुमार और आदेश कुमार के साथ मिलकर लात-घूंसो से मारपीट कीथी। विनोद ने रामसेवक के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया जिससे वह बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। गंभीर हालत में परिजन और ग्रामीण उसे अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने विनोद और उसके भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा और पुलिस की कड़ी सुरक्षा में अंतिम संस्कार किया गया। शनिवार सुबह हल्का इंचार्ज एस आई शेरसिंह को सूचना मिली की मुख्य आरोपी विनोद कुमार मुरादगंज रोड से कही भाग रहा है जिस पर पुलिस ने उसे घेराबंदी करते हुए दबोच लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया।

जिले में पौधरोपण की रही धूम, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जलशक्ति मंत्री समेत सभी जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने जगह-जगह किया पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता, बांदा

अमृत विचार। जनपद में शनिवार को वृक्षारोपण की धूम देखने को मिली। सूबे के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकेटेश्वर लू समेत जिले के सभी जनप्रतिनिधियों और अफसरों ने जगह-जगह पौधरोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सूबे के जलशक्ति मंत्री श्री सिंह ने पैलानी क्षेत्र के ककनारे बाबा में विधिवत पूजा अर्चना और फीता काटकर पौधरोपण जन अभियान का शुभारंभ किया। जलशक्ति मंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण को सुरक्षित और संतुलित करने के लिए जनांदोलन के रूप में चलाने का आह्वान किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। कहा कि पूरे जनपद में 67 लाख पौधे लगाए जाने हैं और सभी के संरक्षण का भी जिम्मा उठाने को आगे का आह्वान किया। कहा कि एक वृक्ष लगाने से 10 बच्चे स्वस्थ रहते हैं। उन्होंने वृक्षारोपण करने के पश्चात इसकी जीओ टैगिंग कराने और पौधों को जीवित रखने के लिए आवश्यक उपाय करने के साथ ही नियमित मानीटरिंग करने की हिदायत दी।

मंत्री ने हर खेत में मेड़ एवं हर मेड़ पर पेड़ लगाने के लिए किसानों का आह्वान किया। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पौधे वितरित किए। कहा कि बच्चों को वृक्षों के महत्व एवं उनकी उपयोगिता के सम्बन्ध में अवश्य बताया जाए।

जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष डा.धर्मेंद्र त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष श्यामबाबू पाल, डीएम नगेन्द्र प्रताप, सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य समेत जिले के जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व जिला स्तरीय अफसरों ने भी वृक्षारोपण किया। ऐसे ही जिले के नोडल अधिकारी प्रमुख सचिव परिवहन एल.वेंकटेश्वर लू ने वृहद गौसंरक्षण केन्द्र कनवारा, कच्चा तालाब, पीएचसी जौरही में वृक्षारोपण किया। उन्होंने वृक्षारोपण करते हुए कहा कि जिन स्थानों पर वृक्षारोपण के अन्तर्गत आम जनता व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से वृक्षारोपण किया जा रहा है, सभी लोग व सम्बन्धित विभाग इन वृक्षों की नियमित रूप से देखभाल का जिम्मा उठाएं। कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने एवं ऑक्सीजन के लिए वृक्षों के रोपण के साथ जीवित रखना आवश्यक है। वृक्ष वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल के लिए अति उपयोगी हैं। जिलाधिकारी ने बृहद गौसंरक्षण केन्द्र कनवारा में अन्य अधिकारियों के साथ वृक्षारोपण करते हुए वृक्षों को जीवित रखने के लिए सीचिंत किये जाने एवं सुरक्षा हेतु आवश्यक टीगार्ड तथा अन्य साधन का उपयोग करने के निर्देश दिये।

पौधरोपण करते प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह। अमृत विचार

पौधरोपण करते प्रमुख सचिव परिवहन व जिलाधिकारी। अमृत विचार

पतौरा में जिलाधिकारी एसपी ने लगाए पौधे

महुआ विकास खंड के पतौरा गांव में जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल और ग्राम प्रधान विनीता ओमप्रकाश त्रिपाठी ने पौधरोपण किया। डीएम, एसपी व प्रधान ने ग्राम पंचायत पतौरा के बलखेड़ा स्थित अमृत सरोवर में पौधे रोपे। कहा कि पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति को उठानी होगीसीडीओ वेदप्रकाश मौर्य, एसडीएम सत्यप्रकाश, बीडीओ राजेश तिवारी, एसओ गिरवां राकेश तिवारी, सचिव शेफाली समेत ग्रामीण और ब्लाक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन में पौधरोपण करते डीआईजी व एसपी। अमृत विचार

पुलिस लाइन में डीआईजी, एसपी ने रोपे पौधे

चित्रकूटधाम परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल समेत सभी पुलिस अधिकारियों ने वन महोत्सव में प्रतिभाग किया और पुलिस लाइन में पौधरोपण करके पर्यावरण जागरुकता का संदेश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने बताया कि पुलिस विभाग ने अभियान में सहभागिता करते हुए जिले में 16 हजार पौधे लगाने का जिम्मा लिया है। उन्होंने जिले के सभी पुलिस कर्मियों को एक-एक पौधा लगाने और उनकी समुचित देखभाल का जिम्मा लेने की हिदायत दी। डीआईजी श्री सिंह ने प्रतिसार निरीक्षक वेदमणि मिश्रा और सभी थानाध्यक्षों को पौधरोपण में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने और पौधों की नियमित देखभाल करने की हिदायत दी।

अतर्रा सहकारी समिति में पौधरोपण करते अधिकारी, कर्मचारी।

अतर्रा तहसील में जगह-जगह हुआ कार्यक्रम

शनिवार को अतर्रा तहसील क्षेत्र में भी वृहद जन वृक्षारोपण अभियान की धूम रही। तहसील परिसर में एसडीएम रावेंद्र सिंह ने वृक्षारोपण करके पौधों का महत्व समझाया। कहा कि पौधे लगाने के साथ ही उनकी सुरक्षा करना सभी का दायित्व है। तहसीलदार सुशील वर्मा, नायब तहसीलदार राजीव यादव, अनुराग शुक्ला आदि ने भी पौधे रोपे। वहीं थाना परिसर में थाना प्रभारी कुलदीप तिवारी, कस्बा इंचार्ज केडी त्रिपाठी, नगर पालिका में चेयरमैन संगीता निराला, अधिशाषी अधिकारी राहुल द्विवेदी, वेद निराला, संतोष निगम, विष्णुदेव तिवारी, नीरज गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि ने वृक्षारोपण में प्रतिभाग किया। ऐसे ही ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, सरस्वती इंटर कालेज में प्रबंधक आशीष पांडेय, हिंदू इंटर कालेज में राकेश पटेल में पौधे रोपे गए।

लाभार्थी को सम्मानित करते मंत्री। अमृत विचार

एक वृक्ष होता है 10 बच्चों के बराबर: स्वतंत्र देव

चित्रकूट। प्रदेश सरकार के जलशक्ति विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि, लघु सिंचाई, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को विकास खंड मानिकपुर के हनुवा वन खंड रैपुरा रेंज पर हरिशंकरी का पौधा रोपा। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व छात्र-छात्राओं को पौधे व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मंत्री ने कहा कि एक वृक्ष 10 बच्चों के बराबर होता है। विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने मटदर वन ब्लॉक में सूखे पेड़ों की जगह दूसरे पौधे लगाने की सलाह दी। डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह, सीडीओ अमृतपाल कौर, अध्यक्ष जिला पंचायत चित्रकूट अशोक जाटव, बांदा सुनील सिंह और पंकज अग्रवाल मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप। अमृत विचार

कांवड़ यात्रा के लिए गड्ढा मुक्त की जाएं सड़कें

बांदा। कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम ने बैठक करते हुए सावन माह के दौरान कांवड़ यात्रा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है, उसका गंभीरता से पालन करें। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। पीडब्ल्यूडी व पावर कारपोशन अधिकारियों को कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए जर्जर विद्युत केबिल व पोल और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी नागेन्द्र प्रताप ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति की व्यवस्था होनी चाहिए। नगर पालिका व नगर पंचायत अधिशासी अधिकारियों को सभी प्रमुख शिव मंदिरों के आसपास चूने का छिडकाव समेत समुचित पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था रखने को कहा। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान प्रमुख स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की ड्यूटी भी लगाने के निर्देश दिये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने कांवड़ यात्रा के प्रमुख मार्गों में आवश्यकतानुसार भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए। बताया कि यात्रा मार्ग में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था चिन्हित स्थलों में की जायेगी। मंदिरों में पुलिस लगातार निगरानी करेगी। डग्गामार व अनफिट वाहन सड़कों पर न दौड़ें, परिवहन विभाग इस पर गंभीरता से काम करे। बैठक में अपर आयुक्त (प्रशासन) अमरपाल सिंह, एडीएम राजेश कुमार, सभी क्षेत्राधिकारी पुलिस एवं उप जिलाधिकारी तथा डिप्टी कलेक्टर सहित धर्मगुरू, मंदिर समिति व्यवस्थापक व पदाधिकारी और कांवड़ संघ के लोग व अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

तालाब में डूबने से बालक की गई जान

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी 8 वर्षीय दिपाशूं पुत्र रामकरन शुक्रवार की दोपहर अपने बड़े भाई प्रियाशू के साथ घर से कुछ दूर पर ठकुरिया तालाब खेलने गया था। वह तालाब के भीटे में खेल रहा था। खेल खेल में उसकी लकड़ी तालाब में चली गई। दिपांशू लकड़ी उठाने लगा। तभी पैर फिसल जाने से वह गहरे पानी में समा कर डूब गया। प्रियाशू ने घटना की जानकारी अपने परिजनो को दी। मौके पर पहुंचे परिजनो और ग्रामीणो ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव देखते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक दो भाईयो मे छोटा था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

उद्यमियों को चाक व प्रमाण पत्र देतीं नगर पालिका चेयरमैन। अमृत विचार

कुम्हारी कला उद्यमियों को बांटे विद्युत चालित चाक

बांदा। चित्रकूटधाम ग्रामोद्योग परिक्षेत्रीय कार्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित एक दिवसीय सेमिनार का शुभारंभ नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू व बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी राजिंदर कौर ने उद्यमियों को माटीकला बोर्ड से जुड़कर माटीकला को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। बताया कि माटीकला के लिए लाभार्थी ऋण लेकर उद्योग स्थापित कर सकते हैं। उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को 25 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है। माटीकला विशेषज्ञ हरिनारायण मिश्र व फाइन आर्ट विशेषज्ञ निशा गुप्ता ने सेमिनार में भागीदारी करने वाले उद्यमियों व लाभार्थियों को माटीकला उत्पादों को फैंसी तरीके से बनाने व माटीकला को आधुनिक नवाचारों से जुड़ने तथा उपयुक्त बाजारों में उपयुक्त तरीके से व्यापार के गुर सिखाए। नगर पालिका चेयरमैन व बड़ोखर खुर्द ब्लाक प्रमुख ने इस मौके पर लाभार्थियों व उद्यमियों को विद्युत चलित चाक व प्रमाण पत्र सौंपे। माटीकला बोर्ड पूर्व सदस्य बरदानी प्रसाद प्रजापति, राजेन्द्र कुमार, सोहनलाल, राममिलन, संतोष कुमार, आनंद स्वरूप राव, मनीषा देवी, संजीव कुमार, संतोष कुमार, रामऔतार आदि उपस्थित रहे।

बरगढ़ में लगाए गए पौधे

बरगढ़ (चित्रकूट)। ग्राम पंचायत कोलमजरा के मनरेगा पार्क एवम पंचायत भवन में शनिवार को फलदार पौधे लगाए गए। खंड विकास अधिकारी रामजी मिश्रा, सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, थाना प्रभारी राकेश मौर्य, एसआई पवन प्रधान, ग्राम प्रधान शोभनाथ प्रजापति, प्रधान प्रतिनिधि अजय त्रिपाठी आदि ने पौधे रोपे। अजय ने लोगों से अनुरोध किया कि पौधे लगाने के साथ ही इसके संरक्षण पर भी ध्यान दें।

एक नजर

कर्मचारी की मौत

चित्रकूट। भरतकूप रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक के काम में लगी कंपनी के एक कर्मचारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रेलटेक कंपनी के सुपरवाइजर ने बताया कि शुक्रवार को कर्मचारी सिकरौली (मप्र) निवासी रामसागर (25) काम पर नहीं पहुंचा। चौकीदार ने टेंट में जाकर देखा तो वह मृत पड़ा था। पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के परिजनों को जानकारी दे दी गई है।

सर्पदंश से महिला की मौत

राजापुर (चित्रकूट)। थानांतर्गत ग्राम पंचायत सिकरी में मीरा देवी (55) पत्नी मेवालाल को शनिवार को उस समय सांप ने डस लिया, जब वह सोहाई तालाब के पास डेरे में उपले निकालने गई थी। मीरा ने पुत्र छेद्दू से सर्प काटने की बात बताई। इस पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां से उसे जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

किशोरी ने जहर खा जान दी

बांदा। बिसंडा थाना क्षेत्र के अधरोरी गांव निवासी 15 वर्षीय आरती पुत्री शिवलाल ने गुरूवार की रात घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गई।

विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि। अमृत विचार

मेधावियों को बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान से किया सम्मानित

बांदा। केसीएनआईटी द्वारा आयोजित बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान के 13वें संस्करण में 32 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विजेता को 5100 और उपविजेता मेधावियों को 2100 रुपये के चेक सौंपे गए। यूपी और सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रा व आईएएस फरहीन जाहिद, पूर्व छात्र व असिस्टेंट कमिश्नर विवेक गुप्ता ने अनुभव साझा किए।

नरैनी रोड स्थित केसीएनआईटी परिसर स्थित आर्य भट्ट सभागार में बुंदेलखंड प्रतिमा सम्मान का 13वां संस्करण समारोह आयोजित हुआ। इ प्रतियोगिता के मेधावियों को 5100 और 2100 रुपये के चेक दिए गए। मुख्य अतिथि राजकीय इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक प्रो.एसपी शुक्ला ने रुद्रप्रताप सिंह, अजिंक्य, पलक सिंह, प्रांजल अवस्थी, अनुष्का, सोम सिंह, दिव्यांश यादव, समेत सभी विजेता व उपविजेता प्रतिभायों को पुरस्कारों से नवाजा गया। बुंदेलखंड प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता लगातार 13 सालों से आयोजित हो रही है। यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान हासिल करने वाली सुरभि सविता व 12वीं की सीबीएसई परीक्षा के आदर्श गुप्ता, निखिल व 10वीं कक्षा के आद्या कुशवाहा, स्वास्तिक को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

टूटी जाली में फंसकर युवक की मौत

रामनगर (चित्रकूट)। हाईटेंशन लाइन के आसपास लगी जालनुमा तार का सिरा टूटने से इसमें फंसकर विसौंधा निवासी मनीष कुमार (20) पुत्र ननकू की मौत हो गई। बताया जाता है कि मनीष बाइक से शनिवार की शाम रामनगर जा रहा था। पावर हाउस रामनगर के लगभग 500 मीटर पहले छीबों पावर हाउस के लिए जा रही हाइटेंशन लाइन की सुरक्षा के लिए लगे जाल का एक सिरा, जो टूट कर लटक रहा था, में फंसने से सड़क पर गिर गया। रामनगर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। रैपुरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विद्युत विभाग के एसडीओ मऊ शिवम गुप्ता ने बताया कि एचटी लाइन की सुरक्षा के लिए लगे जाल को किसी वाहन ने तोड़ दिया था, जो लटक रहा था। इसीसे यह हादसा हुआ है। माना जाता है कि बाइक से गिरने से इसके सिर में चोट आई। इसकी सूचना विद्युत सुरक्षा विभाग को दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। जेई निसार अहमद ने बताया कि किसी अज्ञात वाहन ने इस तार को तोड़ दिया है, जिसके खिलाफ रैपुरा थाना में तहरीर दी जाएगी।

पत्नी पर एसिड अटैक करने के दोषी को 10 साल की कैद

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- जिले में इस तरह का पहला मामला आया सामने

अमृत विचार। जिले में एसिड अटैक के पहले मामले में शनिवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। विवाहिता को एसिड डालकर जलाने के मामले में दोषी पति को 10 वर्ष कारावास की सजा दी। इसे 15 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि भरतकूप निवासी साधना देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि चार फरवरी 2016 को उसकी शादी बांदा जिले के बबेरू कस्बे की नहर पट्टी निवासी दिनेश कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन मायके से बाइक, सोने की जंजीर और 50 हजार रुपये लाने का दबाव बनाने लगे थे। पिता ने असमर्थता जताई और उसे समझा बुझाकर ससुराल भेज दिया। 31 दिसंबर 2016 की रात ससुरालीजनों ने उसे कमरे में बंद कर एसिड डालकर आग लगा दी और दरवाजा बाहर से बंद करके चले गए। उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि इस दौरान वह बुरी तरह झुलस गई और उसके गर्भ में पल रहे शिशु की मौत हो गई। इसकी शिकायत उसने बांदा जिले के पुलिस अधिकारियों से की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। लगभग एक साल बाद वह सामाजिक दबाव के कारण फिर से ससुराल चली गई। नौ जुलाई 2020 को ससुरालीजनों ने मारपीट की और घर से निकाल दिया। मायके भरतकूप आने पर ससुराली 12 जुलाई को वहां पहुंच गए और गालीगलौज की, मुकदमा दायर करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना उसने इलाकाई पुलिस को दी पर सुनवाई नहीं हुई। इसके चलते उसने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया। इसमें चित्रकूट के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर भरतकूप थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई। साथ ही पति के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शनिवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने इस मामले में निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध दिनेश कुमार को 10 वर्ष कारावास की की सजा सुनाई।

घर से किशोरी को ले गए, बाद में पेड़ के नीचे मिली बेहोश

चित्रकूट। सरैंया चौकी के अंतर्गत एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के ग्रामीण ने बताया कि 20 जुलाई की सुबह जब वह और परिवार के लोग जागे तो पाया कि उसकी 14 वर्षीया पुत्री घर में नहीं है। खोजबीन की तो पाया कि वह नीम के एक पेड़ के नीचे बेहोश पड़ी है। उसके मुंह में मिट्टी और कागज के टुकड़े ठुंसे हुए थे। जिला अस्पताल में होश में आने पर किशोरी ने बताया कि रात में लगभग ढाई बजे कुछ लोगों ने दरवाजा खटखटाया था। जब उसने दरवाजा खोला तो तीन अज्ञात लोगों जिनमें एक महिला थी, ने उसके मुंह में रुमाल लगाकर बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके साथ क्या हुआ, उसे पता नहीं। सरैंया चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला संदेहास्पद है। किशोरी के परिजनों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। मारपीट का मामला सामने आया है।

न्यायालयः – प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
व्यवहार वाद क्र. 641अ/2023
धारा 13 (1) (1–क) (1–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम आदेशिका क्र.– 505/2024
– नोटिस –

अभिषेक सिंह –आवेदक

बनाम

श्रीमती काजल उर्फ ननकी –अनावेदिका

प्रति,
श्रीमती काजल उर्फ ननकी, उम्र 24 वर्ष, ध. प. श्री अभिषेक सिंह चंदेल, पता मार्फत जवाहर लाल सिंह, निवासी ग्राम सिगवा, पोस्ट ऊचाडीह, थाना– मानिकपुर, जिला– चित्रकूट (उत्तर प्रदेश)
मो. नं. 8052124838
–अनावेदिका

आवेदक श्री अभिषेक सिंह ने आपके विरूद्ध विवाह विच्छेद की आज्ञाप्ति के द्वारा विवाह के विघटन हेतु इस न्यायालय के समक्ष वाद अन्तर्गत धारा 13 (1) (1–क) (1–ख) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 पेश किया है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से, जो मामले से संबंधित सभी उत्तर देने में सक्षम हों, उक्त वाद में सुनवाई हेतु दिनांक 05 सितंबर, 2024 को प्रातः 11: 00 बजे इस न्यायाल य के समक्ष उपस्थित रहें।
यदि किसी कारणवश सुनवाई तिथि 05 सितंबर, 2024 को अवकाश घोषित होता है, तो मामले की सुनवाई उसके ठीक दूसरे कार्यदिवस में की जायेगी।
यह भी सूचित किया जाता है कि नियत तिथि में इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होने की दशा में उक्त वाद में सुनवाई / विचारण आपकी अनुपस्थिति में विधि अनुसार किया जायेगा।
आज तारीख 04.07.2024 को इस अदालत की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
(आलोक कुमार)
प्रथम अति. प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)

हरियाली को बढ़ावा | लोढ़वार से हुई पौधरोपण अभियान की शुरुआत, कहा– पेड़ पौधों के बिना मानव जीवन संभव नहीं

खूब पौधे लगाएं और उनको संरक्षित भी करें : मंडलायुक्त

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

अमृत विचार। मंडलायुक्त और नोडल अधिकारी पौधरोपण बालकृष्ण त्रिपाठी ने शनिवार को ब्लाक कर्वी की ग्राम पंचायत लोढ़वारा में पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान डीएम शिवशरणप्पा जीएन, एसपी अरुण कुमार सिंह व सीडीओ अमृतपाल कौर मौजूद रहीं। कमिश्नर ने श्री कालेश्वर नाथ वन ब्लॉक में किए गए पौधों को हरा भरा पाए जाने पर डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह व ग्राम प्रधान शकुंतला देवी को बधाई दी। डीसी मनरेगा ने बताया कि शनिवार को 500 पौधे रोपे गए और पौधों का नवग्रह बनाया गया। मंडलायुक्त ने शहर के अटल पार्क में हरिशंकरी का पौधा लगाया। पालिकाध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, ईओ लालजी आदि मौजूद रहे। राजापुर संवाददाता के अनुसार, कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में पौधरोपण किया गया। एसडीएम प्रमोद झा, फूलचंद यादव, सीओ निष्ठा उपाध्याय और नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने तहसील परिसर में पौधे रोपे। विस्तारित क्षेत्र, तुलसी स्मारक प्रांगण, आजादनगर में नपंअ संजीव मिश्रा, ईओ ने फलदार पौधे लगाए। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि वे पौदे लगाएं और इनको पालें-पोसें। नायब तहसीलदार राजीव दुबे, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अनिल गुप्ता, तारिणी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण करते कमिश्नर, साथ में जिलाधिकारी, एसपी और सीडीओ। अमृत विचार

राजापुर में पौधे रोपते एसडीएम प्रमोद झा व अन्य लोग। अमृत विचार

मवेशी से टकराई बाइक, परिचालक की गई जान

बांदा। चित्रकूट जिले के रौली कल्याणपुर गांव निवासी 55 वर्षीय चुन्नू पुत्र शिवमोहन त्रिपाठी अपने साथी 45 वर्षीय बउरा के साथ किसी काम से अतर्रा आए थे। शुक्रवार की रात दोनो लोग वापस गांव जा रहे थे। तभी अतर्रा तहसील के पास सड़क पर बैठे मवेशी से बाइक टकरा गई। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। दोनो को सीएचसी अतर्रा लगाया गया। जहां डॉक्टरो ने चुन्नू को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के भतीजे राजा नाती ने बताया कि चुन्नू प्राइवेट बस में परिचालक (कंडेक्टर) था। वह आविवाहित था। दोनो लोग किसी काम से अतर्रा आए थे। वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।

कार्यालयः ग्राम पंचायत–परसौंजा, विकासखण्ड–चित्रकूटधाम कर्वी, चित्रकूट

पत्रांकः पं0वि0/पंद्र0वित्त/मनरेगा/टेन्डर नोटिस/2023–24 दिनांक 20.07.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त / पंद्रहवा वित्त / मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत–परसौंजा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामाग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पूजीकृत फर्मो / सप्लायरों से दिनांक 23.07.2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आनात की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित आगवित्रत दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री 21.7.2024 से 23.07.2024 को अपरान्ह 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्रं0 सं0	ग्राम पंचायत	कार्य का नाम	प्राक्कलन की धनराशि (रू0 में)	2 % धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा मूल्य (रू0 में)
1	परसाँजा	ग्रा0 पं0 परसौंजा में राममिलन के घर से पंचायत भवन तक इंटरलाकिंग खडंजा निर्माण कार्य	375500	7510	500

निविदा शर्ते :– नोट– निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्रा0पं0वि0अ0 परसौंजा प्रधान परसौंजा

एक नजर

छेड़खानी के आरोपी भेजे गए जेल

सुमेरपुर(हमीरपुर)। क्षेत्र के ग्राम बिदोखर मेदनी में मामा के घर आई किशोरी के साथ छेड़खानी करने वाले तीनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा है। बिदोखर मेदनी निवासी आलोक पाल ने अपने साथी दरियापुर निवासी वीरेंद्र कुमार एवं अरुण कुमार के साथ मिलकर मामा के घर आई किशोरी से छेड़खानी की थी। पुलिस ने मामा की तहरीर पर छेड़खानी, पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करके तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

खेत में किसान की बिगड़ी हालत, मौत

राठ(हमीरपुर)। मुस्करा थाने की बिहुनी कला गांव में खेत में काम करने के दौरान एक किसान की हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बिहुनी कला गांव निवासी वीरेंद्र सिंह (65) पुत्र शिवनाथ लोधी शनिवार की दोपहर बाद खेत में काम कर रहे थे। अचानक उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर जरिया थाने की पवई गांव में पारिवारिक कलह के चलते मुन्नी 45 पत्नी धर्मपाल में फांसी लगा ली। परिजनों ने देखा तो आनन फानन नीचे उतरकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां इलाज जारी है।

अधेड़ महिला का शव कुएं से बरामद

सरीला (हमीरपुर)। जरिया थाना क्षेत्र के पचखुरा गांव में शुक्रवार की देर शाम से अचानक गायब हुई 55 वर्षीय महिला का शव उसी के खेत में बने कुएं में बरामद हुआ है। परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी है। पचखुरा गांव के प्राण सिंह यादव अपनी पैतृक जमीन में खेती-बड़ी करके परिवार चलाते हैं। उनके खेत में कुआं बना है। जिसमें पानी न होने की वजह से उसे चारों ओर से झांकर लगाकर बंद कर दिया गया है तथा सिंचाई के लिए नलकूप लगवा लिया है। शुक्रवार को उनकी पत्नी रामप्यारी (55) व छोटा बेटा विक्रम नलकूप पर ही थे। देर शाम रामप्यारी अचानक गायब हो गयी थी। काफी खोजबीन के बाद उसकी जानकारी नहीं लग सकी। आगे बताया कि सुबह कुएं में जाकर देखा तो उसमें वह मरी पड़ी थी। बताया कि उसके तीन बेटे हैं बड़ा बेटा चमन व छोटा बेटा विक्रम खेती किसानी में हाथ बटाता है। मझला बेटा पहचान सिंह गुजरात में मेहनत मजदूरी करता है। बताया कि उनकी पत्नी मानसिक विक्षिप्त थी। उसने कुएं में कूद कर आत्महत्या की है। हालांकि आत्महत्या का कारण पता नहीं चला।

सबस्टेशन में 5 एमवीए का एक और ट्रांसफार्मर

बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए विभाग ने शुरू की कवायद

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। पिछले कई दिनों से बारिश न होने और उमस भरी गर्मी से परेशान पावर कारपोरेशन ने बिजली व्यवस्था में सुधार की कवायद शुरू कर दी है। शनिवार को 33 केवीए पावर सबस्टेशन में पहले से लगे दो ट्रांसफार्मरों के अलावा एक नया पावर ट्रांसफार्मर लगाने का काम शुरू हो गया। पावर कारपोरेशन के अधिकारियों का कहना था कि नया ट्रांसफार्मर स्थापित होने से सबस्टेशन के अन्य ट्रांसफार्मर पर लोड कम हो जायेगा। जिससे फाल्ट में भी कमी आएगी।

बता दें कि कस्बे और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है। इस भीषण गर्मी और उमस में बिजली न मिल पाने से लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं। रात के समय ओवरलोड़ के चलते ट्रिपिंग की समस्या बनी हुई थी। दूसरी ओर लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से छात्रों की पढ़ाई भी बाधित हो रही थी। जनता के आक्रोश को देखते हुए बिजली विभाग व्यवस्था को सुधारने की कवायद में लग गया। पावर कॉरपोरेशन ने कस्बे की बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए 5 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर 33 केवी पावर हाउस में रखवा दिया है। इस नए पावर ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से सब स्टेशन में लगे अन्य ट्रांसफार्मर पर लोड कम हो जाएगा। इससे आए दिन होने वाले फॉल्ट में काफी हद तक कमी आएगी। इससे बिजली संकट खत्म होगा।

पावर हाउस में 33 केवीए का ट्रांसफार्मर रखतीं मशीनें। अमृत विचार

> 33 केवी पावर सबस्टेशन में 5 एमबीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लग जाने से सबस्टेशन में लगे अन्य पावर ट्रांसफार्मर का लोड कम हो जायेगा। इससे ओवरलोडिंग की समस्या भी खत्म होगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर को लगाने में जुटे है।
> – बीके पांडे, अवर अभियंता

बिजली खंभे से केबिल जोड़ रहे युवक की करंट से मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- तीन दिन से बिजली न आने पर दूसरे खंभे से जोड़ रहा था तार

अमृत विचार। क्षेत्र के सैदपुर गांव में ट्रांसफार्मर खराब होने पर दूसरे ट्रांसफार्मर से लाइन जोड़ने के दौरन करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। विद्युत विभाग द्वारा बदले न जाने से ग्रामीण बिजली को लेकर परेशान थे। इसी दौरान लाइन जोड़ने के चक्कर में यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के सैदपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर पिछले तीन दिन पहले खराब हो गया था। गांव में बिजली न आने से इस भीषण गर्मी में ग्रामीण परेशान थे। शनिवार को गांव विक्रम (20) पुत्र श्यामकरन दूसरे ट्रांसफार्मर के विद्युत पोल से अपनी घरेलू विद्युत लाइन को जोड़ रहा था। तभी अचानक करंट की चपेट में आने से वह झुलसकर अचेत हो गया। जिसके बाद मौके पर मौजूद परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने पर लाइनमैन और विद्युत विभाग के अवर अभियंता को भी दे दी थी, लेकिन कोई सुधार न होने पर विक्रम दूसरे ट्रांसफार्मर के विद्युत पोल से अपनी घरेलू लाइन को जोड़ रहा था। तभी करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने बताया कि विक्रम एकलौता पुत्र था। क्षेत्र के एक निजी महाविद्यालय से बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था।

विक्रम।

मोंटी आत्महत्या कांड में फरार प्रेमिका व उसका भाई गिरफ्तार

फालोअप

- तीन आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

अमृत विचार। प्रेम प्रसंग में गोली मारकर आत्महत्या करने वाले अंकित उर्फ मोंटी सोनी आत्महत्या कांड में पुलिस ने 20 दिन बाद उसकी तथाकथित प्रेमिका एवं उसके भाई को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। इस कांड में अभी तक तीन आरोपी गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं तीनों आरोपी अभी भी फरार हैं।

बीते एक जुलाई को कस्बे के नेहा चौराहा के समीप रहने वाले बेकरी व्यवसायी रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के इकलौते पुत्र अंकित उर्फ मोंटी सोनी (26) ने प्रेम प्रसंग के मामले में फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका के चलते सुबह घर पर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पिता ने कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के समीप रहने वाले पप्पू मिश्रा, आशुतोष मिश्रा, साधना मिश्रा, टिंकू मिश्रा, उसकी पुत्री तान्या मिश्रा, पुत्र नाम अज्ञात के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होते ही सभी आरोपी भूमिगत हो गए थे। इससे पुलिस की काफी किरकिरी हो रही थी। इस बीच स्वर्णकार संघ ने आंदोलन की चेतावनी दे डाली। पुलिस ने अपना दामन बचाने के लिए गत 12 जुलाई को स्टेशन से टिंकू मिश्रा को गिरफ्तार किया था। शनिवार को पुलिस ने महोबा के भाटीपुरा मोहाल में हरिदास साहू के मकान में छापा मारकर तान्या मिश्रा व गौरव मिश्रा पुत्र टिंकू मिश्रा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से दोनों को जेल भेजा गया। गिरफ्तारी के दौरान कस्बा इंचार्ज राजवीर सिंह, कांस्टेबल दिलीप कुमार, अभिषेक कुमार, महिला आरक्षी सौम्या चौहान मौजूद रहे।

पेड़ लगाओ अभियान में रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जनपद में कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग राकेश सचान की अध्यक्षता में एवं नोडल अधिकारी अनुज कुमार झा निदेशक स्थानीय निकाय सहित अन्य ने वन ब्लाक कनौटा नर्सरी के सामने पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जन अभियान-2024 के अन्तर्गत बृहद पौधरोपण किया।

मंत्री ने कहा कि लाभार्थियों से पौधे लगाने के सात से 10 दिन में अनिवार्य रूप से जानकारी प्राप्त की जाए। जिससे पौधे सुरक्षित बने रहें, तथा उनको इस बात के लिए प्रेरित भी किया जाए। कहा प्रकृति संतुलन बनाए रखने में हमारी सबकी जिम्मेदारी है। वृक्षारोपण के दौरान लगाए गए पौधों की सुरक्षा का भी विशेष ख्याल रखा जाए। एक पेड़ मां के नाम जो थीम है उसे वास्तविक रूप से अमल में लाया जाए।कहा जो व्यक्ति अपने निजी भूमि पर पौध लगाना चाहते हैं उन्हें पौध उपलब्ध कराई जाए। लोनिवि सड़क के किनारे फलदार पौधा रोपित करें। मंत्री ने स्कूली बच्चों को भी पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी अनुज कुमार झा ने पेड़ लगाने के महत्व पर जोर दिया। जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनपद में वृक्षारोपण कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक चलाकर तथा इसकी मॉनीटरिंग कर शासन के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। कनौटा वन ब्लाक में पौधरोपण के बाद नोडल अधिकारी ने अनुज कुमार झा ने नगर पालिका परिसर स्थित नंदन वन में पौधरोपित किया। डीएफओ, एडीएम (वि/रा), एडीएम (न्यायिक), ब्लाक प्रमुख कुरारा आशीष पालीवाल, कुरारा नगर पालिका चेयरमैन आशारानी कबीर तथा समस्त संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

- कनौटा वन ब्लॉक में मंत्री राकेश सचान ने रोपित किया पौधा

सार-संक्षेप

कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता व मौजूद लोग। अमृत विचार

प्राकृतिक खेती व मोटे अनाजों के उत्पादन के प्रति किया प्रेरित

मौदहा(हमीरपुर)। विकासखंड क्षेत्र के भैंस्ता गांव स्थित बुंदेलखंड इको गार्डन में कौशल विकास मंडल व एचसीएफ एवं सीजीआई के सहयोग से शनिवार को कार्बन क्रेडिट कार्यक्रम के लिए स्थानीय हितकारी ग्राही कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें 400 महिला, पुरुषों ने भागीदारी को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताई गई। कार्यशाला का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को कार्बन क्रेडिट की जानकारी के साथ ही उनकी भागीदारी बढ़ाना है। प्राकृतिक खेती, गौ आधारित खेती, बागवानी तथा मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव मनोज कुशवाहा, नाबार्ड के डीडीएम हरिओम सोनी, सृजन झांसी से आए राकेश, कुरारा केवीके के वैज्ञानिक डॉ.एनके यादव, कृषि विभाग से नरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन अरविंद तिवारी ने किया तथा अध्यक्षता समाजसेवी अम्बिका प्रसाद ने।

रोडवेज बस में धक्का लगाते यात्री। अमृत विचार

रोडवेज बसों की हालत खस्ता, यात्रियों को लगाना पड़ता धक्का

मुस्करा (हमीरपुर)। रोडवेज की बसों में यात्रा करने पर किराया तो लगेगा ही, साथ ही बसों में धक्का भी लगाना होगा। तब कहीं जाकर यात्री अपनी मंजिल पर पहुंच सकेगा। राठ डिपो की रोडवेज बसों का ऐसा ही खस्ताहाल है। जिनमें यात्रियों को टिकट लेने के साथ-साथ धक्का भी लगाना पड़ रहा है। शुक्रवार शाम हमीरपुर से राठ जा रही एक रोडवेज बस मुस्करा चौराहे पर खड़ी थी। जिसे स्टार्ट करने के लिए बस में यात्रा कर रहे लोग धक्का लगाते नजर आए। उसी रोडवेज बस में यात्रा कर रहे कस्बे के जयदीप द्विवेदी ने बताया कि वह राठ जा रहे हैं, राठ जाने से पहले बस को स्टार्ट करने के लिए उन्हें बस में पीछे धक्का लगवाना पड़ा। कहा यह बड़ी शर्मिंदगी की बात है, लेकिन क्या करें सफर करना है तो इस तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। तो वहीं बस के चालक और परिचालक ने इस मामले में कुछ भी बोलने से इंकार करते हुए बस लेकर वहां तक चले गए।

धान की रोपाई करने आई महिला को सांप ने काटा, मौत

राठ (हमीरपुर)। कोतवाली क्षेत्र के उमन्निया रोड़ पर स्थित खेतों में लगे ट्यूबवेल के कमरे में रह रही महिला मजदूर को जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काटने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के गिरवां थाना क्षेत्र के मुरवा गांव निवासी सुनीता (38) पत्नी करन कोतवाली क्षेत्र के लींगा गांव निवासी देवपाल के खेतों में धान की रोपाई करने के लिए आई हुई थी। शुक्रवार की रात उमन्निया रोड पर स्थित खेतों में लगे ट्यूबवेल के कमरे में लेटी हुई थी। उसी दौरान किसी जहरीले सर्प ने उसे काट लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने पर मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे सीएचसी ले गए। चिकित्सकों ने सुनीता का प्राथमिक उपचार कर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही महिला की मौत हो गई। महिला के परिजनों ने बताया कि सुनीता के पति की तीन वर्ष पहले मौत हो गई थी। जिसके बाद सुनीता मेहनत मजदूरी कर अपने चार बच्चों का भरण पोषण करती थी। सुनीता अपने पीछे 5 वर्षीय पुत्री जानिया के अलावा तीन पुत्रों बजरंगी, रामस्वरूप, और पट्टू को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। पुलिस ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

गोहांड की ग्राम पंचायतों में 28522 पौधे रोपे

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। पर्यावरण संरक्षण को लेकर विकास खंड गोहांड की ग्राम पंचायतों में पंचायती राज विभाग द्वारा अब तक हजारों पौधे रोपे जा चुके हैं। शनिवार का ग्राम पंचायत जखेड़ी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर मोक्षधाम, गौशाला, पंचायत घर में बड़ी तादाद में पौधरोपण किया गया।

शनिवार को ग्राम पंचायत जखेड़ी गांव में सहायक विकास अधिकारी अनूप शर्मा की मौजूदगी और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगत सिंह, पंचायत सहायक राघवेंद्र एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण के लेकर बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सहायक विकास अधिकारी अनूप शर्मा ने बताया कि गांव की पंचायत घर, गौशाला, मोक्षधाम समेत अन्य स्थानों पर बडी तादाद में पौधरोपण किया गया। गोहांड विकास खंड की ग्राम पंचायतों में अब तक 28522 पौधों का रोपण हो चुका है। पौधरोपण के दौरान गांव के दर्जनों लोगों ने पौधरोपण किया। पौधे इंसान के जीवन की लाइफ लाइन है। हमें प्रकृति को हरा भरा रखना है।

गांव में पौधारोपण करते प्रधान और सहायक विकास अधिकारी व ग्रामीण।

पौधरोपण अभियान के तहत अधिकारियों ने पौधे लगाए

मौदहा(हमीरपुर)। पौधरोपण अभियान के तहत उप जिला अधिकारी राजेश चंद्र व नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद श्रीनाथ, सीओ श्रीयश त्रिपाठी तथा वीडीयो दुर्योधन व अन्य अधिकारियों तथा आम जनमानस ने पौधे लगाए। विशेष रूप से स्थानीय वन विभाग के रेंजर सुरेश त्रिपाठी व माजिद खां आदि ने इसमें कड़ी मशक्कत कर बड़ी संख्या में दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर रहे। यह अभियान जारी रहेगा। लेकिन पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का नारा अगर वास्तविक रूप से धरातल पर उतर आए तो निश्चित तरीके से यह अभियान और मेहनत सफल होगी। यहां पेड़ लगाओ पेड़ कटाओ की नीति पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए।

संपत्ति विवाद को लेकर भतीजों ने की थी हत्या

मुस्करा (हमीरपुर)। संपत्ति के विवाद के चलते भतीजों ने अपने चाचा को लाठी डंडों से पीट कर मौत के घाट उतार दिया था। घटना के चलते पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपित भतीजों को गिरफ्तार जेल भेज दिया। बीते 17 जुलाई को थाना क्षेत्र के गांव गहरौली में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई थी। जिसमें गांव स्थित मकान व अन्य संपत्ति के विवाद के चलते भतीजों ने अपने ही सगे चाचा की लाठी डंडों से पीट कर निर्मम हत्या कर दी थी। जिस पर मृतक दशाराम प्रजापति की पत्नी गंगिया ने अपने दोनों भतीजों रमेश पुत्र सरजू प्रजापति, महेश पुत्र सरजू प्रजापति के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए हत्याकांड को अंजाम देने वाले रमेश और महेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

शिक्षामित्र के पति की हत्या का आरोपी निकला हिस्ट्रीशीटर

फालोअप

- पुलिस ने आरोपी को आलाकत्ल लोहे का बांका सहित गिरफ्तार किया

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। थाना बिवांर के अतरार गांव में पिछले 10 दिन पूर्व परिषदीय विद्यालय में हुई शिक्षामित्र के पति की हत्या का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी को आलाकत्ल में बांका के साथ गिरफ्तार किया है। हत्या के पीछे छेड़खानी के एक मामले में मृतक शिक्षामित्र के पति पर दबाव बनाना बताया जा रहा है।

अतरार गांव में 10 जुलाई को शिक्षा मित्र के पति संदीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसमें मृतक के परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने गांव निवासी थाने के हिस्ट्रीशीटर प्रमोद सिंह पुत्र बच्चा सिंह को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने बताया कि इस पर थाने में 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। यह हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस ने अतरार छानी रोड़ पर स्थित गौशाला के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का बांका बरामद किया है। बताया संदीप सिंह (45) पुत्र अर्जुन सिंह की कंपोजिट स्कूल अतरार में दिव्यांग शौचालय के पीछे धारदार हथियार से गला रेतकर अज्ञात व्यक्तियों ने हत्या कर दी थी। तब परिजनों ने दत्ता पंडित पुत्र राम प्रकाश तिवारी के साथ शराब पीने के लिए घर से निकलने की बात कही थी। पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रमोद सिंह ने बताया कि लड़की से मृतक संदीप के लड़के ने छेड़खानी की थी जिसका मुकदमा कोर्ट में चल रहा है उसी मुकदमे में समझौता कराने के लिए संदीप सिंह दबाव डाल रहा था।

कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 494 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

क्र0 सं0	आवेदक का नाम जो दाखिल होना है	विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है	मुहल्ला	वार्ड सं0	कर निर्धारण नामान्तरण का आधार
1	श्रीमती रामसखी पत्नी हरी सिंह	श्री हरगोविन्द पुत्र रामप्रसाद	सिकन्दरपुरा –I	01	पंजीकृत विक्रय पत्र

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 508 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल चौबट्टा वार्ड–25 राठ में स्थित गृह सं0 124 में श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम अकित है। प्रार्थी श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग श्रीमती आशा देवी पुत्री लालाराम पत्नी प्रेम सिंह से रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 15.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त भवन के प्राप्त किये भाग पर अपना नाम अंकित करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर चौबट्टा वार्ड–25 में स्थित गृह सं0 124 में अंकित श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह के नामों में से श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद- राठ (हमीरपुर)

पत्रांक 507 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 / 2024–25/ दिनांक 18/07/2024

म्युटेशन सूचना

नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 (क) के अन्तर्गत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुहाल चौबट्टा वार्ड–25 राठ में स्थित गृह सं0 121 में श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम अकित है। प्रार्थी श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम ने कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र इस आशय का दिया है कि उक्त भवन का जुज भाग श्रीमती आशा देवी पुत्री लालाराम पत्नी प्रेम सिंह से रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर दिनांक 15.12.2022 को प्राप्त कर लिया है। प्रार्थी द्वारा उक्त भवन के प्राप्त किये भाग पर अपना नाम अंकित करने के लिये आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि इस नाम परिवर्तन पर किसी को कोई भी आपत्ति हो तो अपने अभिलेखीय साक्ष्य सहित सूचना के प्रकाशन की नियत तिथि से 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। यदि आप द्वारा सूचना प्रकाशन के बाद निर्धारित अवधि के अन्दर कार्यालय में अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत न की तो निर्धारित समय गुजर जाने के बाद कार्यालय में लिखित आपत्ति न आने पर चौबट्टा वार्ड–25 में स्थित गृह सं0 121 में अंकित श्री रामसिंह पुत्र मोती सिंह, श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह के नामों में से श्रीमती आशा देवी पत्नी स्व0 प्रेम सिंह का नाम निरस्त कर उसी स्थान पर श्री रोशन सिंह पुत्र लालाराम का नाम अंकित कर दिया जाएगा व अन्य नाम पूर्ववत रखा जाएगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

रिकार्ड मांगा | फसल बीमा योजना की जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने अफसरों को दिए निर्देश

फसल बीमा के पात्र- अपात्र किसानों की मांगी लिस्ट

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी राहुल पांडेय की अध्यक्षता में डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी के कोऑर्डिनेटर को निर्देशित किया कि वह खरीफ एवं रबी 2023-24 के पात्र एवं अपात्र कृषकों की सूची कारण सहित उपलब्ध कराएं। साथ ही 15 दिन के अंदर दूसरी बैठक कराना सुनिश्चित करें। ताकि अस्वीकृत दावों का निस्तारण किया जा सके।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी डा.हरिशंकर ने खरीफ एवं रबी 2023-24 में कृषकों द्वारा कराए गए फसल बीमा के बारे में जिलाधिकारी को जानकारी दी। बताया खरीफ 2023 में जनपद में 4.87 लाख रुपये की धनराशि का भुगतान किया गया है। साथ ही क्राप कटिंग के आधार 27763 कृषकों को 30.56 करोड़ रुपये की धनराशि हस्तांतरित कर दी गई है। वहीं रबी 2023-24 में 4891 किसानों के व्यक्तिगत दावे प्राप्त हुए। जिसमें 2085 दावे स्वीकृत करते हुए 96.81 लाख रुपये की धनराशि का भुगतान किया गया है। साथ ही रबी 2023-24 में क्राप कटिंग के आधार पर भुगतान की कार्यवाही निदेशालय स्तर से होनी है। जिस पर जिलाधिकारी ने खरीफ 2023 एवं रबी 2023-24 की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के जिला क्लस्टर कोऑर्डिनेटर राजेश जायसवाल को निर्देशित किया कि वह खरीफ एवं रबी 2023-24 के पात्र एवं अपात्र कृषकों की सूची कारण सहित उपलब्ध कराते हुए 15 दिवस के अंदर दूसरी बैठक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही अस्वीकृत किए गए दावों को समिति के समक्ष प्रस्तुत करें, जिससे समिति द्वारा अस्वीकृत दावों का निस्तारण किया जा सके। जिस पर राजेश जायसवाल द्वारा अवगत कराया गया है कि खरीफ 2023 में अस्वीकृत एवं स्वीकृत दावों की सूची कार्यालय जिला कृषि अधिकारी में उपलब्ध करा दी गई है। तथा रबी 2023-24 में अस्वीकृत एवं स्वीकृत किए गए दावों की सूची जल्द ही जिला कृषि अधिकारी उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम सुरेश कुमार, उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक संगम लाल मिश्रा के साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बताया गया कि खरीफ 2024 में फसल बीमा को अधिसूचित फसलों पर किसानों को प्रति हेक्टेयर के हिसाब से सिर्फ दो प्रतिशत बीमित राशि व प्रीमियम देना होगा।

देय प्रीमियम (रुपये में)

फसल	बीमित राशि	देय प्रीमियम
उर्द	30700	614
मूंग	32400	648
अरहर	78700	1574
तिल	18100	362
ज्वार	28900	578

डायरिया से कक्षा 8 की छात्रा की गई जान

मौदहा (हमीरपुर)। कस्बे में डायरिया की चपेट में आने से कक्षा 8 की छात्रा की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही देखने वालों का घर में तांता लगने लगा। जानकारी के अनुसार कस्बा कुम्हरौडा मोहल्ला निवासी हर्षिता (13) पुत्री मुरलीधर को उल्टी दस्त आने पर परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। भाई प्रांशु ने बताया की उल्टी दस्त आ रहे थे, जिस पर सरकारी अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वह आदर्श इंटर कॉलेज में कक्षा 8 की छात्रा थी। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक डॉ.रजत रंजन तिवारी ने बताया कि हालत गंभीर होने पर अस्पताल लेकर आए तब तक मौत हो चुकी थी।

संतुलित पर्यावरण के लिए प्रत्येक व्यक्ति लगाए एक पेड़

जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद की मौजूदगी में आयोजित हुआ पौधरोपण कार्यक्रम

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। वन विभाग द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय में पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जल आन्दोलन के अंतर्गत शनिवार को पौधरोपण उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद रहे। इस मौके पर जिले के जनप्रतिधिनियों के अलावा उच्चाधिकारियों ने पौधरोपण कर पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ नारे को बुलंद करते हुए लोगों से पौधरोपण उत्सव में सहभागिता करने का आह्वान किया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम लगाए जाने की अपील की गई। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने पौधरोपित करने के बाद उस पौधे को पेड़ का रूप लेने तक उसकी देखभाल करने की बात कही।

राज्यमंत्री ने कहा कि पीपल, बरगद, पाकड़ के पौधे लगाने एवं पूर्वजों की तरह तैयार किये गये आम, महुआ, जामुन के बगीचे तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा सम्पूर्ण देश में 'एक पेड़ मां के नाम' रोपित किये जाने के लिए आह्वान किया गया है, इसलिये सभी लोग ' एक पेड़ मां के नाम' अवश्य लगायें और उसकी देखभाल करें। पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी लोग सहयोग करें। उन्होंने कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति 'वृक्षों को बचाओ, पौधों को लगाओ' की पहल करें तो उसका हमारे देश में प्राकृतिक परिवर्तन देखने को जरूर मिलेगा, क्योंकि वृक्ष ही हैं, जो बारिश को धरती पर लाने में मदद करते हैं। इतना ही नहीं, ये वृक्ष प्रत्येक व्यक्ति को प्राण वायु देने में भी सहायक होते हैं। कहा कि पेड़-पौधे धरती व प्राकृतिक का श्रृंगार माना जाता है। बगैर पेड़-पौधों के संतुलित पर्यावरण की कल्पना करना भूल होगी। लोगों को पर्यावरण के प्रति सजग व जागरूक होने की जरूरत है। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी ने बताया कि जिले में 72,50819 पौधों का रोपण किया जाना है, जिसमें वन विभाग द्वारा 39,06035 एवं अन्य विभागों द्वारा 33,47834 पौधों का रोपण करने का लक्ष्य दिया गया है। कहा कि जनपद के अन्दर लगाये जा रहे पौधों की प्रभावी सुरक्षा की जायेगी। कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री द्वारा पीपल की पौध का रोपण किया गया, इसके बाद सदर विधायक राकेश गोस्वामी द्वारा गोल्ड मोहर के पौधे का रोपण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी यादव ने नीम के पौधे नगर पालिका अध्यक्ष सन्तोष चौरसिया ने पाकड़ के पौधे का रोपण किया गया।

पौधरोपण करते राज्यमंत्री रामकेश निषाद।

कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

जिलाधिकारी, एसपी और अधिकारियों ने लगाए पौधे

- डीएम मृदुल चौधरी व एसपी अपर्णा गुप्ता के अलावा अन्य विभागों के अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं स्वंय सेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न प्रजाति के 200 पौधों का रोपण जवाहर नवोदय विद्यालय खेल मैदान के किनारों पर किया गया। इस मौके पर 'पेड लगाओ पेड़ बचाओ' जन अभियान के नोडल अधिकारी अब्बास रिजवी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र सिंह के अलावा अन्य पौधरोपण कार्यदायी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ वन परिवार महोबा के कर्मचारी उपस्थित रहे।

राज्यमंत्री ने पौधरोपण कर जल आंदोलन अभियान का किया उद्घाटन

- पौधे लगाओ पेड़ बचाओ जन आंदोलन के अंतर्गत नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में पौधरोपण अभियान का जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद द्वारा पौधरोपित कर उद्घाटन किया गया। जनपद में पांचों निकायों के लिए 64 हजार पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कलेक्ट्रट रोड स्थित कलेक्ट्रेट कालोनी के पीछे पौधरोपण अभियान का उद्घाटन बालम खीरा का पौधरोपण कर किया। इस अभियान में सदर विधायक राकेश गोस्वामी द्वारा पाकड़ का पौधा, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर ने कदम का पौधा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी ने अमरूद, पालिकाध्यक्ष सन्तोष चौरसिया ने पीपल का पौधा रोपित कर पौधरोपण में सहभागिता निभाई। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जनपद की समस्त पांचों निकायों को कुल 64000 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से नगर पालिका परिषद महोबा एवं चरखारी को 15-15 हजार तथा नगर पंचायत कुलपहाड़ एवं कबरई को 11-11 हजार तथा नगर पंचायत खरेला को 12 हजार पौधों को रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है।

घर के बाहर सो रहे ग्रामीण की गोली मारकर की हत्या

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम का हुआ गठन

अमृत विचार। कोतवाली चरखारी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुरौराडांग में शनिवार की तड़के सुबह अज्ञात बदमाशों ने घर के बाहर सो रहे एक ग्रामीण को सोते समय गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर अंदर सो रहे परिजन घर के बाहर आए ओर ग्रामीण को आनन फानन में सीएचसी चरखारी ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए हमलावरों की तलाश शुरु कर दी है।

गुढ़ा गांव निवासी आसाराम सेन (58) पिछले 25 सालों से ग्राम कुरौराडांग में परिवार सहित रहकर खेती किसानी का काम करता था। शनिवार की सुबह तीन बजे वह घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था, रात में ही अज्ञात बदमाशों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज पर उसकी पत्नी ने बाहर जाकर देखा तो उसका पति खून से लथपथ पड़ा हुआ था। तत्काल मौके पर अन्य परिजन व ग्रामीण इक्ट्ठा हो गए और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए, जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों का बयान लेते हुए घटनास्थल का मुआयना किया। मृतक के परिजनों का कहना है कि आसाराम की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और न ही कभी किसी से कोई विवाद हुआ था, इसके बावजूद हत्या क्यो हुई यह सवाल सबको परेशान किए हुए है। इस मामले में एएसपी सत्यम का कहना है कि वारदात की जांच की जा रही है साथ ही ग्रामीणों और परिजनों से भी घटना के बाबत जानकारी हासिल की जा रही है।

धरने पर बैठे दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता

संवाददाता कार्यालय, महोबा

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश लोकसभा चुनाव में भाजपा को अनुमान के अनुरूप कम सीटें मिलने के बाद जिले में कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान न मिलने और उनका उत्पीड़ मामले में न्याय न दिए जाने से आहत भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित दर्जनों सदस्य पार्टी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और न्याय दिलाए जाने की आवाज बुलंद करने लगे। सूचना मिलते ही महोबा आए जलशक्ति मंत्री रामकेश निषाद धरना स्थल पहुंच गए और उनकी समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का आश्वासन देने के बाद धरना समाप्त कराया।

प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पंकज तिवारी ने धरने को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में आए नए लोगों द्वारा पुराने व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अपमानित किया जाता है। कार्यकर्ताओं के ऊपर हमला हुआ और कार्यकर्ता परेशान होता रहा,

धरनास्थल पर मौजूद मंत्री, एमएलसी व अन्य भाजपाई। अमृत विचार

- जलशक्ति मंत्री के आश्वासन के बाद कार्यकर्ताओं ने धरना किया समाप्त

लेकिन पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई और न ही पार्टी द्वारा कोई सहयोग दिया गया। बताया कि किलहौआ गांव के एक शक्ति केंद्र प्रभारी के ऊपर जानलेवा हमला होने के बाद भी हमलावरों पर भी काई कार्रवाई नहीं की गई।

धरने पर बैठे सदस्य ने कहा कि 22 सालों से भाजपा पार्टी की सेवा की है और आगे भी करता रहूंगा, लेकिन कुछ नए सदस्यों द्वारा पार्टी के अंदर कुछ भी ठीक नही हो रहा है।

धरने की सूचना मिलते ही जलशक्ति मंत्री, सदर विधायक राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेंद्र सिह सेंगर सहित तमाम भाजपाई मौके पर पहुंच गए और कार्यकर्ताओं से वार्ता कर उसकी समस्याओं को सुना और निस्तारण का आश्वासन देने के बाद धरने को समाप्त कराया।

जुएं में जेवर हारने पर युवक ने लगाई फांसी

महोबा। कोतवाली चरखारी के ग्राम सूपा में पत्नी के जेवर जुएं में हार जाने से आहत होकर युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्राम सूपा निवासी पुष्पेंद्र सिंह 21 जुआ खेलने का आदी था। परिजनों द्वारा जुआ खेलने से मना करने पर आए दिन घर में विवाद होता रहता था। शुक्रवार की शाम को पुष्पेंद्र जुएं में पत्नी के सोने चांदी के जेवर हार गया था जिससे वह 2 दिन से काफी टेंशन में था जुएं में जेवर हार जाने का पता न लग जाए इसके डर से उसने शनिवार को सुबह उसने साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर तक अपने कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटक रहा था। शोर मचाने पर गांव के लोग भी दौड़ पड़े और उसे गंभीर हालत में नीचे उतारा। बाद में अस्पताल ले गए जहां पर डॉक्टरों ने इसका परीक्षण करने के बाद उसे मृत्य घोषित कर दिया।

वृक्षों के बिना मानव जीवन संभव नहीं : गुरु

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद जालौन के सभी तहसील, ब्लॉकों में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में 92 लाख पौधेरोपित किये जाने हैं।

राज्यमंत्री उ. प्र. सरकार नगर विकास, शहरी समग्र विकास नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन राकेश राठौर गुरु, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदस्य विधान परिषद रमा निरंजन, विधायक उरई गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, विधायक कालपी विनोद चतुर्वेदी, मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल दुबे, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार, जलशक्ति मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान, नगर पालिका परिषद उरई अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय चौधरी, पूर्व विधायक कालपी नरेंद्र पाल सिंह जादौन आदि के अलावा. जनप्रतिनिधियों ने ग्राम रगौली में पौधरोपण जन अभियान-2024 का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया, इस दौरान राज्यमंत्री ने राकेश राठौर गुरु ने पंचवटी वाटिका में हरिशंकरी का पौधा व नवग्रह वाटिका में अन्य पौधे लगाये गए। राज्यमंत्री ने कहा कि हमारे जीवन में वृक्षों का बहुत ही महत्व है। वृक्ष हमें ऑक्सीजन देते हैं और पर्यावरण को संतुलित बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा आह्वान किया गया कि एक पौधा मां के नाम पर अवश्य लगाएं और इसकी देखरेख भी करें।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि आज जनपद में तहसील, ब्लाक, ग्राम पंचायत में वृहद स्तर पर पौधरोपण कार्यक्रम में 92 लाख पौधे लगाए जा रहे हैं, पौधों की देखरेख हेतु संबंधित की जिम्मेदारी भी तय की गई है, जिससे कोई भी पौधा सूखने न पाए। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत पेड़ वन विभाग द्वारा लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा 50 प्रतिशत पेड़ों की जिम्मेदारी अन्य विभागों को दी गई है। पौधरोपण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, प्रदीप कुमार, एसडीएम हेमंत पटेल आदि रहे।

रगौली में पौधरोपण करते शहर व नगरीय विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु व अन्य।

पौधरोपण करते जिला पंचायत सदस्य अतर सिंह पाल व अन्य। अमृत विचार

जन्मदिन पर सभी को एक पौधा लगाना चाहिए: अतर सिंह

उरई। कालपी विधान सभा क्षेत्र ग्राम पंचायत इमिलया बुजुर्ग मे शासन के निर्देशानुसार वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतर सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर इटौरा, ने पौधरोपण कर पर्यावरण शुद्ध बनाने के संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि हम सब को अपने जन्म दिन पर भी एक पौधा लगाना चाहिये। वहीं ग्राम प्रधान मुकेश बघेल एवं ग्राम पंचायत की टीम द्वारा सामूहिक रूप से पौधे लगाए गए। सरकारी पौधरोपण कार्यक्रम में नदारत रहे ग्राम विकास अधिकारी बैभव कुमार, अमित मिश्रा ने शासन के आदेशों की अवहेलना की और अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्याम कुशवाहा लुहारी, अहमद अली, गंगाराम अहिरवार, धर्मेन्द्र पाल, रामजी पाल, रफीक मंसूरी, आशा कार्यकरती माया देवी सफाई कर्मी सतीश कुमार, नुरल्लाह सहित काफी संख्या में ग्राम पंचायत लोग उपस्थित रहे।

दिशा- निर्देश औद्योगिक क्षेत्र में स्थित चौकी के सामने मार्ग पर खड़े सीज वाहनों को तत्काल हटवाया जाए, कहा- इससे दुर्घटनाओं का रहता है अंदेशा

सड़क किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर करें कार्रवाई : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

अमृत विचार। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में स्थित चौकी के सामने मार्ग पर खड़े सीज वाहनों को तत्काल हटवाए जाए।

उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया कि सड़क पर खड़े होने वाले वाहनों एवं रिपेयरिंग कराने वाले वाहनों द्वारा जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ऐसे अवैध रूप से खड़े होने वाले वाहनों पर नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की समस्त सर्विस लेन की मरम्मत का कार्य प्रत्येक दशा में कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी व पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि निजी वाहनों एवं सरकारी वाहनों पर अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट अवश्य लगी होना चाहिए, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न लगी होने पर और रेड लाइट जम्प करने वालो पर उचित चालान करना सुनिश्चित किया जाए। प्राईवेट बसों का संचालन प्राइवेट बस स्टैंड से होना चाहिए किसी और स्थान से संचालन नही किया जाए।

उन्होंने निर्देशित किया कि वर्षा ऋतु में मार्गो पर उत्पन्न पॉट होल्स, तटबन्ध कटान तथा क्षतिग्रस्त पुल व पुलियों का निरीक्षण करते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खण्ड प्रथम सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड अमित सक्सेना, सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रशा. व प्रर्व.) सुरेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पण्डित सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक लेते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय। अमृत विचार

भूजल की मनुष्य के जीवन में है महत्वपूर्ण भूमिका

उरई (जालौन)। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर भूजल स्तर को बढ़ाने एवं भूजल संरक्षण के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में जनपद में 16 जुलाई से 22 जुलाई 2024 तक भूजल सप्ताह मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कल देर शाम विभिन्न विभागों द्वारा भूजल सप्ताह के दौरान की गई गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जल हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण घटक है और जल को सुरक्षित रखना हमारा नैतिक दायित्व है। भूजल की मनुष्य के जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को भूजल संरक्षण को लेकर शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर बैठक में उपस्थित परमार्थ एनजीओ से वरुण सिंह ने जल संरक्षण हेतु की गई गतिविधियों के संबंध में जिला स्तरीय अधिकारियों को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने जिला भूगर्भ जल विभाग के अधिकारियों से कहा कि भूजल संरक्षण में तालाबों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, सहायक अभियंता लघु सिंचाई, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठे किसान।

बिजली न मिलने से किसानों ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

उरई (जालौन)। बिजली न आने की समस्या को लेकर कई गांवों के किसानों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये और आरोप लगाया कि बिजली न मिलने की वजह से फसलें सूख रही हैं। सपा नेता कपिल गुमावली, राहुल पिरौना, देवेंद्र जमरोही खुर्द, नरेन्द्र प्रताप सिंह, राजेश पिरौना, जयसिंह, बृजपाल जमरौही खुर्द, दीनदयाल सला, जगतसिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह आदि किसान मौजूद रहे।उक्त किसानों का कहना है कि बिजली न आने के कारण टयूबवेल नहीं चल पा रहे, जिसकी वजह से ग्राम जखौली, हरदुआ, केलरा, गुमावली, जमरोही खुर्द, घुरट, सौजना, सला, पिरौना आदि गांवों के किसानों की धान की फसल सूख गयी है। किसानों का कहना है कि एक से माह बिजली नहीं मिल रही जिसकी वजह से प्राइवेट नलकूप भी नहीं चल पा रहे हैं यहीं वजह है की पानी न मिलने के कारण धान की फसलें सूख गयी हैं। किसानों का कहना है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में जब बात की गयी तो उनका कहना था कि ग्रामों की लाइन खराब होने के कारण बिजली नहीं दे पा रहे है। धरने पर बैठे किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बिजली की व्यवस्था जल्द से जल्द सुचारु की जाये वरना किसान भूखों मरने की नौबत पर आ जायेगा। धरने पर बैठे किसानों की समस्याओं का ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने लेते हुए बिजली व्यवस्था जल्द दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया है।

लखनऊ में योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करते पूर्व विधायक छोटे सिंह।

पूर्व विधायक ने जिले की समस्याओं को योगी के सामने रखा

कालपी। क्षेत्र के पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ से मिलकर विधानसभा क्षेत्र की कई समस्याओं को निस्तारण करने की मांग की, कालपी विधान सभा के पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करके क्षेत्र में अधूरी परी सड़कों एवं देवस्थान पर रपटा बनाने की मांग की है पूर्व विधायक ने अवगत कराया की , तिगणेश्वर एवं छूदा बाबा के नून नदी पर रपटा निर्माण के अलावा नसीरपुर से अटरिया मार्ग मरगया से रामदास, के डेरा तक संपर्क मार्ग मांगरोल से नया पुरवा खाखरी से शरूपपुर चंदरसी से परोसा निस्वपुर से सुजानपुर सहित विधानसभा क्षेत्र में अधूरी पड़ी एवं उखडी हुई सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सूची प्रेषित करके निवेदन किया है कि क्षेत्र के विकास के लिए बताए गए निर्माण कार्य जनता के लिए बहुत जरूरी है । पूर्व विधायक की मांग को मुख्यमंत्री ने निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

विधायक व एसडीएम ने कई गांवों में रोपे पौधे

कालपी। शनिवार को क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी की अध्यक्षता में कालपी तहसील क्षेत्र के अलग-अलग ग्रामों में पौधरोपण महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पेड़ लगाओ - पेड़ बचाओ गोष्ठी में पौधरोपण करने पर जोर दिया गया। जिला पौधरोपण समिति के तत्वावधान में उसर गांव, छौंक,रगौली, कालपी नगर पौधरोपण महोत्सव का आयोजन किया गया। कदौरा विकास खंड के ग्राम अकबरपुर इटौरा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि शुद्ध पर्यावरण तथा धरती को हरा भरा करने के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है। इसलिए सभी नागरिक जागरूक होकर पौधों को रोपित करें। तथा पेड़ों को संतान की तरीके से संरक्षित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह धरती को हरा-भरा रखने के लिए पौधारोपण करने पर बल दिया। विधायक विनोद चतुर्वेदी, एसडीएम सुशील कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारी शाल्या, ग्राम पंचायत अधिकारी अभिषेक कुमार, प्रधान रामशंकर, तकनीकी सहायक प्रदीप तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। छौंक गांव में जिला पंचायत सदस्य मातृदेवो तथा एसडीएम सुशील कुमार सिंह के द्वारा वृहद पौधरोपण कार्यक्रम चलाया गया।

पालिकाध्यक्ष ने नगरीय क्षेत्र में किया पौधरोपण

कालपी जालौन। शनिवार को पौधरोपण अभियान के अंतर्गत कालपी तहसील के परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव आदि ने शोभादार तथा छायादार पौधे लगाकर जागरूक किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता अपूर्व शरद श्रीवास्तव राजेश गुप्ता डब्बू श्रीवास्तव सिद्धांत बाबू आज के अलावा समाजसेवी तक तथा सभासद गण मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि शोभाकार छायादार पेड़ लगाये जाने की योजना चल रही है।

तिगरेश्वर मंदिर की सड़क व पुलिया निर्माण के दिये निर्देश

कालपी (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन पर धर्मस्थलों को आने जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण के लिए कार्यदायी संस्थाएं तत्काल सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को उपजिलाधिकारी ने इंजीनियरों तथा विभागीय कर्मचारियों के साथ तिगरेश्वर मंदिर जाने वाली सड़क का स्थलीय निरीक्षण करके कार्य योजना तैयार की है। शनिवार को उपजिलाधिकारी के साथ लोक निर्माण विभाग खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता महेंद्र सिंह, सहायक अभियंता कमलेश कुमार, अवर अभियंता बृजेंद्र सिंह तथा आर .ई .एस के अधिशासी अभियंता शैलेंद्र सिंह, सहायक अभियंता बीके मिश्रा के अलावा नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह, सदर लेखपाल जितेंद्र सिंह की टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। तत्काल पाइप डालकर पुलिया बनाने का स्टीमेट तैयार किया गया है तथा कार्ययोजना के तहत जल्द ही सड़क एवं पुलिया निर्माण दुरुस्त करने की रणनीति बनाई गई।

कुत्ते ने 8 लोगों को काट कर किया लहूलुहान

कालपी जालौन। शनिवार को कालपी में एक छोटा लाल रंग का आवारा कुत्ते पर पागलपन सवार हो गया। कुत्ते ने घूम घूम कर सार्वजनिक स्थान में दर्जन भर से अधिक लोगों को काट काट कर लहूलुहान कर दिया। जख्मी हालत में सभी लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया है। शनिवार को एक पागल कुत्ते ने घूम-घूमकर दर्जन भर से अधिक लोगों को काटकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाकर उपचार किया गया। कुत्ते के काटने के दौरान नगर में हड़कंप मच गया। कुत्ता काटने से घायल हुए लोगों में मीणा 60 वर्ष कुंती देवी 30 वर्ष द्रोपती 35 वर्ष उमेश कुमार 13 वर्ष ललित 60 वर्ष मोहनलाल 48 वर्ष और उसका 8 वर्ष कमलेश 28 वर्ष शामिल है। नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव एवं अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला के निर्देशन में पालिका कर्मचारियों की टीम पागल कुत्ते को पकड़ने में जुट गई है।

एआरटीओ कार्यालय में पौधरोपण करते अधिकारी। अमृत विचार

एआरटीओ कार्यालय में भी रोपा एक पौधा मां के नाम

उरई, जालौन। सहायक संभागीय परिवहन विभाग के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम से शनिवार को एआरटीओ परिसर में पौधरोपण किया गया है। जिसमें एआरटीओ प्रशासन सुरेश कुमार वर्मा, यात्रीकर अधिकारी विनय पाण्डेय नें कार्यालय परिसर में पीपल सागोन, वेल, अमरुद अनार,आम इत्यादि छायादार और फलदार पौधे रोपित किए गए। इसके अलावा गमलों में शोभादार और पुष्प वाले पौधे भी लगाए गए। एआरटीओ प्रशासन सुरेश कुमार वर्मा ने कहा कि जिस तरह स्वस्थ समाज के लिए साफ सफाई जरूरी है, उसी तरह पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी जरूरी है। इस मौके पर सिपाई लाल,मुलायम सिंह, प्रशांत पाण्डेय, नरेंद्र त्रिपाठी, विमलेश कुमार, गौरव विश्वकर्मा,नरेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

कोटेदार जबरन दे रहे हैं साबुन और चाय की पत्ती

समाजवादी पार्टी के नेता अनुज सिंह यादव ने लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- कहा, इसे न रोका गया तो पार्टी करेगी आंदोलन

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनुज सिंह यादव ने राशन की दुकानों में कार्डधारकों से 100 रुपये लेकर घटिया किस्म का साबुन निरमा और चाय की पत्ती देने के नाम पर लोगों को लूटने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अगर यह सामग्री जबर्दस्ती दी जानी बंद नहीं की गई तो पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

अनुज ने आरोप लगाया कि कोई कार्डधारक अगर यह सामान लेने से मना कर रहा है तो उसको राशन नहीं दिया जा रहा। एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार फ्री राशन देने का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी ओर 100 रुपये की जबरन वसूली की जा रही है। गांव-गांव में इस तरह की वसूली जारी है। अनुज ने कहा कि सपा शासन के दौरान कार्डधारकों कों निशुल्क समाजवादी राहत पैकेट मिलता था। इसमें घी, शक्कर, आलू, हल्दी, नमक, सरसों का तेल, चीनी आदि रहता था और सभी सामान ब्रांडेड कंपनियों के होते थे। अनुज ने कहा कि 100 रुपये में मिलने वाली सामग्री की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और ठेकेदार पर कड़ी कार्रवाई की जाए। सामग्री न लेने वाले उपभोक्ताओं का खाद्यान्न न रोका जाए। उन्होंने कहा कि ऐसा न होने पर पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

भीटा निर्माण में अनियमितता की शिकायत

पहाड़ी (चित्रकूट)। समाजवादी यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव लवलेश यादव ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत जिगनवार में भीटे और मेड़बंदी बनाने में अनियमितता का आरोप लगाया है। लवलेश ने बताया है कि उनसे ग्रामीणों ने शिकायत की है कि जिगनवार में जेई और कार्यप्रभारी द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। मानक के अनुसार भीटा नहीं बनाया जा रहा। इसमें लाखों रुपये के बजट को ठिकाने लगाने की कोशिश की जा रही है। सपा नेता ने सीडीओ से जांच कराने की मांग की है।

अध्यक्ष के लिए होगा मतदान, पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए

बांदा। चित्रकूटधाम मंडल अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। पांच पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल होने से सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद पर प्रत्याशियों द्वारा नाम वापस न लिए जाने पर 25 जुलाई को मतदान होगा।

चित्रकूटधाम मंडल अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन के पांच पदों के लिए पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए गए। सर्वसम्मति से मुदित शर्मा सचिव चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ममता मिश्रा, उप मंत्री जितेंद्र सिंह कछवाह व कशौल किशोर सैनी, कोषाध्यक्ष बरदानी सिंह खेंगर बनाए गए। जबकि राजेश मिश्रा, राम प्रकाश, रामकुमार राजपूत, विवेक रंजन चैरसिया व अमित कुमार कार्यकारिणी सदस्य नामित हुए। अध्यक्ष पद पर जयराम सिंह चंदेल व कृष्णदत्त मिश्र के बीच मुकाबला होगा।

साहब ! दुराचार के आरोपियों को पुलिस नहीं कर रही गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- पीड़िता ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार
- थानाध्यक्ष जांच पड़ताल के बाद वापस लौट गए

अमृत विचार। साहब! सूने घर में घुसकर दुराचार के आरोपियों को थाना पुलिस संरक्षण दे रही है। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस नामजद आरोपियों को गिफ्तार नहीं कर ही। आरोपी उस पर समझौता करने का लगातार दबाब बना रहे हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यह बातें अतर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दुराचार पीड़ित युवती ने पुलिस कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से कहीं।

अतर्रा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 10 जुलाई को वह अपने नाबालिग पुत्र के साथ घर में पर सो रही थी। पति परदेश में रहते हैं। रात को गांव का युवक अपने एक साथी के साथ दीवार फांदकर घर के अंदर आ धमका। आहट से वह जग गई। युवक ने अपने साथी के साथ मिलकर उसके कपड़े फाड़कर उसके मुंह में ठूंस दिया। दोनों ने उसके साथ दुराचार किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। दबंग जान से मार देने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़िता की तहरीर पर थानाध्यक्ष जांच पड़ताल के बाद लौट गए।

घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने न तो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की और न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया। आरोपियों को थाना पुलिस ने अब तक गिरफ्तार नहीं किया। आरोपी उस पर समझौता करने का लगातार दबाब बना रहे हैं। साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक ने पीड़िता को आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सार-संक्षेप

नपा अध्यक्ष ने अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की

कुरारा(हमीरपुर)। नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र देकर नगर पंचायत की जमीन पर स्थाई, अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की है। नगर पंचायत अध्यक्ष आशारानी कबीर ने प्रभारी मंत्री को शिकायती पत्र देकर बताया कि हमीरपुर जाने वाले मुख्य मार्ग पर सरकारी जमीन पर किए गए स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटाए जाने के लिए उच्च अधिकारियों को लगातार अवगत कराया जा रहा है। लेकिन सक्षम अधिकारियों द्वारा अतिक्रमणकर्ता सभासद द्वारा मिलकर लापरवाही से जांच कर आख्या अधिकारियों को प्रेषित कर दी जाती है। जिससे नगर में अतिक्रमण पर रोक नही लग पा रही है। अधिकारियों व कर्मचारियों की निष्क्रियता के चलते लगातार सरकारी भूमि पर कब्जा हो रहे हैं। कस्बे के तालाबों में अतिक्रमण होने से उनका अस्तित्व खतरे में पड़ रहा है। कस्बा के कजली तालाब, नाग तालाब, व विकासखंड कार्यालय के पीछे दंगल तालाब में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लेखपाल की लापरवाही के चलते कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। बीते दस जुलाई को जिलाधिकारी को अतिक्रमण हटाए जाने के लिए कार्यवाही करने की मांग की गई थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। न ही अतिक्रमण वाली भूमि का चिन्हांकन किया गया है।

युवती के भाई ने लिखाई दुष्कर्म व धर्म परिवर्तन की रिपोर्ट

सुमेरपुर (हमीरपुर)। मुखबिर की सूचना पर रामनगर में छापा मारकर युवती सहित दो युवकों को गिरफ्तार करने के मामले में छत्तीसगढ़ से पुलिस के साथ आए भाई ने बहन को साथ ले जाने, दुष्कर्म करने, दबाव बनाकर धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने युवती को मेडिकल के लिए भेजा है। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को देर शाम कस्बे के रामनगर मोहाल के एक मकान में छापा मारकर संदिग्ध हालत में एक नाबालिग किशोरी सहित दो युवकों को हिरासत में लिया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि किशोरी छत्तीसगढ़ के दुर्ग जनपद के भिलाई कस्बा के छपरा मोहाल की निवासी है। जबकि हिरासत में लिए गए दोनों युवक मौदहा कोतवाली के मांचा गांव निवासी सगे भाई हैं। पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के माध्यम से युवती के परिजनों को सूचित करके मौके पर बुलाया था। शुक्रवार को देर रात किशोरी का भाई छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ थाने आया और वन स्टॉप सेंटर में रुकी बहन से जानकारी लेने के बाद दोनों भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। भाई की तहरीर पर मांचा निवासी मुशर्रफ एवं शाहिद अली को नामजद करके अपहरण, दुष्कर्म धर्म परिवर्तन एवं पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों अदालत में पेश किया।अदालत दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

पांच बच्चों की मां प्रेमी संग फुर्र, पति ने घर में लगाई आग

बांदा। महिला पांच बच्चों को छोड़कर प्रेमी संग फरार हो गई। नाराज पति ने कथित तौर पर घर में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू करते हुए घर के अंदर मौजूद बच्चों को बाहर निकाला। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आग बुझाई। घटना नरैनी कोतवाली अंतर्गत करतल चैकी क्षेत्र की है। करतल गांव निवासी कल्लू के घर से आधी रात के बाद आग की लपटें उठने लगी। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने जांच कि तो पता चला कि पीड़ित घर में आग लगने के बावजूद आग नहीं बुझाई। वह आराम से चारपाई पर लेटा हुआ था। पुलिस ने आग में घिरे बच्चों और वृद्धा को बाहर निकाला। करतल चौकी इंचार्ज रोशन गुप्ता ने बताया की देर रात सड़क किनारे घर में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर दमकल की मदद से आग पर काबू पाया गया। घर में सभी लोग सुरक्षित हैं।

कर्म की ऊर्जा से प्रगति करेगा समाज : डॉ. अजब

औरैया। विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय दिबियापुर में शनिवार को उत्तर प्रदेश शासन की विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत परास्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजब सिंह यादव ने कहा कि हमें अपने काम से इस तरह से प्रेम करना चाहिए जैसे वह जीवन की सबसे मूल्य वस्तु है तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। कर्म की ऊर्जा से ही समाज प्रगति कर सकता है। मुख्य अतिथि नगर पंचायत रूरा के अध्यक्ष राम जी गुप्ता ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को टैबलेट आदि का प्रयोग करके अपने करियर बनाने पर फोकस करना चाहिए। महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एमपी शुक्ला ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं नैतिक मूल्यों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। गेल इंडिया लिमिटेड पाता के केमिस्ट रविराज सिंह ने विद्यार्थियों को विज्ञान और तकनीक के संयुक्त माध्यम से करियर बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. इकरार अहमद ने कहा की महाविद्यालय का लक्ष्य रोजगार परक शिक्षा प्रदान करना तथा राष्ट्र निर्माण हेतु युवाओं को जागृत करना है। कार्यक्रम में राजनिति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार हसन, डॉ. यश कुमार, डॉ. संदीप ओमर, डॉ. महेंद्र तिवारी, डॉ. श्रीनंदन पांडेय, डॉ. हिमांशु यादव, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. आलोक यादव, डॉ. श्याम नारायण, डॉ. शीलू त्रिवेदी, डॉ. रोहित गुप्ता, डॉ. मोहित तिवारी आदि मौजूद रहे।

अराजक तत्व बना रहे 5वां मुखारबिंद : श्यामदास

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत की एसपी से शिकायत

अमृत विचार। तीर्थक्षेत्र में पांचवां मुखारबिंद का निर्माण कार्य किए जाने की बात कही जा रही है। इस संबंध में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत श्यामदास ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की है।

महंत श्यामदास ने बताया कि परिक्रमा में भगवान कामतानाथ के चार मुखारबिंदों का ही वर्णन आया है। कुछ समय पहले खोही निवासी दो भाइयों को, जो तृतीय मुखारबिंद मंदिर में पुजारी थे, भगवान के वस्त्र आदि चोरी करने पर निकाल दिया गया था। महंत का आरोप है कि इससे क्षुब्ध होकर अब ये लोग अपने घर मे ही मुखारबिंद का निर्माण करा रहे हैं, जो मर्यादा के विरुद्ध है। महंत का कहना है कि इससे साधु-संतों में आक्रोश है।

श्यामदास का दावा है कि मंदिर के बहाने दोनों लोग वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की फिराक में हैं। महंत ने एसपी से पूरे मामले की जांच कराने और निर्माण कार्य रोकने का अनुरोध किया है।

सांप के काटने से युवती की मौत

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र के अमलीकौर गांव निवासी 18 वर्षीय कुंती देवी पुत्र लालमन शनिवार की सुबह खेत से घर लौट रही थी। तभी घास में छिपे बैठे सर्प के ऊपर कुंती ने पैर रख दिया। सर्प ने उसे उस लिया। किसी तरह कुंती घर आई और अपने परिजनो को बताया परिजनो ने पहले घरेलू उपचार किया। लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका छह बहनो में चौथे नबंर की थी। उसका पिता परदेश में रह कर मजदूरी करता है।

गुरु पूर्णिमा एवं वेदव्यास जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

गुरु पूर्णिमा पर बोलते आचार्य। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में गुरू पूर्णिमा एवं वेदव्यास जयंती पर प्रभारी प्रधानाचार्य कमल कांत मिश्र ने कहा कि गुरू पूर्णिमा व्रत इस साल 21 जुलाई को रखा जाएगा।

गुरु पूर्णिमा को महाभारत के रचयिता वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। इस कारण से गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। कहा गुरू के वचनों का अनुसरण कर व्यक्ति या शिष्य अपने जीवन में बहुत जल्द सफल हो जाता है। गुरू की सेवा और पूजा हमेशा करनी चाहिए। कार्यक्रम प्रमुख आचार्य जितेन्द्र सिंह ने कहा कि धार्मिक मत है कि गुरू की पूजा और सेवा करने से अल्प समय में व्यक्ति अपने जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। साथ ही उन्नति और तरक्की के मार्ग पर अग्रसर रहता है। आचार्य रमेश शुक्ला ने कहा कि सनातन शास्त्रों में निहित है कि गुरू के बिना ज्ञान का अर्जन नहीं होता। संचालन छात्र न्यायालय के न्यायाधीश मुकुल कुशवाहा ने किया। आभार प्रदर्शन संगीताचार्य ज्ञानेश जड़िया ने किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेद प्रकाश शुक्ला ने दिया।

शिविर लगाए जाने की मांग

मऊ (चित्रकूट)। ब्लॉक अंर्तगत ग्राम पंचायत बरवार में बड़ी संख्या में किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि नहीं आ रही। यह बात प्रधान प्रतिनिधि बरवार विमलेश ने कही। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि इस संबंध में गांव में शिविर लगाया जाए, जिससे लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

आजादी के सिपाही बटुकेश्वर दत्त को पुण्यतिथि पर किया याद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि पर बोलते डॉ.भवानीदीन। अमृत विचार

अमृत विचार। आजादी के संघर्ष के सूरमाओं की महत्ता के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत आजादी के संघर्ष और आजादी के बाद उपेक्षा के प्रतीक बटुकेश्वर दत्त की पुण्यतिथि मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि बटुकेश्वर दत्त वास्तव में एक बेजोड़ सूरमा थे। आजादी के इतिहास में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उनके पिता गोष्ठ बिहारी दत्त कानपुर में सर्विस करते थे। यहीं पर बटुकेश्वर की शिक्षा हुई। उनकी भगतसिंह से यहीं पर मुलाकात हुई। दत्त में संगठन क्षमता बहुत थी। उस समय संगठन के क्षेत्र में दत्त ने बहुत काम किया था। 8 अप्रैल 1929 को असेंबली में बम धमाके में दत्त का उल्लेखनीय प्रतिभाग था, जिसे लेकर उन्हें काले पानी की सजा मिली थी। आजादी मिलने तक ये संघर्ष करते रहे। आजादी के बाद इनका कोई पुरसाहाल नहीं रहा। ये पटना में भी रहे, बीमारी काल में भगतसिंह की मां इनसे मिली थी। वे बहुत तंगी में थे, किसी तरह बाद में उनका इलाज दिल्ली में इलाज हुआ। जहां पर इनका निधन 20 जुलाई 1965 को हो गया। कार्यक्रम में अवधेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, दिलीप अवस्थी, महावीर, संतोष, रिचा, भोलू, सिद्धा, बाबूलाल, प्रेमराज, दस्सी और अजय शामिल रहे।

ककरऊ गांव में जांच करती बिजली विभाग की विजिलेंस टीम। अमृत विचार

चेकिंग अभियान में 7 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

- विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया

अमृत विचार। क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बिजली विभाग की विजिलेंस टीम ने सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें विद्युत चोरी करने पर सात लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

क्षेत्र में लगातार विद्युत चोरी की शिकायत मिलने पर विजिलेंस टीम ने शुक्रवार की शाम क्षेत्र के जल्ला, देवीगंज, बेरी, ककरऊ, लहरा, कंडौर आदि गांव में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जहां कंडौर गांव में तीन व ककरऊ गांव में चार लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए। विजिलेंस टीम ने विद्युत चोरी करने पर 7 लोगों के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता भारत सैनी ने बताया कि चोरी की शिकायत का संज्ञान लेते हुए गांवों में घर घर जाकर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें कंडौर में 3 लोग व ककरऊ में 4 लोग विद्युत चोरी करते पकड़े गए हैं। जिनके खिलाफ थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। जांच टीम में टीम में विद्युत विभाग के अवर अभियंता आशुतोष, प्रभारी बीएल यादव, भारत सैनी सहित लाइनमैन उपस्थित रहे।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

Computer Operators
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge & good Typing Speed (Exp. Min. one year)

Salesman (For Medical Stores)
Qualification: Min. D.Pharma (Exp. Min. One year)

Receptionist-2
Qualification: Graduation with good Computer Knowledge good Typing Speed (Female Candidate)

PRO
Qualification: Graduation

Accountant
Qualification: B.Com., M.Com. Exp. 1 year

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

दो ट्रक फूलों से की जा रही तुलसीपीठ की सजावट

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट)

- गुरु पूर्णिमा पर तुलसी पीठ में तीन दिवसीय महोत्सव होगा

अमृत विचार। तुलसीपीठ में गुरु पूर्णिमा पर तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य 108 फीट ऊंची वैष्णव पताका का ध्वजारोहण करेंगे। इस मौके पर तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा।

जगद्गुरु के उत्तराधिकारी आचार्य रामचंद्र दास ने बताया कि इस दौरान 1100 दीपों से जगद्गुरु की आरती की जाएगी। दिल्ली के कमल कुमार शर्मा दो ट्रक फूलों से तुलसीपीठ की सजावट करा रहे हैं। तीन दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्रेम प्रकाश दुबे, विनोद द्विवेदी अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भी विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। देश विदेश से आए शिष्य जगद्गुरु की पादुका पूजन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह सभी का सौभाग्य है कि जगद्गुरु की कृपा प्राप्त हो रही है। प्रत्येक सनातन धर्मी जगद्गुरु का ऋणी है और श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए इस बार तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

एसडीएम को सौंपा 9 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

मौदहा। लेखपाल संघ की आयोजित बैठक में समस्याओं से संबंधित 9 सूत्री मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। मांग पत्र में विशेष रूप से कहा गया है कि तहसील में नए 32 लेखपालों के आने से संख्या बढ़ गई है और उनके बैठने की व्यवस्था का प्रबंध किया जाना है। इसके लिए नया फर्नीचर और सभागार कक्ष को उपयोग के लिए मांगा गया है। लेखपालों ने कहा है कि अब महिला लेखपालों की संख्या बढ़ने से उनके शौचालय की साफ सफाई किया जाना आवश्यक है। मांग की है कि प्रत्येक माह संगठन के साथ अधिकारियों की बैठक होना निश्चित किया जाए।

जलभराव की समस्या दूर करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- क्षेत्र के लोगों ने कहा यह समस्या लगभग 10 वर्षो से बनी हुई

अमृत विचार। कांशीराम कॉलोनी में जल भराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम अभिमन्यु कुमार को सौंपा। जिसमे उन्होंने जलभराव की समस्या से जल्द निजात दिलाने की मांग की है।

बीते रोज लगभग तीन घंटे की लगातार बारिश से शहर के विभिन्न मोहल्लों व सड़क पर जलभराव के कारण लोगों खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वहीं शनिवार को सभासद रजनी, गोलू हसन व सभासद प्रत्याशी बउआ ठाकुर की अगुवाई में सौंपे ज्ञापन में वार्ड 2 के लोगों ने कहा कि कांशीराम कॉलोनी में जलभराव की समस्या लगभग 10 वर्षो से बनी हुई है।

बताया कि मानसून में वार्ड की गलियों में जगह-जगह जलभराव हो जाता है। बताया कि बीते रोज हुई बारिश से कालोनी के समस्त ग्राउंड फ्लोरों में नाले का गंदा पानी भरने से उनकी गृहस्थी का सारा सामान पूर्ण रूप से बर्बाद हो गया है। जिससे लोगों छत का सहारा लेना पड़ा। वहीं घरों के जलमग्न होने से कई गंभीर बीमारियों का खतरा बना है।उन्होंने डीएम से जल्द ही जल भराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

इस दौरान रामदेवी, अनिल पल, पार्वती, भानू, इरफ़ान, समीमा, आशा, कल्पना, लक्ष्मी, विनोद कुमार, राजकुमार, रानी, माया देवी, सीमा सहित आधा सैकड़ा स्थानीय लोग मौजूद रहे।

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का Honours your trust

अंचल कार्यालय : 75/4, सिद्धी सदन, हालसी रोड बादशाही नाका पुलिस स्टेशन के पास, कानपुर – 208001
E-mail : zokanpur.fin@ucobank.co.in

लॉकर ब्रेक ओपन की सूचना

निम्नांकित लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा देय लॉकर किराये का भुगतान समय पर नहीं किया गया है,जबकि संबंधित शाखाओं द्वारा समय–समय पर दूरभाष ,मोबाईल और पत्राचार के माध्यम से आपसे बकाया लॉकर किराया जमा करने के लिए अनुरोध किया गया, परंतु हमें बड़े खेद के साथ लिखना पड़ रहा है कि हमारे सभी प्रयास विफल रहें और बकायदारों द्वारा बकाया किराया जमा नहीं कराया गया। अत : बैंक द्वारा सुनिश्चित किया गया है कि बैंक द्वारा निर्धारित प्रणाली से लॉकर तुड़वाकर उसमें रखे हुए सामानों की नीलामी कर बकाया किराये की वसूली कि जाएं। शाखावार लॉकर धारकों से संबंधित जानकारी इस प्रकार हैं–

क्रं सं.	शाखा का नाम एवं सोल आईडी	लॉकर नंबर	लॉकर धारक का नाम	बकाया राशि	कब से बकाया	प्रथम सूचना की तिथि (G119)	द्वितीय सूचना की तिथि (G119-A)	तृतीय सूचना की तिथि (G119-B)	चतुर्थ सूचना की तिथि (G119-C)
1.	कानपुर परेड (0224)	AA005	कृष्ण नन्द शुक्ला	27261	04-11-2003	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
2.	कानपुर परेड (0224)	AC012	ओम प्रकाश गुप्ता	49553	10-06-2005	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
3.	कानपुर परेड (0224)	BA0079	अशोक कुमार	33011	19-02-2013	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
4.	कानपुर परेड (0224)	BA0085	सरिता गोयल	26601	19-02-2013	09-10-2020	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
5.	कानपुर परेड (0224)	BA0119	नीतू सिंह	27534	19-02-2013	09-10-2020	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
6.	कानपुर परेड (0224)	CA0157	रितु श्रीवास्तव	20713	11-09-2014	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
7.	कानपुर परेड (0224)	CA0181	ईश्वर दत्त मिश्रा व कुसुम लता	20547	31-07-2015	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
8.	कानपुर परेड (0224)	CA0205	चितरंजन किशोर निगम	23792	23-01-2010	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
9.	कानपुर परेड (0224)	CA0215	सतीश कुमार रस्तोगी व शुभ्रा रस्तोगी	14484	01-04-2019	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
10.	कानपुर परेड (0224)	CA176	किशन सिंह	13859	08-03-2013	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
11.	कानपुर परेड (0224)	CA204	शिव शयान	27987	08-03-2013	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
12.	कानपुर परेड (0224)	DA0296	मंजूलिका एफ बोज	25324	20-05-2010	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
13.	कानपुर परेड (0224)	DA0252	कामिनी कपूर व आशीष कपूर	14227	25-05-2019	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
14.	कानपुर परेड (0224)	DA0299	पदम चन्द्र रस्तोगी व मीना रस्तोगी	19469	09-01-2019	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
15.	कानपुर परेड (0224)	DA226	बांका सिंह सोनी	14776	08-03-2013	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024
16.	कानपुर परेड (0224)	DA240	प्रदीप भार्गव	13972	08-03-2013	03-02-2024	12-02-2024	01-03-2024	20-03-2024
17.	कानपुर परेड (0224)	DC237	पदम मिश्रा	31172	16-06-2011	11-02-2021	02-02-2024	13-02-2024	01-03-2024

दिनांक : 21.07.2024 स्थान : कानुपर प्राधिकृत अधिकारी (यूको बैंक)

एक नजर

खेतों से कर सकेंगे 100 घन मी. मिट्टी का खनन और परिवहन

अमृत विचार, लखनऊ : जन सामान्य और किसानों को सीमित मात्रा में मिट्टी का खनन करने के लिए राज्य सरकार की हरी झंडी मिल गई है। इसके लिए ऑनलाइन सूचना प्रेषित करनी होगी और 100 घन मीटर मिट्टी स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार ने शनिवार को सभी जिलाधिकारियों और पुलिस कमिश्नर व एसएसपी और एसपी को निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने निर्देश में कहा है कि भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के द्वारा 100 घनमीटर तक खनन के परिवहन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है।

पालिकाओं में भी आयोजित होगा नागरिक सुविधा दिवस

संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को होगा आयोजन, मंडलायुक्त ने समस्याओं के निराकरण को लेकर दी हिदायत

अमृत विचार: नगर पालिका परिषद की सीमा में रहने वाले लोगों को अब अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए विभाग के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, हरदोई और लखीमपुर-खीरी के डीएम समेत अन्य अधिकारियों को आदेश दिए हैं।

पालिका परिषद की सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को स्ट्रीट लाइट, रोड/नाली निर्माण, जलापूर्ति, सीवेज, ट्रैफिक, अतिक्रमण, नालियों में साफ-सफाई की समस्या, आवासित स्थलों में जलभराव, हाउस टैक्स, म्युटेशन, जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र समेत अन्य समस्याओं से जूझना पड़ता है। समस्याओं के निदान के लिए लोग विभागों के चक्कर काटते हैं। पालिका स्तर पर मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कई काम इस प्रकार के होते हैं कि जिनमें एक से अधिक कार्यदायी संस्थाओं की सहभागिता होती है। जिसकी जानकारी आम लोगों को नहीं होती है। साथ ही जवाबदेही तय करने में भी दिक्कत होती है। नगर पालिका क्षेत्र की मूलभूत संरचना से जुड़ी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण आपसी समन्वय के बिना संभव नहीं है।

मंडल के जनपदों में नगर पालिका स्तर पर आम लोगों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक एवं प्रभावशाली ढंग से निराकरण के लिए प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस आयोजित किया जाए। नागरिक सुविधा दिवस में डीएम और एडीएम की अध्यक्षता चक्रानुक्रम में तय की जाए। नागरिक सुविधा दिवस पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, विहित प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र, एसपी, सीओ, ट्रैफिक, जलकल, जलनिगम, लोनिवि एवं पालिका के समस्त अनुभागों के वरिष्ठतम अधिकारी मौजूद रहें। दिवस सुबह दस से दोपहर एक बजे के मध्य आयोजित किया जाए।

शिकायतकर्ताओं को दी जाए पर्ची

मंडलायुक्त ने आदेश में कहा है कि शिकायतों को कंप्यूटर पर दर्ज कर शिकायतकर्ताओं को पर्ची दी जाए। जिससे शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत की जानकारी आसानी से मिल सके। शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में किया जाए। नागरिक सुविधा दिवस के लिए अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय को नोडल अधिकारी बनाया जाता है। अपर जिलाधिकारी कार्यालय इस कार्यक्रम का आयोजन तथा कार्यक्रम से संबंधित विभागों को अपने स्तर से सूचित करेंगें। साथ ही प्राप्त अभिलेखों का रख-रखाव भी अपने स्तर से करेंगे।

की-मैन ने दी थी ट्रैक में खराबी की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, गोंडा

▸▸ अवर अभियंता व की-मैन की बातचीत का ऑडियो हुआ वायरल

अमृत विचार: चंडीगढ़- डिब्रूगढ़ रेल हादसे को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। बृहस्पतिवार को जिस ट्रैक पर हादसा हुआ वह डेंजर जोन में था। ट्रैक की निगरानी करने वाले रेलवे के की-मैन ने एक दिन पहले ही अपने सीनियर्स को अलर्ट किया था, ट्रैक के खराब होने की जानकारी दी थी। हादसे वाले दिन भी ट्रेन के आने से आधे घंटे पहले भी वह चिल्लाता रहा कि ट्रैक खराब है, लेकिन किसी ने उसकी बात नहीं सुनी।

नतीजा चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस डिरेल हो गई। कीमैन व जेई के बीच की बातचीत का ऑडियो वायरल हो रहा है। इस वायरल ऑडियो को लेकर रेल महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। वायरल ऑडियो में की-मैन अपने सीनियर अधिकारियों से चिल्ला चिल्ला कर कह रहा है कि ट्रैक खराब है, आगे खतरा हो सकता है, गाड़ी पटरी से उतर सकती है। लेकिन कर्मचारी की बात नहीं

सुनी गई और चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन इस जगह पर डिरेल हो गई। रेल कर्मचारी आसने वर्ष 2008 से ही गोंडा रेल अनुभाग में की- मैन के पद पर तैनात है। ट्रैक निगरानी करने वाला कर्मचारी छुट्टी पर गया था। इसलिए 4 दिन पहले ही आसने की ड्यूटी ट्रैक निगरानी के लिए लगाई गई थी। आसने ने बताया कि उसने एक दिन पहले ही रेलवे के अवर अभियंता रंजन कुमार को इस ट्रैक की खराबी की जानकारी देते हुए उन्हें सतर्क किया था। उसने कहा कि हादसे के एक दिन पहले जब वह ट्रैक चेक कर रहा था तब उसे पटरियों के बीच बकलिंग(गैप) दिखाई दिया था।

उसने तत्काल इसकी जानकारी अपने सीनियर अफसर को दी।बृहस्पतिवार को भी दोपहर में वह ट्रैक देखने गया था। उसे ट्रैक में खराबी दिखाई दी। मामला गंभीर था और उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया था। वह तुरंत भाग कर गेट पर पहुंचा और अपने अधिकारी को फोन किया। उन्हें ट्रैक के खराबी की जानकारी देते हुए पूछा कि कॉशन लगा है कि नहीं। दूसरी तरफ से अधिकारी ने कहा कि कॉशन लगने वाला है। इस पर की मैन ने कहा कि बहुत डेंजर स्थिति है। आसने ने जेई से कॉशन लगाने के लिए कहा था लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गयी।

लगाया गया था कॉशन

रेल अधिकारियों का कहना है कि कॉशन लगाया गया था और ट्रेन को 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गुजरना था। लेकिन जब चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस घटनास्थल से गुजरी तो उसकी स्पीड 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अधिक थी। ऐसे में माना जा रहा है कि रेलवे के अफसरों ने समय रहते कॉशन नहीं लगाया जिससे ट्रेन के चालक को ट्रैक में खराबी की जानकारी नहीं मिल सकी। रेलवे की जांच टीमें इन बिंदुओं की गहनता से पड़ताल कर रही हैं।

तीन समितियों की निगरानी में होंगे सामूहिक विवाह

एसओपी के तहत आयोजन के लिए अधिकृत संस्थाएं भी तय, विभाग रख रहा है फूंक-फूंक कर कदम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



▸▸ मुख्य विकास अधिकारी होंगे समिति के अध्यक्ष

▸▸ समारोह की व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी समिति की होगी

अमृत विचार: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में पिछले बार हुई गड़बड़ियों से सबक लेते हुए समाज कल्याण विभाग ने आयोजन के लिए एसओपी (मानक ऑपरेटिंग प्रक्रिया) बनाई है। गड़बड़ियां रोकने के लिए विभाग अब फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। इसी के मद्देनजर विभाग ने विवाह आयोजनों को लेकर एसओपी जारी की है। एसओपी में कहा गया है कि जिला स्तर पर तीन समितियां पूरे सामूहिक विवाह कार्यक्रमों पर नजर रखेंगी।

एसओपी के अनुसार पहली विवाह कार्यक्रम समिति होगी। इस समिति का अध्यक्ष जिले के मुख्य विकास अधिकारी और सचिव सदस्य जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे। समिति सदस्यों में मुख्य कोषाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी और पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी सहित समिति में सात सदस्य होंगे। समिति में दो सदस्य महिला अधिकारी होंगी। कार्यक्रम स्थल तय करने सहित समारोह की अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी इसी समिति की होगी। दूसरी होगी सामूहिक विवाह अनुदान स्वीकृति समिति और तीसरी समिति होगी जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति। इन दोनों समितियों के अध्यक्ष डीएम और सचिव जिला समाज कल्याण अधिकारी होंगे।

चार संस्थाएं ही आयोजन को अधिकृत

अमृत विचार : एसओपी में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिए चार संस्थाओं को अधिकृत किया गया है। पहली संस्था नगरीय निकाय (नगर पंचायत, नगर पालिका परिषद और नगर निगम) है। दूसरी संस्था क्षेत्र पंचायत और तीसरी संस्था जिला पंचायत कार्यक्रम के लिए अधिकृत की गई है। चौथी संस्था के रूप में डीएम और जिला समाज कल्याण अधिकारी को अधिकृत किया गया है। यह दोनों अधिकारी अपनी देखरेख में सामूहिक विवाह का आयोजन करा सकते हैं। तय किया गया है कि समाज कल्याण निदेशालय जिलों की आबादी और वहां अनुसूचित जाति के प्रतिशत के आधार पर हर वर्ष विवाह के लिए लाभार्थियों का लक्ष्य तय करेगा और आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पचास फीसदी धन राशि अप्रैल महीने में ही जिले को मुहैया करा दी जाएगी।

कम से कम 10 जोड़ें

अमृत विचार : एसओपी में स्पष्ट किया गया है कि सामूहिक विवाह समारोह में कम से कम दस जोड़ों की शादी या निकाह होंगे। साथ ही राय भी गई है कि एक आयोजन में अधिकतम सौ जोड़ों को ही रखा जाए। निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक दस जोड़ों पर एक पुरोहित या मौलवी की व्यवस्था विवाह कार्यक्रम समिति की ओर से की जाएगी। एसओपी के साथ सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल का एक संभावित मैप भी भेजा गया है। मैप के जरिए बताया गया है कि आयोजन में अतिथियों के बैठने की व्यवस्था कहां होगी। कहां जोड़ों की शादियां होगी। किस स्थान पर अतिथियों के भोजन की व्यवस्था होगी और पंडाल में कितने प्रवेश और निकास के द्वार होंगे।

गोंडा ट्रेन हादसे में मृत नाबालिग का शव ले गये परिजन

अमृत विचार, लखनऊ: गोंडा में ट्रेन हादसे में घायलों में शामिल नाबालिग को गंभीर हालत में केजीएमयू लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

चौक पुलिस के मुताबिक, यादव नगर मुरह मधेपुरा बिहार निवासी राकेश कुमार (17) भी गोंडा में हुये ट्रेन हादसे में घायल हो गया था। यहां पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे फूफा मिथिलेश ने बताया राकेश अपने चाचा संतोष व पलेंद्र के साथ देहरादून में रहकर काम करता था। वह लोग ट्रेन से वापस घर जा रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गया था। परिजन शव लेकर घर चले गये। राकेश के परिवार में पिता मंटू, मां ललिता और एक भाई विपिन है।

तो क्या घुसपैठियों के लिए बना दिए हजारों निवास प्रमाणपत्र

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ असम की जेल में कथित पीएफआई सदस्य के पास मिला था सलोन का प्रमाणपत्र

▸▸ केरल की सुरक्षा एजेंसियों ने की थी जांच, अब एटीएस के बाद एनआईए सक्रिय

अमृत विचार: रायबरेली के सलोन स्थित पाल्हीपुर में 19 हजार के करीब निवास प्रमाणपत्र बन जाना सामान्य घटना नहीं है। यह देश को अस्थिर करने की एक सुनियोजित योजना लगती है। नींद में रहा रायबरेली प्रशासन उस समय जगा जब केरल की सुरक्षा एजेंसी के साथ देश की कई सुरक्षा एजेंसियों ने इस गांव में चहलकदमी शुरू कर दी। इस घटना के तार प्रतिबंधित संगठन पीएफआई से जुड़ते हुए नजर आ रहे हैं। खुलासे की धुंधली शुरुआत तबसे हुई जब असम की जेल में बंद एक कथित पीएफआई सदस्य की आईडी में सलोन के पाल्हीपुर गांव के नाम का जिक्र मिला और केरल की सुरक्षा एजेंसियां पाल्हीपुर गांव पहुंची।

विधायक ने भांप लिया था हालात: सलोन विधायक अशोक कुमार को घटना का अंदाजा उसी समय लग गया था, जब केरल की सुरक्षा एजेंसियों ने पूछताछ शुरू की थी। विधायक ने शक के आधार पर पहले रियाज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कराने का प्रयास किया, लेकिन बीडीओ और एसडीएम ने उस समय घटना की संवेदनशीलता नहीं समझी। रियाज जो कि ग्राम पंचायत अधिकारी विजय यादव के आईडी पर लगातार निवास प्रमाणपत्र बना रहा था, के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोई तैयार नहीं हो रहा था। बाद में विधायक स्वयं कोतवाली पहुंचे और मौके पर बीडीओ से विजय यादव और रियाज के खिलाफ तहरीर मंगाई और एफआईआर दर्ज कराया। उन्होंने डीएम, एसपी के अलावा एटीएस, एनआईए जैसी सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क किया और पूरा प्रकरण अवगत कराया। एसएचओ द्वारा असहयोग करने पर फटकार भी लगाई। उन्होंने बताया कि इस घटना के प्रति स्थानीय प्रशासन का रवैया पता नहीं क्यों बहुत लचीला था। हालांकि जब शासन स्तर पर सूचना पहुंचाई गई तब जिला प्रशासन मुस्तैदी से सक्रिय हुआ।

> इसमें अब कोई शक नहीं है कि यह सभी प्रमाणपत्र घुसपैठियों के लिए बनाए गए हैं। 3 दिन तक प्रयास करता रहा फिर जाकर कार्रवाई शुरू हुई। मैं विभिन्न जांच एजेंसियों में कार्यरत रहा हूं। काफी प्रयास के बाद जांच शुरू करा पाया हूं। सलोन में जो कांड हुआ है वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत बड़ी साजिश है। मैं सुरक्षा एजेंसियों के लगातार संपर्क में हूं।
>
> **-अशोक कुमार,** विधायक, सलोन

कहां से हुई चूक

जानकारी के मुताबकि ग्राम विकास अधिकारी विजय सिंह यादव उसी क्षेत्र में जीशान के घर पर किराए पर रहता था। विजय के मोबाइल पर ही ओटीपी आती थी। नासमझी में विजय ने जीशान को ओटीपी बता देता था। सूत्रों के मुताबिक जीशान प्रत्येक प्रमाणपत्र के लिए उसे रिश्वत देता था, जिसे पाकर वह खुश हो जाता था। लेकिन उसे यह नहीं पता था कि इसकी आड़ में देश विरोधी गतिविधियां चल रही हैं। हजारों की संख्या में अवैध प्रमाणपत्र जारी होकर गंतव्य तक पहुंच चुके हैं। एटीएस और एनआईए ने अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी है। सभी रिकॉर्ड जांच के लिए मंगाए जा रहे हैं।

राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रतापगढ़ निवासी द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक ने लगाया धोखाधड़ी व साजिश का आरोप

अमृत विचार: हजरतगंज कोतवाली में कुंडा सीट से विधायक रघुराज प्रताप सिंह की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, साजिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामला प्रतापगढ़ भदरी हाउस में रहने वाले एवं द प्रापर्टीज कंपनी के पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने दर्ज कराया है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि भानवी हजरतगंज शाहनजफ रोड भदरी हाउस में रहती हैं। 17 नवंबर 2007 को भानवी ने अपने आवास को कार्यालय दिखाकर दा प्रापर्टीज कंपनी बनाई थी। कंपनी में भानवी व अन्य के साथ ही वह भी निदेशक नियुक्त हुए थे। कंपनी में लगातार वृद्धि एवं लाभ देखकर भानवी लालच आ गईं।

कंपनी पर एकाधिकार करने की मंशा से भानवी उन पर इस्तीफा देने का दबाव बनाने लगीं। विरोध पर धमकी देती थीं। भानवी ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर साजिश कर कीमती शेयर की प्रकृति बदलकर फर्जी हस्ताक्षर बनाकर उनका त्यागपत्र तैयार किया। 27 फरवरी 2017 को भानवी ने भदरी हाउस कार्यालय में बोर्ड की बैठक में फर्जी त्यागपत्र दिखाते हुए प्रस्ताव पारित कर दिया।

प्रस्ताव को अनुमोदित कर अपनी पुत्री को निदेशक नियुक्त कर कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय को सूचना दे दी। 24 जुलाई 2017 को पोर्टल से उन्हें इसकी जानकारी हुई तो कंपनी रजिस्ट्रार कार्यालय कानपुर को फर्जी तरीके से बनाए गए त्यागपत्र को निरस्त कराने प्रार्थना पत्र दिया। तो भानवी व उनके सहयोगी जान से मारने की धमकी देने लगे। डर से पैरवी करनी बंद कर दी। अब कुछ माह से भानवी कंपनी के बचे शेयर भी सरेंडर करने का दबाव बना रही हैं।

अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया

आशुतोष ने आरोप लगाया कि भानवी ने उनके जाली हस्ताक्षर से शेयर में हेराफेरी कर अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया है। पुलिस उपायुक्त मध्य रवीना त्यागी ने बताया मामले में भानवी सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

समाजवादी सरकार में ही युवाओं का भविष्य है

अमृत विचार, लखनऊ। सपा के अखिलेश यादव ने कहा कि उपचुनाव में पीडीए(पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को सामने रखकर जनता के बीच जाकर फिर सपा को विजयी बनाना है। साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। चुनावों में युवाओं की निर्णायक और महत्वपूर्ण भूमिका होगी। बिना समाजवादी सरकार के युवाओं का कोई भविष्य नहीं है। सपा प्रमुख, शनिवार को पार्टी मुख्यालय में समाजवादी युवा संगठनों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में है। उच्चशिक्षितो के लिए भी नौकरी नहीं रह गई है वे डिलीवरी ब्वाय बनकर रह गए हैं। युवा, नौजवान अपनी रोजी रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है।

पहली तिमाही में घट गए ढाई लाख निराश्रित

अमृत विचार : पेंशन योजनाओं समेत अन्य को पारदर्शी बनाने और गड़बड़ियों को रोकने के लिए समाज कल्याण विभाग नियमों को सख्त करता जा रहा है। विभाग की सख्ती और पेंशन देने से पहले कराए गए सर्वे का ही नतीजा है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में ही निराश्रित महिला पेंशन योजना में 2 लाख 49 हजार 934 निराश्रित पेंशनर्स घट गए। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-2024 में 28,62,724 पात्रों को पेंशन का लाभ दिया गया।

मेजा व बारा की दो इकाइयां ठप बिजली संकट बढ़ा

अमृत विचार, लखनऊ : मेजा व बारा बिजलीघरों की दो इकाइयां ठप होने से प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया है। दोनों इकाइयों के जल्द चालू होने की संभावना जताई जा रही है। उधर, गांवों में छह घंटे की घोषित कटौती के कारण ग्रामीण परेशान रहे। स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित रही। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि मेजा व बारा की 660 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद हो गई हैं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में 1122 मेगावाट बिजली का उत्पादन कम हो गया है, जबकि उमस के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार को बिजली की अधिकतम मांग 29303 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि न्यूनतम मांग 19,481 मेगावाट रही।

वर्ग पहेली-137

बाएं से दाएं

1. नित्य और सदा दूध देने वाली गाय 2. अच्छी गाय।
3. 1. जलाना, भस्म करना 2. नष्ट करना 3. बहुत कष्ट या दुख देना, संतप्त करना।
4. 1. कुल, सब 2. इकट्ठा किया हुआ, एक में मिलाया हुआ, सामूहिक।
6. 1. असावधानी या उदासीनता के कारण होने वाली भूल, त्रुटि 2. भूलने की क्रिया 3. भूल या चूक से शेष रह गया काम।
8. 1. बाज़ार का; बाज़ार से संबंधित, बाज़ार में होने वाला 2. बाज़ारू, साधारण, मामूली।

ऊपर से नीचे

2. 1. चतुरता, होशियारी 2. विवेकशीलता, बुद्धिमत्ता।
4. कब्ज़ा किया हुआ, अधिकृत, अधीन।
5. 1. मूल रूप से, आदि में 2. संपूर्णत:।
7. किसी को कुछ ताड़ने में प्रवृत्त करना, ताड़ने का काम कराना, किसी को किसी के कार्य को भांपना



वर्ग पहेली -136 का हल

1 आ	जा	नु	2 बा	हु	■
इं	■	■	ज़ा	■	3 सं
दा	■	■	र	■	चे
■	4 अ	नु	वा	दि	त
■	नु	■	द	■	ना
5 क़	रा	र	■	6 धा	■
■	धा	■	7 ना	न	क

सुडोकू -50

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1		8				3
			6	1		4		8
	7		9			1		
1	2			5		9		
9		3				8		2
		8		4			6	1
		7			3		8	
5		2		9	1			
6				2		7		

सुडोकू -49 का हल

5	1	7	8	9	6	4	2	3
3	2	6	4	1	5	9	8	7
9	4	8	2	7	3	5	6	1
6	5	4	3	2	1	8	7	9
8	3	2	9	4	7	1	5	6
7	9	1	5	6	8	3	4	2
1	6	9	7	8	4	2	3	5
4	7	5	1	3	2	6	9	8
2	8	3	6	5	9	7	1	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 21 जुलाई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पूर्णिमा 15.46 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 22 जुलाई 12.14 तक तत्पश्चात श्रवण।

मेष — आज निजी व्यापार में कुछ बदलाव कर सकते हैं। कमीशन संबंधी कार्यों से धन लाभ होगा। आपको अपना मन शांत रखने की आवश्यकता है। यदि आप प्राइवेट जॉब करते हैं तो आपको किसी बड़े प्रोजेक्ट्स में भेजा जा सकता है।

वृष — आज बच्चे घर के बड़े बुजुर्गों के साथ समय बिताएंगे। आपको नए कार्यों में जुटना पड़ सकता है। आपका मन शांत रहेगा। आपको कार्यक्षेत्र में यश और सम्मान प्राप्त होगा। फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों को उच्च आर्थिक लाभ हो सकता है।

मिथुन — आज संवादहीनता के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। इसीलिए आपको अपनी बात सावधानी से रखनी चाहिए। दूसरों की कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। धर्म-कर्म में आप रुचि लेंगे। महिला जातकों का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कर्क — आज आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। परिवार में आपके अधिकार बढ़ेंगे। कार्यकुशलता के कारण कार्यक्षेत्र में बहुत ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दांपत्य संबंधों का आनंद उठाएंगे। बच्चे आपकी आज्ञा का पालन करेंगे।

सिंह — आज लवमेट्स के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। कारोबार की बाधाओं को निपटाने में व्यस्त रहेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। परिजन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे।

कन्या — आज व्यापार में प्रतिद्वंदिता बढ़ने की आशंका है। मित्रों से अपने मन की बातें अवश्य शेयर करें। बच्चे अपनी माता का अनुकरण करेंगे। अटके हुए कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है।

तुला — आज सहकर्मी आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे। बेवजह गुस्से के कारण आपको कठिनाई झेलनी पड़ेगी। संपत्ति में निवेश करने वालों को अच्छी डील मिल सकती है। सोशल मीडिया के माध्यम से आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

वृश्चिक — आज मार्केटिंग क्षेत्र में नौकरी कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है। धर्म-शास्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। कारोबार में मित्रों की मदद लेनी पड़ सकती है। आपको मनचाहा काम मिल सकता है।

धनु — आज आपको उधार वापस लौटाना पड़ सकता है, जिसके कारण आपके कुछ काम रुक भी सकते हैं। आपके द्वारा की गई छोटी-छोटी गलती को लोग बड़ा करके दिखाने का प्रयास करेंगे। अपनी कार्यक्षमता को सिद्ध करने का दबाव रहेगा। प्रेम संबंध मुश्किल में पड़ सकते हैं।

मकर — आज अटके हुए काम बनने से खुशी मिलेगी। नए वस्त्र और आभूषण खरीद सकते हैं। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन अवश्य लें। आपके विचारों का लोग आदर करेंगे। जीवनसाथी से उपहार प्राप्त हो सकता है।

कुंभ — आज पारिवारिक कलह से छुटकारा मिलेगा। तनाव से बचने के लिए अच्छी नींद अवश्य लें। आप नए परिवर्तनों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे। कड़वी भाषा का प्रयोग करने से संबंध बिगड़ सकते हैं। जीवनसाथी का मूड खराब हो सकता है।

मीन — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के सहयोग से आपके काम हो जाएंगे। आपका दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। कारोबार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा को लेकर थोड़े विचारशील होंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
हैसियत — सुबह : 10.42
भारत — रात : 07.41
रक्षाबंधन — सुबह : 11.37
साइना — रात : 08.00

&pictures

SONY PIX
द मैकेनिक — सुबह : 11.29
जॉन रैम्बो — रात : 07.33

ZEE CINEMA
रमैया वस्तावैया — सुबह : 11.23
जवान — रात : 08.00

colors CINEPLEX
एसीपी शिवा — दोपहर : 12.47
ना सामी रंगा — रात : 07.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

एक नजर

सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सुकमा के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में जगरगुंडा एरिया कमेटी के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात डीआरजी के दल को गश्त पर रवाना किया गया। गश्ती दल शनिवार सुबह तुमार गट्टा और सिंगावराम गांव के जंगल में पहुंचा तो नक्सलियों ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद नक्सली भाग निकले। सुरक्षाबलों की तलाशी में एक नक्सली का शव, एक भरमार बंदूक, वायरलेस सेट, भारी मात्रा में विस्फोटक और अन्य सामान मिला।

दाऊद इब्राहिम गिरोह के दो सदस्यों को जमानत

मुंबई। मुंबई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने 11 जुलाई के आदेश में महाराष्ट्र एटीएस की ओर से अगस्त 2022 में गिरफ्तार किए गए दो लोगों को जमानत दे दी है। एटीएस ने दावा किया है कि फैज भिवंडीवाला और परवेज वईद, दाऊद इब्राहिम गिरोह के सदस्य है। पीठ ने कहा कि सरकारी वकील ने एटीएस के निर्देश पर बयान दिया कि आरोपपत्र में यूएपीए के तहत आरोपों को स्थापित करने वाली कोई सामग्री नहीं है जो आतंकवादी कृत्य करने और अपराध के लिए धन एकत्र करने से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एक आरोपी से कथित तौर पर जब्त किया गया प्रतिबंधित मादक पदार्थ कम मात्रा में था। अदालत ने भिवंडीवाला और वईद को 50-50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर दिया।

अंधविश्वास के खिलाफ याचिका दाखिल

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें अंधविश्वास, जादू-टोने और ऐसी अन्य कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिए उचित कदम उठाने के उद्देश्य से केंद्र और राज्यों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। याचिका में कहा गया है कि समाज में प्रचलित अवैज्ञानिक कृत्यों को समाप्त करने के लिए अंधविश्वास एवं जादू-टोना रोधी कानून की आवश्यकता है। इसमें फर्जी संतों को लोगों का शोषण करने से रोकने के संबंध में भी कदम उठाने के लिए अनुरोध किया गया है। अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका में केंद्र और राज्यों को संविधान के अनुच्छेद-51ए की भावना के अनुरूप नागरिकों में वैज्ञानिक सोच-समझ, मानवीयता और जांच-पड़ताल की भावना विकसित करने की दिशा में कदम उठाने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

खनन मामले में विधायक पंवार गिरफ्तार

गुरुग्राम से गिरफ्तार किए गए कांग्रेस नेता, हिरासत के लिए कोर्ट से अनुरोध करेगी ईडी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता एवं हरियाणा के विधायक सुरेंद्र पंवार (55) को अवैध खनन से जुड़े धन शोधन मामले में गुरुग्राम से शनिवार तड़के गिरफ्तार कर लिया। उन्हें अंबाला में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा, जहां से हिरासत में भेजने का अनुरोध किया जाएगा।

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी यमुनानगर और उसके आसपास के जिलों में पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन को लेकर हरियाणा पुलिस ने कई प्राथमिकी दर्ज की थी। धन शोधन का यह मामला भी इसी से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी ई-रवाना योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है। ई-रवाना एक ऑनलाइन पोर्टल है, जिसे हरियाणा सरकार ने रॉयल्टी और कर संग्रह आसान बनाने तथा खनन क्षेत्रों में कर चोरी रोकने के लिए 2020 में शुरू किया था। अनुमान लगाया गया है कि कथित अवैध खनन के जरिये कुछ वर्षों में लगभग 400-500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित किया गया है।

- प्रतिबंध के बाद भी खनन करने के आरोप में दर्ज हुई कई प्राथमिकी
- 400 से 500 करोड़ रुपये का अवैध धन अर्जित करने का आरोप

1.42 करोड़ नकद, फ्लैट तथा जमीन के दस्तावेज जब्त

ईडी ने कहा कि उसने बैंक-ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन की जांच में हरियाणा कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके बेटे और कुछ व्यावसायिक इकाइयों के खिलाफ छापेमारी में 1.42 करोड़ नकद, 30 से अधिक अघोषित फ्लैट और जमीन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। विधायक, उनके परिवार, एक संबद्ध कंपनी सनसिटी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, एलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड (एएसएल) और इसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल और कुछ अन्य के खिलाफ दिल्ली, जमशेदपुर (झारखंड), हरियाणा के महेंद्रगढ़ और गुरुग्राम में 18 जुलाई को छापेमारी की। धन शोधन की जांच आरोपियों के खिलाफ दर्ज सीबीआई की प्राथमिकी पर आधारित है। इसमें आरोपियों पर धन की धोखाधड़ी करने, आपराधिक धांधली, आपराधिक विश्वासघात और ठगी कर केनरा बैंक के नेतृत्व वाले बैंकों के संघ को 1,392.86 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा तकनीक पर अतिनिर्भर होने का दुष्परिणाम : चंद्रचूड़

मदुरै (तमिलनाडु), एजेंसी

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि माइक्रोसॉफ्ट आउटेज में दिखा कि तकनीकी निर्भरता के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ की स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हर कोई जानता है कि मैं प्रौद्योगिकी के लाभों का समर्थक हूं। कल ही हमने तकनीकी निर्भरता के प्रतिकूल प्रभाव देखे। माइक्रोसॉफ्ट आउटेज से पूरे देश में उड़ानें रद कर दी गईं लेकिन मुझे लगता है कि यह मदुरै के लोगों का प्यार है जो मेरी पिछली यात्रा के दौरान मुझ पर बरसाया, जिसने आज आप सभी के बीच मेरी उपस्थिति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि मदुरै को थुंगा नगरम या ऐसा शहर कहा जाता है, जो कभी नहीं सोता, क्योंकि इसके बाजार हमेशा लोगों के लिए खुले रहते हैं। यह इस महान शहर की आमंत्रित और मेहमाननवाज़ संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मद्रास उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ के लिए मदुरै को चुना गया। इस अर्थ में, मदुरै शाश्वत प्रतीक है कि न्याय कभी नहीं सोता है। सीजेआई ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य के लिए एक उच्च न्यायालय होगा, लेकिन यह सोचना बहुत बड़ी गलती होगी कि मद्रास उच्च न्यायालय विशेष रूप से मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों का प्रभाव तमिलनाडु राज्य तक ही सीमित है। देश भर के वकील, न्यायाधीश और नागरिक मदुरै बेंच से आने वाले निर्णयों को बहुत प्रशंसा के साथ देखते हैं। बार के साथ-साथ उच्च न्यायालय की पीठ के न्यायाधीश केवल 20 वर्षों की छोटी अवधि में ऐसी प्रतिष्ठा स्थापित करने में सक्षम हुए हैं।

- सीजेआई ने मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ के 20 वर्ष पूरे होने पर हुए समारोह को किया संबोधित

भीषण गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और जवान की मौत

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात में भारत-पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गश्त के दौरान हरामी नाला क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी से बीएसएफ के एक अधिकारी और एक जवान की मौत हो गई। बीएसएफ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शुक्रवार को हुई और सहायक कमांडेंट विश्व देव और हेड कांस्टेबल दयालराम को तापघात हो गया था। विश्व देव बीएसएफ की 59वीं बटालियन से थे। दोनों को भुज के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। इस साल मई में जैसलमेर (राजस्थान) में बीएसएफ के एक जवान की भीषण गर्मी से जान चली गई थी। बीएसएफ के गांधीनगर स्थित गुजरात फ्रंटियर के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों कर्मी बल के अन्य सदस्यों के साथ हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर सुदूर और दुर्गम इलाके में लंबी दूरी की गश्त पर थे। यह लोग भीषण गर्मी का सामना कर रहे थे। उन्हें चिकित्सा केन्द्र ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

- गुजरात में हरामी नाला के उत्तर में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर गश्त के दौरान हुई समस्या

तमिलनाडु में अमोनिया गैस लीक होने से 30 लोग बेहोश

तूतुकुडी। तमिलनाडु के तूतुकुडी जिले के पुदुर पांडियापुरम में शुक्रवार देर रात निजी समुद्री खाद्य प्रसंस्करण इकाई की कोल्ड स्टोरेज इकाई से अमोनिया गैस लीक होने के बाद 30 लोग बीमार पड़ गए। उनमें से कई लोगों को दम घुटने की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को विदेशों में प्रसंस्कृत समुद्री भोजन का निर्यात करने वाली नीला सी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में अमोनिया गैस सिलेंडर के विस्फोट होने का संदेह जताया। उन्होंने कहा कि इसके कारण गैस रिसाव होने लगा जिसके बाद 29 श्रमिकों ने सांस फूलने और मतली की शिकायत की। उनमें से कई बेहोश हो गए। इनमें ओडिशा की 16 महिला श्रमिक भी शामिल हैं। उन्हें निकालने के लिए यूनिट में पहुंचे तमिलनाडु अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग के एक कर्मी को भी सांस लेने में तकलीफ हुई। बीमार लोगों में से दो लोगों को निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

हरियाणा में आप ने की केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा

चंडीगढ़, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शनिवार को चुनावी राज्य हरियाणा के लिए केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा की। इसके तहत मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा, मुफ्त शिक्षा, राज्य की हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देना और युवाओं के लिए रोजगार है। इस साल के अंत में हरियाणा विधानसभा का चुनाव होना है।

पंचकूला में केजरीवाल की पांच गारंटी की घोषणा के दौरान सुनीता के अलावा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और आप नेता संजय सिंह और संदीप पाठक मौजूद थे। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। आप ने घरेलू इस्तेमाल के लिए मुफ्त बिजली, मोहल्ला क्लीनिक खोलने और मुफ्त चिकित्सा, शिक्षा तथा हर महिला को 1,000 रुपये प्रति माह देने समेत युवाओं के लिए रोजगार का वादा किया है।

- इसमें मुफ्त बिजली, चिकित्सा शिक्षा, हर महिला को 1,000 रुपये प्रतिमाह और रोजगार

सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए जम्मू पहुंचे सेना प्रमुख

जम्मू। जम्मू क्षेत्र के शांतिपूर्ण हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बीच सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए यहां पहुंचे। तीस जून को भारतीय सेना के 30वें प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद तीन सप्ताह से भी कम समय में सेना प्रमुख का जम्मू का यह दूसरा दौरा है।

8 और 15 जुलाई को कठुआ के माचेडी और डोडा के देसा वन क्षेत्रों में हुए दो अलग-अलग आतंकवादी हमलों में एक कैप्टन समेत नौ सैन्यकर्मी शहीद हो गए थे। अधिकारियों ने बताया कि सेना प्रमुख यहां पुलिस मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे जिसमें पुलिस, सेना, अर्धसैन्य और खुफिया विभाग के शीर्ष अधिकारी शामिल होंगे।

अंग्रेजों ने परंपराओं और पूर्वजों में आस्था को कम करने की कोशिश की : भागवत

पुणे, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को दावा किया कि 1857 के बाद अंग्रेजों ने देशवासियों की अपनी परंपराओं और पूर्वजों में आस्था कम करने का व्यवस्थित तरीके से प्रयास किया। भागवत ने कहा कि अंधविश्वास तो होता है लेकिन आस्था कभी अंधी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि कुछ प्रथाएं और रीति-रिवाज, जिनका पालन किया जा रहा है, वे आस्था हैं। कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत होती है। अंग्रेजों ने 1857 के बाद हमारे मन से आस्था को खत्म करने के लिए व्यवस्थित प्रयास किए। उन्होंने हमारी अपनी परंपराओं और पूर्वजों में जो आस्था थी, उसे खत्म कर दिया। भागवत ने जीबी देगलुरकर की पुस्तक के विमोचन पर कहा कि भारत में जो मूर्ति पूजा होती है, वह आकार से परे जाकर निराकार से जुड़ती है। इसीलिए मूर्तियों के रूप में एक आकार बनाया जाता है। भारत में मूर्तियों के चेहरों पर भावनाएं होती हैं, जो कहीं और देखने को नहीं मिलतीं हैं।

- आरएसएस प्रमुख बोले- कुछ प्रथाएं एवं रिवाज गलत हो सकते हैं और उन्हें बदलने की जरूरत

लोक सेवकों पर विश्वास कम नहीं होने दे सकते: हाईकोर्ट

मुंबई, एजेंसी

बंबई हाईकोर्ट ने पूर्व तहसीलदार से वसूली और उसकी मानहानि के आरोप में सामाजिक कार्यकर्ता के खिलाफ दर्ज मामला रद करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि वह लोगों का लोकसेवकों पर से भरोसे को कम नहीं होने दे सकते।

न्यायमूर्ति एएस गडकरी और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने एक जुलाई के अपने फैसले में सोलापुर के सामाजिक कार्यकर्ता अजित कुलकर्णी की याचिका को रद कर दिया। आदेश की प्रति शनिवार को उपलब्ध कराई गई। मोहोल तहसील कार्यालय के पूर्व तहसीलदार प्रशांत बेदासे ने लोक सेवक के खिलाफ बल प्रयोग करने, उसे अपने कर्तव्य पालन से रोकने, वसूली और मानहानि के आरोप में कुलकर्णी के खिलाफ दिसंबर 2022 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

- पूर्व तहसीलदार से वसूली और मानहानि के आरोप में दर्ज मामला रद करने से कोर्ट का इनकार

रीट-2021 प्रश्न पत्र लीक: तीसरे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने 2021 में राजस्थान शिक्षक योग्यता परीक्षा (रीट) का प्रश्न पत्र में कथित तौर पर लीक होने से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

केंद्रीय एजेंसी ने बताया कि राजू राम इराम को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जयपुर में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई करने वाली एक विशेष अदालत ने उसे तीन दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी ने इससे पहले मामले के संबंध में सहायक प्रोफेसर प्रदीप पाराशर और उनके सहायक रामकृपाल मीणा को गिरफ्तार किया था। ईडी के अनुसार इराम ने एक आरोपी से रीट-2021 का लीक हुआ प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए अपने साथियों को दे दिया था। एजेंसी ने कहा कि आरोपी ने अपने सहयोगियों की मदद लेकर जोधपुर में बड़ी धनराशि के बदले विभिन्न अभ्यर्थियों को लीक हुआ पेपर दिखाने व पढ़ाने की व्यवस्था की।

- आरोपी ने लीक प्रश्नपत्र प्राप्त कर परीक्षार्थियों को बांटने के लिए अपने साथियों को दे दिया था

कारोबार/कृषि

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूं दड़ा 2450-2460 आर. आर. 21 2550-2600 गेहूंफारम 2600-2700 जौ 2300-2400 ज्वार 2000-4000 बाजरा 2100-2150 मकाई 2200-2400 **दलहन (प्रति क्वि.)** चना 6300-6400 अरहर 9000-10000 मसूर 5500-5600 मटर 3700-3800 उड़दहरा 11000-11500 उड़द काला 8000-9000 मूंग 8000-8200 **दाल (प्रति क्वि.)** अरहर फूल 16300-16400 अरहर स्पेशल 13900-14000 चना दाल 8000-8100 मटर दाल 4450-4550 मसूर मलका 7150-7225 मसूर दाल 7375-7425 उड़द दाल 9000-13300 उड़द धोवा 10000-13000 मूंगदाल 8100-9700 मूंग धोवा 9700-11000 **चावल (प्रति क्वि.)** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02.7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** आटा1460-1500 मैदा 1420-1470 सूजी 1480-1520 **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** शाहपसंद 1380-1420 **तिलहन (प्रति क्वि.)** लाही 5600-5800 अलसी 4500-4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 11000-11500 मूंगफली दाना शिवपुरी 9300-10800 बटाली 8600-10100 सेहुआं 4000-4500 **तेल (प्रति क्वि.)** सरसों कोल्हू 12200-12300 अलसी 10100-10200 अण्डी 12800-13000 **रिफाइण्ड (प्रति टिन)** सोयाबीन 1570-1569 **खली (प्रति क्वि.)** सरसों 2550-2600 अलसी 4900-5000 अण्डी 1400-1450 **वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.)** बावर्ची 1565-1564 मयूर 1565-1564 **गुड़ (प्रति क्वि.)** मंगलौरलडडू 4900-4950 देशी भेली 4600-4700

सर्राफा

कानपुर

चांदी 999 (प्रति किलो)	91300
सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल	95000
सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोनाबिस्कुट (दस ग्राम)	75150
गिन्नी (प्रति नग)	56000-56200

घर खरीदने वालों के लिए कर में छूट बिल्डरों को प्रोत्साहन की सिफारिश

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने बजट होने से पहले सरकार से किया अनुरोध

नई दिल्ली, एजेंसी

रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई ने शनिवार को सरकार से आम बजट में घर खरीदने वालों को कर में छूट देने का अनुरोध किया। साथ ही निकाय ने बिल्डरों को प्रोत्साहन देने और रियल एस्टेट परियोजनाओं को शुरू करने की मंजूरी की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह किया।

क्रेडाई ने कहा कि उसने रियल एस्टेट क्षेत्र की वृद्धि के लिए सरकार को विभिन्न सिफारिशें दी हैं। ये किफायती आवास परियोजनाओं में निवेश करने वाले डेवलपर के लिए मंजूरी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सब्सिडी जैसे उपायों के महत्व पर जोर देती हैं। क्रेडाई अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा कि जीडीपी, रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास में अपने महत्वपूर्ण योगदान के चलते भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र एक अनुकूल बजट की उम्मीद करता है। यह ऐसा बजट होना चाहिए जो दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करे और टिकाऊ वृद्धि का आधार हो। हमने घर खरीदारों के लिए ब्याज छूट में वृद्धि, सीएलएसएस (क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना) को फिर से शुरू करने और किफायती आवास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

- परियोजनाओं को शुरू करने की प्रक्रिया को आसान बनाने का आग्रह

स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और नवाचार को बढ़ावा दे सरकार

नई दिल्ली। बजट से पहले स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भारत में मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तैयार करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि, बुनियादी ढांचे और नवाचार की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा उद्योग को बजट से अधिक उम्मीद है। इसमें अच्छे इलाज, गुणवत्ता में वृद्धि और शोध तथा विकास पर जोर देना चाहिए। एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स - इंडिया (एएचपीआई) के महानिदेशक डॉ गिरधर ज्ञानी ने कहा, उभरते स्वास्थ्य खतरों से निपटने और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए सरकारी खर्च में वृद्धि जरूरी है। सरकार को स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और पोषण पर ध्यान केंद्रित करते हुए स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण को प्राथमिकता देनी चाहिए।

रसायन उद्योग की चुनौतियों के समाधान को हस्तक्षेप जरूरी : नड्डा

नई दिल्ली। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग की चुनौतियों का समाधान करने के लिए हस्तक्षेप करेगी। इस क्षेत्र की वृद्धि के लिए नीतियों एवं कार्यक्रमों के जरिए जरूरी उपाए किए जाएंगे।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री की इच्छा है कि हमें 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। यदि हमें इसको हासिल करना है तो हमें अपने कार्यक्रमों या नीतियों को उसी के अनुसार बनाना होगा। पेट्रो रसायन उद्योग को भी इसी के अनुरूप योजना बनानी होगी। मंत्री ने कहा कि उद्योग प्रतिनिधियों ने रसायन एवं पेट्रोरसायन उद्योग के समक्ष चुनौतियों के बारे में बात की है तथा उन मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न सुझाव भी दिए हैं।

ईपीएफओ ने अपर्याप्त आईटी बुनियादी ढांचे पर जताई चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्मचारी भविष्य निधि अधिकारी संघ ने सेवानिवृत्ति निधि निकाय के सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए केंद्रीय श्रम मंत्री से हस्तक्षेप की मांग की है। मंत्री को लिखे पत्र में ईपीएफ अधिकारी संघ (ईपीएफओए) ने कहा कि वह ईपीएफ आईटी बुनियादी ढांचे- सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर, आईटी जनशक्ति को उन्नत करने के लिए तत्काल हस्तक्षेप के लिए नियमित रूप से अनुरोध कर रहा है।

पुराने तंत्र से ईपीएफ के कर्मचारियों पर भारी दबाव पड़ रहा है और ईपीएफओ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने कहा कि स्थिति अब गंभीर हो गई है, क्योंकि अधिकारी और कार्यालय प्रतिदिन महत्वपूर्ण प्रणालीगत खामियों के बारे में बता रहे हैं। इसमें कहा गया कि ईपीएफओ का अपर्याप्त आईटी तंत्र और इससे सेवा संबंधी बाधाएं ईपीएफ सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं। ईपीएफओ एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर इसकी सेवा वितरण अवसंरचना के आधारभूत घटक के रूप में कार्य करता है।

ईपीएफओ ने कहा कि हाल के दिनों में सॉफ्टवेयर में भारी अस्थिरता देखी गई है, जिसके तहत बार-बार व्यवधान आया है। इससे पहले, ईपीएफओ प्रबंधन ने सॉफ्टवेयर के प्रदर्शन संबंधी समस्याओं के लिए उपयोगकर्ता लॉगिन को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि उपयोगकर्ताओं के अधिक न होने पर भी प्रणाली धीमी या ठप हो जाती है।

- केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर हस्तक्षेप करने की मांग की, पुराने तंत्र से कर्मचारियों पर पड़ रहा भारी दबाव

डाटा खपत में रिलायंस जियो बना दुनिया का नंबर 1 नेटवर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर रिलायंस जियो दुनिया भर में डाटा खपत के मामले में नंबर वन कंपनी बन गई है। कंपनी के जून तिमाही के नतीजों में इस बात का खुलासा हुआ कि जियो नेटवर्क पर डाटा खपत तिमाही में 44 एक्साबाइट यानी 4400 करोड़ जीबी से आगे निकल गयी है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 33 फीसदी का उछाल है।

देश में पहली बार किसी टेलीकॉम नेटवर्क पर ग्राहक औसतन प्रतिदिन 1 जीबी से कुछ अधिक डाटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। कंपनी की शनिवार को जारी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार जियो 5जी नेटवर्क से जुड़े 13 करोड़ ग्राहक बड़ी तादाद में डाटा का उपयोग करते हैं। जियो के 49 करोड़ ग्राहक हैं, जिनमें से चार करोड़ ग्राहक पिछले एक साल में जियो नेटवर्क से जुड़े हैं। तिमाही नतीजों पर रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च कवरेज़ वाला, किफायती इंटरनेट डिजिटल इंडिया की रीढ़ है और जियो को इसमें योगदान देने पर गर्व है।

- चीनी कंपनियों को पीछे धकेल कर जियों बढ़ा आगे, जून तिमाही के नतीजों में हुआ खुलासा

सरसों के सस्ते आयातित तेल से दाम में गिरावट, अन्य तेल पर असर नहीं

नई दिल्ली। सरसों के सस्ते आयातित तेल के कारण शनिवार को इसके दाम में गिरावट आई। हालांकि अन्य तेल तिलहन के भाव में कोई अंतर नहीं आया। सभी खाद्य तेल लागत से तीन से चार प्रतिशत कम पर बिक रहे हैं। तेल सस्ता होगा तो पशु आहार महंगा होगा, जिससे महंगाई बढ़ेगी। सस्ता आयातित तेल सरकार की मंशा के विपरीत महंगाई को बढ़ा रहा है। आयातित तेल के कारण दूध, अंडा और चिकन के दाम बढ़े हैं।

सस्ता आयातित तेल खुदरा बाजार में 100-102 रुपये प्रति लीटर की बजाय 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बेचा जा रहा है। देशी सूरजमुखी बीज की कीमत पिराई के बाद 7,220 रुपये समर्थन मूल्य के हिसाब से 150 रुपये प्रति लीटर बैठती है। हालांकि बंदरगाह पर आयातित तेल का भाव 81-82 रुपये प्रति लीटर है, जो 140-145 रुपये प्रति लीटर की दर पर बिकता है। बिनौले की 90 प्रतिशत तेल मिलें बंद हो चुकी हैं।

- सभी खाद्य तेल लागत से तीन से चार प्रतिशत कम पर बिक रहे

निर्यात को प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए दरों में वृद्धि चाहता है चाय उद्योग

कोलकाता, एजेंसी

चाय उद्योग ने विदेशी बाजारों में निर्यात को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए आरओडीटीईपी योजना के तहत दरों में वृद्धि की मांग की है। अग्रणी उद्योग निकाय भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बजट पूर्व कहा कि थोक चाय के लिए वर्तमान आरओडीटीईपी दर 1.7 प्रतिशत (फ्री ऑन बोर्ड) है, जिसकी अधिकतम सीमा 6.70 रुपये प्रति किलोग्राम है।

एसोसिएशन ने सरकार से आग्रह किया कि अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए थोक में काली चाय के लिए निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीईपी) के तहत प्रोत्साहन आधारित दर को बढ़ाए। आरओडीटीईपी योजना सुनिश्चित करती है कि निर्यातकों को उन करों और शुल्कों पर रिफंड मिले जो पहले वसूल नहीं किए जा सकते थे।

एक अन्य उद्योग संगठन भारतीय चाय संघ (टीएआई) ने सरकार को बजट पूर्व सौंपे अपने प्रस्ताव में कहा कि चाय के लिए आरओडीटीईपी दर पूर्व की पांच प्रतिशत की एमईआईएस (वाणिज्य निर्यात प्रोत्साहन योजना) से अधिक होनी चाहिए, ताकि भारतीय चाय वैश्विक बाजार में अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता बरकरार रख सके।

- आरओडीटीईपी योजना के तहत आईटीए ने की वृद्धि की मांग

एक नजर

यूक्रेन पर रूस के हमलों में कम से कम चार की मौत

कीव। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है।

जस्टिन ट्रूडो ने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कैबिनेट में बदलाव की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय से एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रूडो ने स्टीवन मैकिनॉन को कनाडा के नए श्रम और वरिष्ठ मंत्री के रूप में नामित किया, जो निवर्तमान मंत्री सीमस ओ''रेगन द्वारा छोड़ी गई रिक्ति को भरेंगे। मैकिनॉन ने हाउस ऑफ कॉमन्स में सरकार के नेता के रूप में अपनी वर्तमान भूमिका से हटकर, शुक्रवार सुबह अपनी नई भूमिका की शपथ ली।

हैती में नाव में आग लगने से 40 प्रवासियों की मौत

पनामा सिटी। उत्तरी हैती में एक नाव में आग लगने से कम से कम 40 प्रवासियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) के हवाले से यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने दैनिक ब्रीफिंग में कहा, दो दिन पहले, हाईटियन नेशनल ऑफिस फॉर माइग्रेशन के अनुसार, 80 से अधिक लोगों को लेकर नाव लबादी से तुर्क और कैकोस द्वीप समूह के लिए 250 किलोमीटर की यात्रा के लिए रवाना हुई थी।

चीन में मूसलाधार बारिश पुल ढहने से 12 की मौत

बीजिंग। चीन के पश्चिमोत्तर प्रांत शांक्सी में मूसलाधार बारिश के कारण राजमार्ग पर बने पुल के ढहने से 12 लोगों की मौत हो गयी और 31 अन्य लापता हैं। प्रांतीय प्रचार विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लगातार बारिश और बाढ़ के कारण शांग्लुओ शहर में झाशुई काउंटी स्थित पुल शुक्रवार रात करीब 20:40 बजे अचानक आंशिक रूप से ढह गया। पुल के नीचे कुल 17 कारें और आठ ट्रक जिनकियान नदी में गिर गये। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर तक 12 लोगों के शव बरामद किये हैं जबकि एक व्यक्ति को बचा लिया गया था।

रोमानिया में ट्रेन दुर्घटना में 15 लोग घायल

बुखारेस्ट। रोमानिया की राजधानी बुखारेस्ट में बासाराब स्टेशन के समीप एक ईंजन और यात्री ट्रेन के बीच टक्कर से 15 लोग घायल हो गये। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। आपातकालीन अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आठ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद 10 दमकल समेत डॉक्टरों को एंबुलेंस के साथ घटनास्थल पर भेजा है।

तीन विपक्षी दल ओली के खिलाफ देंगे मत

काठमांडू, एजेंसी

- ओली ने नेपाल के नए प्रधानमंत्री के रूप में ली है शपथ

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले केपी शर्मा ओली के रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने की परीक्षा में खरा उतरने से पहले ही तीन राजनीतिक दलों ने उनके खिलाफ मतदान करने की घोषणा की है जिनमें वह पार्टी भी शामिल है जिससे उन्होंने नाता तोड़ लिया है। ओली ने पुष्प कमल दहल प्रचंड के स्थान पर नये प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली है। प्रचंड पिछले हफ्ते प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहे थे क्योंकि ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल-यूनिफाइड मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) ने समर्थन वापस लेकर नेपाली कांग्रेस (एनसी) और अन्य दलों से हाथ मिला लिया था। एनसी संसद में सबसे बड़ी पार्टी है।

सोमवार को चौथी बार हिमालयी राष्ट्र के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले 72 वर्षीय वरिष्ठ वामपंथी नेता ओली रविवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने का प्रयास करेंगे।

मलेशिया के सम्राट सुल्तान इब्राहिम की ताजपोशी की गई

कुआलालंपुर। मलेशिया के नये अरबपति सम्राट सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर की शनिवार को परंपरा के अनुरूप तोपों की सलामी समेत पूरे धूमधाम के साथ ताजपोशी की गई। उन्होंने पांच साल के कार्यकाल के दौरान निष्पक्ष रूप से शासन करने का संकल्प लिया। वह एक अद्वितीय परिवर्तनशील राजशाही प्रणाली के तहत काम करेंगे। सुल्तान इब्राहिम (65) ने 31 जनवरी को शपथ ली थी। यहां के नेशनल पैलेस में आयोजित एक भव्य समारोह में 20 जुलाई को सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर का औपचारिक रूप से मलेशिया के 17वें सम्राट के रूप में राज्याभिषेक किया गया।

पाकिस्तान में हिंदू लड़की लापता, प्रदर्शन

कराची, एजेंसी

- सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को घर के पास से हो गई थी लापता
- सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो माता-पिता से मिलने पहुंचे

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में लापता हुई एक हिंदू लड़की के माता-पिता ने उसकी रहस्यमय गुमशुदगी के बाद उसे ढूंढ़ निकालने की मांग करते हुए यहां प्रदर्शन किया। सिंध प्रांत में सुक्कुर के पास संगरार में 19 अगस्त, 2021 को अपने घर के नजदीक मुहर्रम के जुलूस में शरबत बांटने के दौरान प्रिया कुमारी (तब सात साल की) रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। बच्ची के लापता होने से दुखी उसके पिता राजकुमार पाल और मां वीना कुमारी ने शुक्रवार को यहां क्लिफ्टन क्षेत्र में प्रसिद्ध तीन तलवार स्थल पर विरोध प्रदर्शन किया।

राज ने कहा, उन्होंने (प्रशासन के लोगों ने) एक बार फिर हमें वादा किया है कि वे हमारी बेटी की तलाश कर रहे हैं और उसे शीघ्र बरामद कर लिया जाएगा। सिंध के गृह मंत्री जिया लांग्रोव और पुलिस महानिरीक्षक जावेद ओधो उनसे मिलने पहुंचे तथा उन्हें आश्वासन दिया कि एक पूर्ण संयुक्त जांच दल जांच कर रहा है। इसके बाद पाल और उनकी पत्नी ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

कराची में हिंदू लड़की की बरामदगी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

पाकिस्तान में मिला पोलियो का 9वां मामला

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में शनिवार को इस साल पोलियो का नौवां मामला सामने आया, जिससे इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को झटका लगा है। जियो न्यूज की एक खबर के अनुसार यह मामला बलूचिस्तान प्रांत के झोब जिले का है। खबर के अनुसार प्रांत के झोब इलाके के हसनजई का डेढ़ साल का बच्चा पोलियो की चपेट में आया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रधानमंत्री के संयोजक डॉ. मलिक मुख्तार अहमद ने कहा कि इस साल देश में नौ बच्चे पोलियो से प्रभावित हुए हैं।

बांग्लादेश में कर्फ्यू लागू 100 से ज्यादा की मौत

मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें पूरी तरह से बंद

ढाका, एजेंसी

ढाका में हिंसक प्रदर्शन के बाद तैनात सेना के जवान।

- व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किए जाने की घोषणा की गई है

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के बीच राजधानी ढाका में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक देश के विभिन्न हिस्सों में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच ताजा झड़पों में कई लोग जान गंवा चुके हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने की शुरुआत में विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से अब तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बांग्लादेश इंडिपेंडेंट टेलीविजन चैनल ने शुक्रवार को 17 और लोगों की मौत की रिपोर्ट दी है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मोबाइल, इंटरनेट और फोन लाइनें बंद होने तथा पूरी तरह से संचार लॉकडाउन होने के कारण हताहतों की सटीक संख्या का पता लगाना मुश्किल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कल नरसिंगडी जेल पर हमले के बाद कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रेस सचिव नईमुल इस्लाम खान ने व्यवस्था बहाल करने के लिए सड़कों पर सेना तैनात किये जाने की घोषणा की है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि सरकार ने कर्फ्यू लगाने और नागरिक अधिकारियों की सहायता के लिए सेना तैनात करने का फैसला किया है। इस बीच पूरे देश में बस और ट्रेन सेवाएं बाधित हैं और मीडिया में प्रकाशित तस्वीरों में सड़कों पर दंगा-रोधी वर्दी में बड़ी संख्या में पुलिस को देखा जा सकता है। स्कूल और विश्वविद्यालय भी अगली सूचना तक के लिए बंद हैं। प्रदर्शनकारियों ने हालांकि अपना पूर्ण बंद जारी रखने की प्रतिज्ञा की है तथा पूरे शहर में सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है। छात्रों का तर्क है कि कोटा प्रणाली भेदभावपूर्ण है और वे योग्यता आधारित भर्ती की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने कल नरसिंगडी जिला जेल पर भी धावा बोला, जहां से कई सौ कैदियों की भागने की खबर सामने आयी है। मुख्य विपक्षी दल बंगलादेश नेशनल पार्टी ने भी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के रूप में इस्तेमाल कर रहे

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए कहा है कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने यह भी कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दोहरे मापदंडों से बचा जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में उप स्थायी प्रतिनिधि एवं प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने कहा, आप इस बात से सहमत होंगे कि जब हम अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा की बात करते हैं, तो आतंकवाद सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

- भारत ने पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा

रवींद्र ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने में संयुक्त राष्ट्र और क्षेत्रीय एवं उप-क्षेत्रीय संगठनों के बीच सहयोगः सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन (सीएसटीओ), स्वतंत्र राष्ट्रों का राष्ट्रमंडल (सीआईएस), शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) विषय पर अपने विचार रखते हुए यह बात कही। उन्होंने पाकिस्तान का परोक्ष रूप से जिक्र करते हुए कहा कि कुछ देश आतंकवाद को शासकीय नीति के एक औजार के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

भूटान को आर्थिक मदद पर विचार करेगा भारत

थिंपू, एजेंसी

- विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटानी नेताओं के साथ व्यपाक वार्ता के बाद सहमति बनी

भारत ने अगले 18 महीने में आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत भूटान को 1,500 करोड़ रुपये प्रदान करने पर सकारात्मक रूप से विचार करने के लिए सहमति जताई है। शनिवार को विदेश सचिव विक्रम मिसरी की भूटान यात्रा के अंतिम दिन और भूटानी नेताओं के साथ व्यपाक वार्ता के बाद यह सहमति बनी है।

पिछले सप्ताह कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर आए मिस्री ने भूटान के अपने समकक्ष ओम पेमा चोडेन के साथ भारत-भूटान विकास साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यान्वयन के तौर-तरीकों और सहयोग की समीक्षा की। संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में सभी स्तरों पर विश्वास, सद्भावना और आपसी समझ, मैत्रीपूर्ण संबंध और लोगों के बीच घनिष्ठ सहयोग से युक्त अनुकरणीय साझेदारी पर प्रकाश डाला गया। विज्ञप्ति में कहा गया है, भूटान सरकार ने भारत सरकार को आर्थिक प्रोत्साहन कार्यक्रम (ईएसपी) के तहत प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी दी।

उत्तरी इराक में हवाई हमले में तीन आईएस आतंकवादी मारे गए

बगदाद। इराकी युद्धक विमानों ने उत्तरी इराक में हवाई हमला किया, जिसमें किरकुक और सलादीन प्रांतों के बीच एक पहाड़ी इलाके में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के तीन आतंकवादी मारे गये। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड से संबद्ध मीडिया आउटलेट सिक्योरिटी मीडिया सेल ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों के आधार पर स्थानीय समय सुबह 5:00 बजे हवाई हमले में आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। एसएमसी के एक बाद के बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों को बमबारी स्थल पर तीन आईएस आतंकवादियों के शव मिले।

अग्निकांडः कुवैत में चार भारतीयों की मौत

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

- फ्लैट में आग लगने से दंपती और दो बच्चे हुए हादसे का शिकार

कुवैत सिटी में एक दुखद घटना में एक भारतीय दंपती और उनके दो बच्चों की उनके फ्लैट में आग लगने से मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह हादसा शुक्रवार रात को हुआ। परिवार उसी दिन केरल से छुट्टी मनाकर लौटा था।

द अरब टाइम्स अखबार की खबर के अनुसार, मैथ्यूज मुलक्कल, उनकी पत्नी लिनी अब्राहम और उनके दो बच्चे, शुक्रवार रात को अब्बासिया इलाके में अपने दूसरे मंजिल के फ्लैट में एयर कंडीशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग के कारण दम घुटने से मारे गए, यह घटना रात आठ बजे की है। इसमें कहा गया है कि ये सभी लोग अलप्पुझा के नीरत्तुपुरम के रहने वाले थे। अखबार ने कहा, परिवार केरल में छुट्टियां मनाकर कुवैत लौटा था, शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4 बजे के आसपास पहुंचा। मैथ्यूज मुलक्कल रॉयटर्स में काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी लिनी अल अहमदी गवर्नरेट के अदन अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके बच्चे कुवैत के भवन्स स्कूल में पढ़ते थे।

हूती विद्रोहियों का सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज पर हमला

सिंगापुर, एजेंसी

- अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला, लगी आग

हूती विद्रोहियों द्वारा कथित रूप से किए गए हमले में सिंगापुर के ध्वज वाला एक जहाज क्षतिग्रस्त हो गया। सिंगापुर के समुद्री और बंदरगाह प्राधिकरण (एमपीए) ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एमपीए ने बताया कि उसे सूचना मिली कि अदन की खाड़ी से गुजरने के दौरान कंटेनर जहाज लोबिविया पर हमला हुआ जिससे इसमें आग लग गई। इसने कहा कि हालांकि चालक दल ने आग को बुझा दिया।

चैनल न्यूज एशिया ने अधिकारियों का हवाला देते हुए बताया कि चालक दल में सिंगापुर का कोई नागरिक शामिल नहीं था और जहाज पर सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हूती विद्रोहियों के हमले के बावजूद जहाज सोमालिया के बरबेरा बंदरगाह पहुंचने में सफल रहा जहाँ जरूरत पड़ने पर क्षति का आकलन और मरम्मत का काम किया जाएगा। एमपीए ने कहा कि वह किसी भी तरह की आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए पोत प्रबंधक के संपर्क में है। सिंगापुर की नौसेना ने भी अदन की खाड़ी में अपने सुरक्षा साझेदारों को सहायता प्रदान करने के लिए सतर्क कर दिया है।

हूती विद्रोहियों के सैन्य प्रवक्ता प्रवक्ता ने टेलीविजन पर कहा कि समूह ने लोबिविया पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। ब्रिटेन के समुद्री व्यापार परिचालन निकाय ने बताया कि जहाज पर यमन के बंदरगाह शहर अदन से लगभग 83 समुद्री मील दक्षिण-पूर्व में दो मिसाइलों से दो बार हमला किया गया।

ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति सैयद ने उम्मीदवारी की घोषणा की

ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के राष्ट्रपति कैस सैयद ने दूसरे कार्यकाल के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। ट्यूनीशिया में अगला राष्ट्रपति चुनाव छह अक्टूबर को होगा। सईद ने अपने कार्यालय की ओर से जारी वीडियो संदेश में कहा, राष्ट्रीय मुक्ति की लड़ाई में लड़ाई जारी रखने के लिए मैं आधिकारिक तौर पर छह अक्टूबर के राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा करता हूं। सईद ने 25 जुलाई, 2021 को, सरकार को बर्खास्त कर दिया और संसद तथा ट्यूनीशिया की इस्लामिक पार्टी एन्नाहदा के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की पृष्ठभूमि के खिलाफ संसद को निलंबित कर दिया। राष्ट्रपति ने मार्च 2022 में, संसद को यह कहते हुए बर्खास्त कर दिया कि वह ऐसा सरकार और उसके संस्थानों की रक्षा के लिए कर रहे हैं।

कश्मीर में आतंकियों के पास से पहली बार हुई बरामद

क्यों खास है एयूजी राइफल

नई दिल्ली। कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा के पास गुरुवार को घुसपैठ कर रहे आतंकियों को जवानों ने ढेर कर दिया। इस हमले में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद हुई, जिसमें स्टेयर एयूजी राइफल भी थी जो पहली बार बरामद हुई है। आइए जानते हैं इस राइफल से जुड़े तथ्य।

कहा विकसित हुई : एयूजी राइफल एक विशेष शास्त्रशास्त्रीय और बदलावशील सर्वकलाईबर कार्बाइन है, जिसे ऑस्ट्रियन कंपनी स्टाइर आर्म्स ने विकसित किया था। इसे 1977 में ऑस्ट्रियाई सेना के लिए तैयार किया गया था और फिर इसका प्रयोग अन्य देशों की सेनाओं में भी किया गया है।

मुख्य विशेषताएंः ■ एयूजी राइफल की अनोखा विशेषता ये है कि सर्वकलाइबर है। इसका मतलब होता है कि इसे बदलावशील और सामान्य स्थिति में प्रयुक्त किया जा सकता है। जो विभिन्न परिस्थितियों के लिए अनुकूल है। ■ इस की डिज़ाइन अनूठी है, जिसमें फिबर रीइंफोर्स्ड प्लास्टिक का उपयोग कर बनाया गया है, जो इसे लाइटवेट और विशेष तौर पर ड्यूरेबल बनाता है। ■ बुलपप डिजाइन के साथ यह राइफल 5 .56 X 45 एमएम इंटरमीडिएट कारतूस के लिए बनाई गई है। गन का यूज न केवल दिन बल्कि रात में भी आसानी से किया जा सकता है। ■ बंदूक की मैगजीन की बात करें तो इसमें क्रमानुसार 9, 30 और 42 राउंड एक साथ फायर किए जा सकते हैं। ■ पुल थ्रू टिगर की एडवांस टेक्नॉलॉजी के साथ निर्मित।

नाइजीरिया ने मेटा पर 22 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया

अबुजा। नाइजीरिया की सरकार ने मेटा पर 22 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाने की शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि उसकी जांच में कंपनी को फेसबुक और व्हाट्सऐप से जुड़े देश के डेटा संरक्षण एवं उपभोक्ता अधिकार कानूनों का कई बार उल्लंघन करते पाया गया है। नाइजीरिया के संघीय प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संरक्षण आयोग के एक बयान में उन पांच तरीकों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनके जरिये मेटा ने पश्चिम अफ्रीकी देश में डेटा कानूनों का उल्लंघन किया है। इन तरीकों में बिना प्राधिकार के नाइजीरियाई लोगों के डेटा को साझा करना, उपयोगकर्ताओं को अपने डेटा के इस्तेमाल को निर्धारित करने के अधिकार से वंचित करना और भेदभावपूर्ण व्यवहार के साथ-साथ बाजार प्रभुत्व का दुरुपयोग करना शामिल है।

खगोल विज्ञान | चंद्रमा पर मानव मिशन को लेकर नासा की तैयारियां अंतिम चरण में, योजना के तहत पहले दो परीक्षण में मिली सफलता

अगले वर्ष तक आर्टेमिस मिशन 3 से चांद पर कदम रखेगा इंसान

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : पृथ्वी से मंगल पर इंसान को पहुंचाने के लिए नासा निर्धारित समय के अनुसार पहले मानव चरण में चंद्रमा पर पहुंचने की अंतिम तैयारियों में जुट गया है। नासा ने इसकी घोषणा कर दी है। अगले वर्ष के अंत तक मिशन को चांद की धरती पर अमली जामा पहना दिया जाएगा।

दरअसल मंगल पर मानव बस्ती बसाने के सपने को साकार करने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी प्रतिबद्ध है। योजना के तहत पहले दो परीक्षण में सफलता हासिल कर चुका है। अगले चरण में अंतरिक्ष यात्रियों की टीम को चंद्रमा पर उतारा जाना है। आर्टेमिस मिशन अपोलो के बाद चंद्रमा पर मानव को पहुंचाने वाला दूसरा मिशन होगा। इससे 50 वर्ष पहले नासा ने पहला मानव चांद पर पहुंचाया था।

अब आर्टेमिस 3 की तैयारी है। नासा ने आर्टेमिस टाइमलाइन की घोषणा की जनवरी में की थी। इससे पहले आर्टेमिस 1 ने मानव रहित परीक्षण उड़ान 2022 में सफलतापूर्वक पूरा किया था। अब आर्टेमिस 50 से अधिक वर्षों में चंद्रमा की कक्षा में जाने वाला पहला मानवयुक्त मिशन होगा। इसकी लॉन्चिंग तिथि सितंबर 2025 में घोषित की जाएगी। इसके पश्चात आर्टेमिस सितंबर 2026 में लॉन्च किया जाएगा। इसके बाद सितंबर 2028 में एक और मिशन लॉन्च किया जाएगा। नासा ने आधिकारिक बयान में कहा है कि नई तकनीक के जरिए इस आर्टेमिस मिशन की तैयारियां कर रहे हैं। अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा नासा की सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्योंकि हम भविष्य के आर्टेमिस मिशनों की तैयारी कर रहे हैं। आर्टेमिस 1 से हमने बहुत कुछ सीखा है, और इन शुरुआती मिशनों की सफलता हमारे सौर मंडल में मानवता के स्थान के बारे में हमारी पहुंच व समझ को आगे बढ़ाने के साथ वाणिज्यिक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी पर निर्भर करती है।

पृथ्वी जैसा ही मंगल ग्रह भी

नैनीताल : हमारा पड़ोसी ग्रह मंगल कई मायनों में पृथ्वी के समान है और कभी मंगल की धरती पर नदियां बहा करती थी और महासागर हुआ करते थे। वर्तमान में मंगल का वातावरण कई मायनों में पृथ्वी समान है। जिस कारण इस ठोस चट्टानी ग्रह पर खगोलविदों को मानव बस्ती बसाने की अधिक संभावना नजर आती है और नासा समेत स्पेस एक्स मंगल पर पहुंचकर अपना आधिपत्य जमाना चाहते हैं।

नासा का मिशन आर्टेमिस।

जेलेंस्की यूक्रेन पर चर्चा के लिए डोनाल्ड ट्रंप से सहमत

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर ज़ेलेंस्की ने शनिवार को कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने निजी बैठक में चर्चा करने के लिए सहमति जतायी है। जेलेंस्की ने कहा कि बैठक में यूक्रेन में शांति तक पहुंचने में उठाये जाने वाले महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा, हम पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के साथ एक व्यक्तिगत बैठक में इस संबंध में चर्चा करने के लिए सहमत हुए हैं कि स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में किस तरह से निष्पक्ष कदम उठाये जा सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि ट्रंप ने बार-बार दावा किया है कि अगर वह दोबारा चुने जाते हैं, तो वह रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष को तुरंत समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप वर्तमान में अमेरिका राष्ट्रपति होते तो यूक्रेन में संघर्ष कभी शुरू नहीं होता।

अगले हफ्ते से फिर चुनाव प्रचार करूंगा : बाइडन

वाशिंगटन, एजेंसी

- कुछ दिन पहले ही कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने उनके चुनावी दौड़ से बाहर होने की डेमोक्रेटिक पार्टी में बढ़ती मांग के बीच कहा कि वह राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे और अगले सप्ताह से प्रचार अभियान फिर शुरू करेंगे। बाइडन कोरोना वायरस संक्रमण की चपेट में हैं। कुछ दिन पहले ही उनमें कोविड-19 संक्रमण की पुष्टि हुई थी। उसके बाद से वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर पृथकवास में हैं।

बाइडन की ओर से शुक्रवार को उनके प्रचार अभियान दल ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया है, डोनाल्ड ट्रंप भविष्य को लेकर जो खतरनाक दृष्टिकोण रखते हैं, हम अमेरिकी वैसे नहीं हैं। एक पार्टी और एक देश के रूप में हम उन्हें चुनाव में हरा सकते हैं और हराएंगे। इस बयान के एक दिन पहले ही मिलवाउकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन में ट्रंप को औपचारिक रूप पार्टी का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया गया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। बाइडन ने कहा, मैं अगले हफ्ते फिर से चुनाव प्रचार अभियान शुरू करने के लिए उत्सुक हूं, ताकि डोनाल्ड ट्रंप के प्रोजेक्ट-2025 एजेंडे के जो खतरे हैं, उनके प्रति लोगों को आगाह कर सकूं।